खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 18°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 14 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सैनिकों को मिले सम्मान जिसके हैं वे हकदार: राहुल गांधी पेज 2



पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा खेल टाइम्स



सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार सम्पादकीय



अमेरिका ने जमीनी हमला किया, तो कोई जिंदा नहीं बचेगा : ईरान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी समेत पांच राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पांच राज्यों में अगले तीन दिन मौसम में बदलाव रहेगा। मध्य प्रदेश के 30 और उत्तर प्रदेश के 40 जिलों में बारिश का अलर्ट है। बुधवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ और अमेठी समेत 20 शहरों में बारिश हुई। दिल्ली में गुरुवार सुबह बादल छाए रहे। इधर, राजस्थान में 2 अप्रैल से फिर एक नया वेदर सिस्टम एक्टिव होगा। इससे एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने का अलर्ट है। राज्य में पिछले 24 घंटे में 10 जिलों के मौसम में दोपहर बाद बदलाव देखने को मिला। हरियाणा में बारिश और ओले गिरने से 7 जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा। वहीं 100 गांवों में गेहूं, सरसों और चने की खड़ी फसलें खराब हो गईं। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग की सोनप्रयाग घाटी में ओले गिरे और केदारघाटी में बारिश हुई।

### जग्गी हत्याकांड: अजीत जोगी का बेटा अमित दोषी करार

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को दोषी करार दिया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने उन्हें तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। सीबीआई के साक्ष्य को स्वीकार करते हुए फैसला सुनाया गया है। वहीं फैसले पर अमित जोगी ने कहा कि हाईकोर्ट ने पूरी सुनवाई का मौका दिए बिना उन्हें दोषी ठहरा दिया, जो उनके लिए अप्रत्याशित है। उन्होंने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है। सुनवाई के दौरान सतीश जग्गी ने कोर्ट को बताया कि उनके पिता की हत्या एक राजनीतिक साजिश के तहत कराई गई थी। सीबीआई ने 11 हजार पन्नों की चार्जशीट पेश की थी, जिसमें हत्या से जुड़े पर्याप्त साक्ष्य शामिल हैं। इन तथ्यों के आधार पर हाईकोर्ट ने सीबीआई की अपील स्वीकार करते हुए अमित जोगी को सरेंडर करने का आदेश दिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट में एएनआई- ओपन एआई केस का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एएनआई और ओपन एआई से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एएनआई ने ओपन एआई पर चैटजीपीटी को ट्रेन करने के लिए उसकी खबरों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है। एएनआई का आरोप है कि ओपन एआई ने वेब टूल्स के माध्यम से उसका कंटेंट इकट्ठा किया और बिना परमिशन- भुगतान उसकी खबरों का इस्तेमाल कर चैटजीपीटी को ट्रेन किया। एएनआई के मुताबिक यह फेयर डीलिंग के नियमों में नहीं आता, क्योंकि इसका उपयोग कमाई और व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। ओपन एआई ने आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि सिस्टम सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी से पैटर्न सीखता है। मॉडल पूरा आर्टिकल कॉपी नहीं करता। ओपन एआई ने कहा कि आगे की ट्रेनिंग के लिए एएनआई की वेबसाइट ब्लॉक कर दी गई है। इस मामले का सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय कानून में फेयर डीलिंग की सही व्याख्या है।

# मालदा मामले पर CJI सख्त

### एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया

### पूछा: मालदा के डीएम-एसपी क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती देने जैसा, बंगाल सरकार को भी लगाई फटकार, वरिष्ठ अफसरों को नोटिस जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया में तैनात न्यायिक अधिकारियों के साथ हुई हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाओं पर गंभीर रुख अपनाया है। इसे ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर' और न्यायालय के अधिकार को चुनौती करार दिया।

इस मामले पर चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के डीएम और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी की। न्यायालय ने राज्य में बुधवार को हुई घटनाओं के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिले खत के आधार पर इस मामले को बेहद जरूरी बताते हुए संज्ञान में लिया।सीजेआई सूर्यकांत ने पूछा कि दोनों अधिकारी मौके पर क्यों नहीं पहुंचे। सात न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे तक बंधक बनाकर रखे जाने का ये मामला बेहद गंभीर है।



सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती कराए। कोर्ट ने सभी स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, आम लोगों की आवाजाही सीमित करने और अधिकारियों और उनके परिवारों को किसी भी खतरे का तत्काल आकलन करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि ये मामला अदालत को चुनौती देने जैसा है। कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार को भी फटकार लगाई। सीजेआई ने कहा कि मालदा में हुई हिंसा की घटना न्यायपालिका पर दबाव बनाने के साथ-साथ कानून-व्यवस्था को भी चुनौती देने की तरह है। कोर्ट ने न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने के मामले में सरकार के रवैये को लचर बताया और कहा कि इस मामले में तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की गई। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस घटना को न्याय प्रशासन में बाधा डालने की सुनियोजित और दुस्साहसी कोशिश करार दिया। कोर्ट ने कहा कि सात न्यायिक अधिकारियों, जिनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं, को घंटों तक बिना सुरक्षा, भोजन और पानी के छोड़ दिया गया, जबकि राज्य प्रशासन को पहले से सूचना दी गई थी। अदालत ने इस मामले में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों- मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनके रवैये को बेहद निंदनीय बताते हुए पूछा है कि समय रहते प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए गए।

### कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपील किए जाने के बाद अफसरों को मुक्त कराया जा सका

**नई दिल्ली।** तीन महिला अधिकारियों सहित 7 न्यायिक अधिकारी मालदा जिले के एक गांव में एसआईआर न्यायिक- निर्णय संबंधी कार्यों को पूरा कर रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। इन अधिकारियों को दोपहर 3:30 बजे से आधी रात तक बंधक बनाकर रखा गया और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा राज्य प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील किए जाने के बाद ही उन्हें मुक्त कराया जा सका। पीठ ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का सभी पक्षों द्वारा स्वागत किया जाना चाहिए, क्योंकि वे तटस्थ एजेंट के रूप में कार्य करते हैं, लेकिन अब उन्हें भी हमलों से नहीं बख्शा जा रहा है।

# बंगाल में मतदाता सूची पर बवाल मालदा में विरोध प्रदर्शन जारी

### ईसी अफसरों पर आरोप, वैध कागज पर भी काट रहे नाम



कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** के मालदा में गुरुवार सुबह से एक नया विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस बार पुराने मालदा ब्लॉक के मंगलबाड़ी इलाके में। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनके कई नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

गुरुवार को रात में कुछ घंटों के लिए खोले जाने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को फिर से अवरुद्ध कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने टायरों में आग लगा दी और सड़क को बांस से अवरुद्ध कर दिया। स्थिति पर नजर रखने के लिए मालदा पुलिस स्टेशन की पुलिस टीमों और सीएपीएफ के जवानों को नाकाबंदी स्थल पर तैनात किया गया है। बुधवार को कालियाचक प्रदर्शन में उठाई गई मांगों को लेकर गुरुवार को पुराने मालदा ब्लॉक में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सभी वैध दस्तावेज होने के बावजूद मतदाता सूची से उनके नाम हटाए जाने के विरोध में वे प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही मालदा के विभिन्न इलाकों में लोग अपने नाम हटाए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग काफी देर तक अवरुद्ध रहा और न्यायिक अधिकारियों को भी घेर लिया गया। बाद में देर रात उन्हें रिहा कर दिया गया। बुधवार रात को मालदा के कालियाचल में जमा हुई भीड़ सुबह से वहां नजर नहीं आई। लोग सुबह से सड़कों पर निकलने भी लगे हैं। हालांकि, दबा हुआ तनाव अभी भी बरकरार है। गुरुवार सुबह से ही उन इलाकों में पुलिस ने चौकियां लगा रखी हैं, जहां रात में विरोध प्रदर्शन हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 और मालदा-मोथाबारी राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई हैं। इलाके में सुबह से ही पुलिस की मौजूदगी साफ तौर पर देखी जा सकती है। पुलिस के मुताबिक, खुफिया शाखा को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

- राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 को जाम कर प्रदर्शनकारियों ने टायरों में लगाई आग
- प्रदर्शन के मद्देनजर राज्य राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर पुलिस की चौकियां स्थापित की गई

# आई-पीएसी के दिल्ली बेंगलुरु व हैदराबाद के ठिकानों पर ईडी की रेड

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई-पीएसी के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है।

कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई-पीएसी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई-पीएसी और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपये के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में सीबीआई ने 27 नवम्बर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपये से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई-पीएसी के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था।

- कोयला घोटाले से जुड़ा मामला, कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

### पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट का निर्णय

**नई दिल्ली।** सरकार ने ईरान की लड़ाई और उसके परिणामस्वरूप वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधानों को देखते हुए 30 जून, 2026 तक महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि घरेलू उद्योग के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल सामग्री की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और उनको कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल करने वाले क्षेत्रों पर लागत के दबाव को कम करने और देश में आपूर्ति स्थिरता को सुरक्षित रखने के लिए यह उपाय एक अस्थाई और लक्षित राहत के रूप में लागू किया जा रहा है। सरकार के अनुसार इस छूट से पेट्रो रासायनिक कच्चे माल और मध्यवर्ती पदार्थों पर निर्भर विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 38424 करोड़ के सर्वोच्च स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार एक वक्तव्य में कहा कि यह राशि पिछले वित्त वर्ष के 23,622 करोड़ रुपये के आंकड़े से 14,802 करोड़ रुपये (62.66 प्रतिशत) अधिक है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों और निजी क्षेत्र का योगदान क्रमश: 54.84 प्रतिशत और 45.16 प्रतिशत रहा है।



- 62.66 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी

मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रक्षा उद्योग की यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विश्व के शीर्ष रक्षा निर्यातकों में स्थान दिलाने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन विभाग, भारतीय रक्षा निर्यातकों और अन्य सभी हितधारकों के इस अनुकरणीय प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा है कि भारत रक्षा उपकरणों का वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायक नेतृत्व में भारत रक्षा निर्यात में प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है।

### बीओआई के पूर्व प्रबंधक व सहयोगी को 7 साल की सजा

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के भोपाल में केंद्रीय जांच ब्यूरो की एक विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) के पूर्व वरिष्ठ शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को सात साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने जेल की सजा सुनाते हुए दोनों आरोपियों-पीयूष चतुर्वेदी (जो उस समय बीओआई की मिसरोद शाखा, भोपाल के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक थे) और मोहन सिंह सोलंकी (एक निजी व्यक्ति) पर 60,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 2016 में बीओआई के क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के तत्कालीन उप क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा दायर एक लिखित शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था।

# युद्ध के चलते तेजस के इंजन की सप्लाई रुकी

### अमेरिकी कंपनी को डिलीवरी देनी है, अब साल के अंत में आएंगे इंजन

शा ह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मिडिल-ईस्ट में चल रहे युद्ध के कारण भारत के बहुप्रतीक्षित लड़ाकू विमान तेजस के इंजन की सप्लाई रुक गई है। इन विमानों के इंजन सप्लाई करने वाली अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को कह दिया है कि अभी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि अब साल के अंत तक ही इंजन मिलने की उम्मीद है।

एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का वादा किया था, लेकिन, एचएएल में खड़े 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे हैं। जबकि 5 विमान पूरी तरह तैयार हैं। 19 विमानों के एयर फ्रेम भी तैयार हैं। यदि आपूर्ति बहाल होती है तो इस साल 24 और अगले साल तक 30 इंजन मिल जाएंगे। 9000 करोड़ की 113 इंजनों की डील पर कंपनी आगे बढ़ पाएगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने करीब 5 महीने पहले अमेरिकी



कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की थी। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1। खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1। लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1। के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1।, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है। इसे एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) और डीआरडीओ की मदद से बनाया गया है। इसे हवा, पानी और जमीन पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। यह मुश्किल हालात में भी अपने टारगेट को निशाना बना सकता है। मार्क-1। एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े का रिप्लेसमेंट है। मिग-21 26 सितम्बर को रिटायर हो चुका है। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

- एचएएल ने मार्च 2026 तक 24 तेजस विमान वायुसेना को देने का किया था वादा
- 9 तेजस एमके 1ए विमान इंजन के अभाव में वायुसेना को नहीं मिल पा रहे

# शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन किए जाने की जरूरत: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के साथ सार्वजनिक सेवाओं के तालमेल की आवश्यकता पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को निरंतर अद्यतन करते रहना होगा।

श्री मोदी ने गुरुवार को क्षमता निर्माण आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर कर्मयोगी साधना सप्ताह को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कर्मयोगी साधना सप्ताह, यह सुनिश्चित करने के प्रयास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है कि हमारी सार्वजनिक सेवा 21वीं सदी में प्रासंगिक और उत्तरदाई बनी रहे। श्री मोदी ने मौजूदा शासन के मार्गदर्शक सिद्धांत पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि प्रशासन का मूल मंत्र नागरिक देवो भव: है, जिसका अर्थ है नागरिक को सर्वोपरि मानना। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोक सेवा को अधिक सक्षम और नागरिकों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन को सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर उसे एक नई पहचान दी जा रही है।

- कहा: भारत तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से प्रगति कर रहा

## एक नजर

### लालपुर में जल अर्पण समारोह



**नांगल सोती।** ग्राम लालपुर मान में ग्राम प्रधान और जल निगम के अधिकारियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण समारोह आयोजित किया। इस दौरान अधिकारियों ने पानी की गुणवत्ता के बारे में ग्रामीणों को बताया, इसके साथ ही उन्होंने पानी में होने वाले हानिकारक फ्लोराइड के बारे में ग्रामीणों को समझाया। अधिकारियों ने कार्यक्रम में बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीणों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए लालपुर मान में नजीबाबाद ब्लाक की पहली की पानी की टंकी तैयार कर दी है, जो पूर्ण रूप से संचालन में है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान गीता देवी, पूर्व ग्राम प्रधान शिवध्यान सिंह, विद्या टेलीलिंक लिमिटेड के सीनियर जीएम विजेंद्र कौशिक, जल निगम एसिस्टेंट इंजी.अक्षय कुमार, अवर अभियंता मौहम्मद अली, सुनील कुमार, सुलभ त्यागी, सुहेल और ग्रामवासी मौजूद रहे।

### आरएसएम के शिक्षकों का ग्रामीण दौरा



**धामपुर।** विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अनिल कुमार देवरा के नेतृत्व में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों से संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया। शासन द्वारा एक अप्रैल 2026 से नवीन सत्र प्रारंभ होने के उपरांत आज विद्यालय के शिक्षकों द्वारा ग्राम नौरंगाबाद, अल्हैपुर, मिल्क, पूरनपुर, भज्जा वाला, आदि गांव में संपर्क करके विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए तथा जो छात्र प्रवेश लिए हैं, उनको विद्यालय में नियमित आने के लिए छात्रों से तथा उनके अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय आने की अपील की गई। विद्यालय में अप्रैल माह में कक्षा 9 के छात्रों की जूनियर डिवीजन एन सी सी की भर्ती होनी है तथा कक्षा 10 का रिजल्ट आने के बाद सभी छात्रों एवं छात्राओं से कक्षा 11 में प्रवेश लेने की अपील की गई है क्योंकि एनसीसी सीनियर डिवीजन में 160 वैकेंसी है और उनकी भर्ती बटालियन द्वारा अप्रैल माह के अंत तक कर दी जाएगी। जो छात्र विद्यालय में विलंब से प्रवेश पाएंगे उन्हें सीनियर डिवीजन में भर्ती करना मुश्किल होगा। विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा छात्र एवं छात्राओं का शिक्षण कार्य कराया जाता है तथा अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। भ्रमण के दौरान राजेंद्र सिंह, शांति प्रकाश, रणजीत सिंह, गौरव शर्मा, देवानंद राय, चेतन कुमार, मुकेश कुमार, अतुल कुमार, अरविंद कुमार तथा विनोद कुमार जिला मंत्री सम्मिलित रहे।

### चार बकरियों सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**स्योहारा।** ग्राम पिलखपुर नई बस्ती निवासी नदीम पुत्र मौहम्मद उमर ने थाने में दी तहरीर में अज्ञात चोरों द्वारा उसकी चार बकरियां चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी यूनुस पुत्र बुंदू निवासी मौहल्ला शेखान कस्बा व थाना शेरकोट तथा नासिर पुत्र अमीर अहमद निवासी मौहल्ला नौदना, थाना शेरकोट को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई चारों बकरियां बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक समय पाल, उपनिरीक्षक प्रमोद शर्मा, उपनिरीक्षक शिवा नेन, हेड कांस्टेबल नीतू राणा एवं कांस्टेबल अमजद सहित पुलिस टीम मौजूद रही।

### भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की विनियमन समीक्षा समिति के अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम में संशोधन कर दिया गया है, समिति अब नौ अप्रैल, 2026 को जनपद–मुजफ्फरनगर से सड़क मार्ग द्वारा जिला बिजनौर पहुंचेगी तथा रात्रि विश्राम करेगी। उन्होंने बताया कि अगले दिन अर्थात 10 अप्रैल, 2026 को पूर्वाह्न में अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में भ्रमण व विचार–विमर्श करने के पश्चात् बिजनौर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। तत्पश्चात् सड़क मार्ग द्वारा जनपद–अमरोहा के लिए प्रस्थान करेगी।

### सुंदरकांड का पाठ का आयोजन

**शेरकोट।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर स्थित बाबा भारती मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। मंदिर को फूल–मालाओं और आकर्षक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। कार्यक्रम के दौरान रेखा रस्तौगी, उर्मिला गहलोत, ऊषा भारद्वाज, नीलू, डौली, शीतल और नीलम शर्मा सहित कई महिलाओं ने एक स्वर में सुंदरकांड का पाठ किया। उनके मधुर स्वर और भक्ति भाव ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान भगवान हनुमान के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

# आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा

## खण्ड शिक्षा अधिकारियों, एडीओ पंचायत तथा सीडीपीओ का स्पष्टीकरण तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सीडीओ रणविजय सिंह ने आकांक्षात्मक विकास खंडों में स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कायाकल्प कार्यक्रम पोषण वितरण तथा शौचालय निर्माण एवं मरम्मत के कार्य में लापरवाही बरतने पर ब्लॉक कोतवाली एवं नजीबाबाद के बीडीओ, एडीओ पंचायत तथा सीडीपीओ का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉक को विकसित करने के लिए शासन बेहद गंभीर है। इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। लापरवाही संज्ञानित होने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार विकास भवन में अपने कार्यालय में आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीडीओ रणविजय सिंह ने बताया कि आकांक्षात्मक विकास खंडों का अनुश्रवण करने के लिए नीति आयोग एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित विषयागत क्षेत्रों चिकित्सा, कुपोषण, शिक्षा, स्वच्छता सहित वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, आधारभूत अवसंरचना के अंतर्गत इंडीकेटर्स निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने चयनित विकास खंडों के विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ निर्धारित मानव को के अनुरूप पहुंचने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि 10 अप्रैल तक शासन द्वारा निर्धारित इंडिकेटर के अनुसार सभी कार्य पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आगामी 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में किसी भी इंडिकेटर के मानक के अनुरूप कार्य न पाए जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को शासन की नीति के अनुरूप आकांक्षात्मक विकास खंड में विकास कार्य को पूरा करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए भारत सरकार द्वारा चयनित कोतवाली एवं नजीबाबाद विकास खंडों को आकांक्षात्मक जनपदों के भांति विकसित किया जाना है तथा विभागीय अधिकारी आकांक्षात्मक विकास खंड से सम्बंधित प्रत्येक संकेतांक/इंडीकेटर्स की प्रगति राज्य के औसत प्राप्तांक के अनुसार करना सुनिश्चित करें तथा इसका नियमित रूप से प्रभावी अनुश्रवण करते हुए शत- प्रतिशत प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद का समग्र रूप से विकास हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रगति राज्य औसत से कम अथवा गुणात्मक प्रगति नहीं होती है, तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की वे पूर्ण मनोयोग के साथ समस्त इंडीकेटर्स में प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर उपायुक्त एनआरएलएम योगेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन सचान, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल चौबे सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# अभय प्रताप का जोरदार स्वागत

## पिता का सपना पूरा करने के लिए चुना सिविल सेवा का रास्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मटौरा निवासी अभय प्रताप सिंह ने उ.प्र.लोक सेवा आयोग (यूपीपीसीएस) परीक्षा में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद जब अभय अपने गांव पहुंचे, तो उनके स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा। ढोल-नगाड़ों की गूंज और फूल-मालाओं के साथ ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।



अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता पुलिस विभाग में दरोगा हैं और बचपन से ही उनका एक सपना था कि एक दिन उनके पिता उन्हें सलाम करें। इसी भावना ने उन्हें सिविल सेवा की ओर प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यूपीपीसीएस ही एक ऐसा माध्यम है, जहां यह सपना सच हो सकता है, इसलिए उन्होंने इसी दिशा में मेहनत की।

अभय ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के अन्य सदस्यों को दिया। उनकी माता अनुराधा गांव की प्रधान हैं, जबकि पिता गाजियाबाद में दरोगा के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि कठिन समय में परिवार उनके लिए मजबूत स्तंभ साबित हुआ।

शिक्षा के दौरान अभय शुरू से ही मेधावी रहे हैं। सरस्वती विद्या मंदिर धामपुर से पढ़ाई करते हुए उन्होंने इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश के टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया था। उन्होंने बताया कि अपने सीनियर्स को देखकर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। तैयारी को लेकर अभय ने कहा कि यह पूरी तरह छात्र की समझ और जरूरत पर निर्भर करता है कि वह कोचिंग ले या ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई करे। उन्होंने स्वयं कोचिंग और ऑनलाइन दोनों का सहारा लिया और एनसीईआरटी पुस्तकों को अपनी तैयारी का आधार बनाया। अभय ने यह भी बताया कि जीवन में निराशा हर किसी के सामने आती है, लेकिन उनके पास ऐसे लोग थे जिन्होंने हर कठिन समय में उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपनी सफलता में भगवान के आशीर्वाद और विशेष रूप से श्रीराम चरितमानस के अध्ययन को महत्वपूर्ण बताया।

साक्षात्कार के दौरान उन्होंने रामायण की चौपाइयां सुनाईं और बताया कि खाली समय में वे रामचरितमानस का अध्ययन करते हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का टर्निंग प्वाइंट बताया, जिससे उनके व्यक्तित्व और सोच पर गहरा प्रभाव पड़ा।

गांव पहुंचने पर अभय का स्वागत देखने लायक था। गांव के मोड़ से लेकर गलियों तक ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाला गया और ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस दौरान पूरा गांव गर्व और खुशी से सराबोर नजर आया।

उनकी इस उपलब्धि पर जहां गांव में खुशी की लहर है, वहीं उनके पिता ने भावुक होकर कहा कि आज ऐसा लग रहा है जैसे मैं स्वर्ग में हूं। अभय की सफलता से प्रेरित होकर क्षेत्र के युवाओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। इस दौरान अभय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

# पाइप लाइन से सड़क धसने का अंदेशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्जुन सिंह सालान के नेतृत्व में किसानों ने डीएम जसजीत कौर को ज्ञापन सौंप कर मंडावर से बादशाहपुर जाने वाली सड़क के किनारे डाली गई पाइप लाइन को हटाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि उक्त सड़क का निर्माण धामपुर डिवीजन (लोक निर्माण विभाग) द्वारा कराया गया था, लेकिन कुछ दबंग लोगों ने सड़क किनारे खुदाई कर लगभग 500 मीटर लंबी पाइप लाइन डाल दी है। किसानों का कहना है कि आने वाले रसात के मौसम में इससे सड़क धसने की आशंका है, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती है। उन्होंने इसे लोक निर्माण विभाग एक्ट के भी विपरीत बताया। किसानों ने बताया कि इस संबंध में धामपुर डिवीजन (लोक निर्माण विभाग) में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने डीएम से मामले की जांच कर पाइप लाइन को तत्काल हटवाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि पांच अप्रैल 2026 तक पाइप लाइन नहीं हटाई गई, तो 6 अप्रैल से राष्ट्रीय किसान यूनियन धामपुर डिवीजन कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेगी।

# आरजेपी प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन की भव्य विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की 62 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों एवं स्टाफ ने प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल एवं उनकी धर्मपत्नी कुसुम लता को फूल माला पहनकर स्वागत किया।



**फूलमाला पहनाकर किया स्वागत**

इस मौके पर मुरादाबाद लोकसभा सांसद कुंवरानी रुचि वीरा ने कहा सेवा काल में आपने सिर्फ अपना करियर ही पूरा नहीं किया, बल्कि सम्मान और कृतज्ञता की एक विरासत भी छोड़ी है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रबंधक कुंवर उदयन वीरा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सार्थक जीवन जीने का पुरस्कार है। आपका आने वाला समय आपके और आपके परिवार के लिए खुशियों भरा हो।

वरिष्ठ सपा नेता खुशनूद खां ने बधाई देते हुए कहा कि आपने सामंजस्य स्थापित कर विद्यालय की सभी गतिविधियों को अच्छे ढंग से पूर्ण किया है।

इस मौके पर जय करन यादव, जितेंद्र कुमार, निशांत यादव, वीरेंद्र कुमार, शबा खान, प्रवीण गुप्ता, गिरिराज सिंह, राजीव थॉमस, वाजिद हुसैन, गिरिराज सिंह, वाजिद हुसैन, डा. महेंद्र सिंह कौरव, कौशल, अथर, संगीता गुप्ता, डा. निर्मल शर्मा, रघुवीर सिंह बेधड़क, सुखराम सिंह, अतर सिंह, राकेश कुमार, राजेंद्र सिंह, जगदीप सिंह, गयूर आसिफ, बालेश कुमार, सुधांशु वत्स, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, बृजेश कुमार, नरेंद्र कुमार, चंद्रहास सिंह, अतुल कुमार रस्तोगी, विनोद कुमार यादव, भूपेंद्र पाल सिंह, तेजपाल सिंह, प्रदीप कुमार, करनवीर सिंह, डा. सुनील कुमार, विरेंद्र कुमार, मौहम्मद अनस, जितेंद्र कुमार, वाजिद हुसैन, नरेश कुमार, विनीत कुमार गहलोत, धैर्य चौधरी, चारू, गुरशरण सिंह, छोटे लाल, अशोक कुमार, रविंद्र प्रताप, अभिषेक कुमार, कृष्णावती, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार यादव ने किया।

## एक नजर

### सांप का सफल रेस्क्यू



**नहटौर।** ग्राम फुलसंदा में मानव कुमार शर्मा के घर में सांप देखते ही परिवार के सदस्य घबरा गए। उन्होंने तत्काल सर्प मित्र बी. भास्कर को सूचना दी। सर्प मित्र बी. भास्कर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बड़ी सावधानी और कुशलता से सांप को पकड़ा और सुरक्षित जार में बंद कर दिया। इसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली। बी. भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सांप चेकर्ड कीलबैक प्रजाति का था, जो जहरीला नहीं होता है। सांप को बाद में सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस दौरान सर्प मित्र बी. भास्कर ने ग्रामीणों को सांपों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सांप पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और चूहों की आबादी को नियंत्रित करते हैं। गर्मी बढ़ने के कारण सांप ठंडी जगहों की तलाश में घरों में घुस सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि सांप दिखाई देने पर उसे मारने का प्रयास न करें, बल्कि तुरंत वन विभाग या किसी अनुभवी सर्प मित्र को सूचित करें।

### ई-रिक्शा ने साइकिल सवार को मारी टक्कर



**नहटौर।** ग्राम मेहरपुर के पास एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिसमें साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान ग्राम मेहरपुर निवासी उमेश कुमार के रूप में हुई है। पीड़ित उमेश कुमार के अनुसार जब वह साइकिल से घर लौट रहा था, तभी ग्राम मेहरपुर के पास एक ई-रिक्शा चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। घायल उमेश कुमार ने ई-रिक्शा चालक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि टक्कर के बाद जब उन्होंने विरोध किया, तो चालक ने उनके साथ गाली-गलौच की और मारपीट भी की। इस घटना से आसपास के लोगों में रोष है। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल उमेश को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### श्री हनुमान जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**नजीबाबाद।** ग्राम गंगूवाला बसी में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना की गई। कार्यक्रम अनिल कुमार और उनकी धर्मपत्नी ने साथ मिलकर संपन्न कराया। सुबह नौ बजे पंडित दीपक कुमार शर्मा द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान हवन में अनिल कुमार नामदेव पुत्र रामकिशन नामदेव, सुनील कुमार, राजेश नामदेव, रमेश चंद, अनुज कुमार, कांता रानी, मदन गोपाल टोंक, सुशील कुमार, मनोज कुमार, मदनपाल, दीपमाला, हीरा सिंह, नितिन शंकर, तरुण शंकर, सिद्धांत, कृष्ण कुमार आदि के द्वारा हवन में आहुतियां दी गई। इस अवसर पर श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान विशाल भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### रोडवेज बस की ट्रैक्टर ट्राले से टक्कर

**नांगल सोती।** बीती रात करीब नौ बजे बिजनौर डिपो की एक रोडवेज बस हरचंदपुर की ओर से चंदक की दिशा में जा रही थी। बस गांव हरचंदपुर निवासी मनोज कुमार चालक चला रहा था। नांगल- चंदक मार्ग पर गांव कामराजपुर में बस ने सामने से आ रहे एक गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राले में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक मनोज कुमार घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से चालक को बिजनौर अस्पताल भेजा।

### श्रद्धा के साथ निकाली शोभायात्रा

**नजीबाबाद।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर नजीबाबाद में श्रद्धा और उल्लास के साथ शोभायात्रा निकाली गई। ढोल- नगाड़ों और भजनों की गूंज के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण हनुमान का सजा-धजा डोला रहा। साथ ही सुंदर-सुंदर झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन और स्थानीय भक्त मंडलियां शामिल हुईं। बाजारों और मुख्य मार्गों पर फूलों की बारिश और जयकारों के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। जिससे पूरे नगर में भक्तिमय माहौल बन गया। शोभायात्रा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन शिव मंदिर से हुआ। नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए शोभायात्रा चौक बाजार होते हुए श्री बालाजी मंदिर मालन नदी पर जाकर संपन्न हुई।

# सरकारी मदरसों में मिड-डे मील योजना की जांच की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सहायता प्राप्त मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमित. ताओं की जांच के आदेश के बाद इसकी कवायद तेज हो गई है। यह जांच प्रदेश के सभी 558 सरकारी अनुदान प्राप्त मदरसों में कराई जाएगी।

मिड-डे मील प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी द्वारा 23 मार्च को जारी पत्र के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि योजना के क्रियान्वयन से जुड़ी शिकायतों की जांच कर जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस पत्र के साथ 30 जनवरी को यूपी ऑल इंडिया पसमान्दा मंच की ओर से दी गई शिकायत भी संलग्न की गई है, जिसमें विभिन्न जिलों के मदरसों में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आदेश की पुष्टि करते हुए कहा कि सरकार को शिकायतें मिली हैं कि मदरसों में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि मदरसों के बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें बेहतर शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन भी मिले। मंत्री ने कहा कि यदि मिड-डे मील योजना में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार पाया जाता है, तो यह सरकार की मंशा के विपरीत है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बलरामपुर के तीन सहायता प्राप्त मदरसों-मदरसा आयशा सिद्दीका, मदरसा दारुल उलूम फारूकिया और मदरसा फजले रहमानिया-में लगभग 8 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबंध में 26 नवम्बर 2025 को कोतवाली नगर थाने में 44 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिनमें से 12 की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। मामले के सामने आने के बाद तीनों मदरसों के प्राचार्यों को निलंबित कर दिया गया। इसके अलावा, बाराबंकी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा जुलाई 2025 में कुछ मदरसों में मिड-डे मील योजना के क्रियान्वयन न होने पर नोटिस भी जारी किया गया था।

# आप ने राघव चड्ढा को राज्यसभा उपनेता पद से हटाया

**नई दिल्ली।** राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा उपनेता के पद से हटा दिया। उनकी जगह पार्टी ने अशोक मित्तल को इस पद की जिम्मेदारी दी है। पार्टी के इस फैसले पर संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। जब मीडिया ने संजय सिंह से इसको लेकर सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि जो भी बताना था वो राज्यसभा सचिवालय बता दिया है। राज्यसभा सचिवालय को पार्टी का जो फैसला था उससे अवगत करा दिया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को लिखे पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि राघव चड्ढा को संसद में बोलने के लिए समय आवंटित न किया जाए। इसके साथ ही आप ने राज्यसभा सचिवालय से आग्रह किया है कि सांसद राघव चड्ढा की जगह सांसद अशोक कुमार मित्तल को राज्यसभा में पार्टी का डिप्टी लीडर नियुक्त किया जाए। अशोक कुमार मित्तल ने इस बदलाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पार्टी में बदलाव एक निरंतर प्रक्रिया है। पहले एनडी गुप्ता उपनेता थे, फिर राघव जी ने पदभार संभाला और अब मुझे यह जिम्मेदारी दी गई है।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के देहरादून स्टेशन पर पार्किंग के कार्य को IREPS के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in पर दिनांक 23.04.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1118/2026 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/C/मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**प्रस्ताव के लिये अनुरोध**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर स्थानों का अधिकतम व्यावसायिक दोहन हेतु परामर्श प्रदान करने हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) दिनांक 24.04.2026 को 15:00 बजे तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की गई है। संपूर्ण जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

1119/2026 कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग/मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-28 दिनांक: 01-4-2026

| | |
|---|---|
| विभाग :- | Electrical (TRD) |
| टेंडर न.:- | T-16-TRD-MB-25-26-II |
| कार्य का नाम :- | मुरादाबाद डिवीजन के बुंदकी, हापुड़, इकबालपुर, डबतारा, हकीमपुर और चंदौसी स्टेशनों पर रेलवे माल गोदामों से संबंधित टी०आर०डी का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय -: | 23-04-2026,15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (र):- | ₹ 73,44,062.94/- (Including GST@18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹):- | ₹ 1,46,900/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹):- | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन):- | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि:- | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. 1101/2026 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तालिब बंधु प्रकरण में शुरू से आवाज उठा रहे शमशाद अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व चेयरपर्सन पति व विभिन्न सामाजिक व व्यापारिक संगठनों से जुड़े शमशाद अंसारी ने तालिब बंधु प्रकरण में शुरूआत से ही एक जिम्मेदार प्रतिनिधि की भूमिका निभाई है। उन्होंने न तो विवाद को बढ़ाने वाला कोई काम किया और न ही तालिब बंधुओं का साथ छोड़ा।



पूर्व में जब विवाद हुआ था, तो शमशाद अंसारी सबसे पहले मौहल्ला चाहशीरी में उनके निवास पर पहुंच गए थे। जमानत के बाद जब तालिब बंधु अपने निवास पर पहुंचे थे, तो राजनीतिक दबाव में पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए पहुंच गई थी। मगर शमशाद अंसारी ने चट्टान की तरह तालिब बंधुओं के साथ खड़े रह कर उनका साथ दिया था और इसी का परिणाम था कि तालिब बंधुओं को शहर कोतवाली ले जाए बिना पुलिस बैरंग लौट गई थी। कल हुए फिर नए घटनाक्रम के बाद शमशाद अंसारी ने जिम्मेदार प्रतिनिधि की भूमिका निभाई। उन्होंने सभी से कानून का सम्मान करने और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने तालिब बंधुओं का एक पैर से खड़े होकर साथ देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने न तो किसी तरह की बयानबाजी की और न ही विवाद को भड़काने वाला काम किया और न ही कोई बयान दिया। तालिब बंधुओं ने भी इतना उत्पीड़न होने के बावजूद किसी भी स्थिति में विवाद न करने की ठान रखी थी। मगर कल भाजपाईयों के वहां पहुंच जाने से विवाद हो गया था।

### राजनीतिक बयानबाजी कर नहीं बिगाड़ा माहौल

# तालिब, खालिद व आबिद को आज नहीं मिली जमानत

### देर रात गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एसीजेएम सप्तम ने तालिब, खालिद व आबिद को आज जमानत नहीं दी। कल (आज) फिर इस मामले में सुनवाई होगी। तीनों भाईयों को जेल भेज दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कल हुए घटनाक्रम के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से हरी झंडी मिलने के बाद पूर्व सांसद भारतेन्द्र के करीबी स्थानीय मौहल्ला भाटान निवासी तुषार मलिक पुत्र राजकुमार की तहरीर पर खालिद, आबिद व तालिब पुत्रगण मौहम्मद ताहिर निवासीगण नया मछली बाजार व 10-12 अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके पर मौजूद लोकसेवक के कार्य में बाधा डालने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई। मुकदमा अपराध संख्या 254/2026 के अंतर्गत बीएनएस की धारा 109 (1), 132, 191 (2), 351 (2) व 352 के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मौहल्ला चाहशीरी बी 22 निवासी तीनों भाईयों का आज सुबह चालान कर दिया। पुलिस ने तीनों भाईयों का आपराधिक इतिहास भी जारी किया है। जिसमें खालिद के विरूद्ध छह, आबिद के विरूद्ध तीन एवं तालिब के विरूद्ध सात मुकदमें पंजीकृत दिखाए गए है।

दूसरी तरफ खालिद, तालिब व आबिद को आज दोपहर बाद न्यायालय में पेश किया गया। एसीजेएम सप्तम के न्यायालय में बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपने तर्क रखें। उनका कहना था कि पुलिस ने राजनीतिक दबाव में पूरा मामला उल्टा बनाया है। जान से मारने की नीयत से फायरिंग की घटना गलत बताई गई है। न तो मौके पर कोई फायरिंग हुई थी और न ही पुलिस के द्वारा इन तीनों के पास से कोई हथियार बरामद किया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि राजनीतिक दबाव में रिपोर्ट दर्ज की गई है। अधिवक्ताओं ने कई अन्य महत्वपूर्ण तर्क भी रखे। जिसकों देखते हुए न्यायालय परिसर के बाहर खड़े उनके समर्थकों को उम्मीद थी कि जमानत मिल जाएगी। शाम पांच बजे के बाद तक समर्थक बाहर डटे हुए थे। लेकिन न्यायालय के द्वारा इस मामले में सुनवाई के लिए कल (आज) की तिथि निर्धारित किए जाने की खबर मिलते ही वह मायूस हो गए। फिलहाल तीनों भाईयों को जेल भेज दिया गया है।

## खाद गोदाम प्रभारी गुमशुदा

**कोतवाली देहात।** उप खाद गोदाम चंदूपुरा उप खाद गोदाम से 416 कट्टे चोरी होने की प्राथमिकी थाना कोतवाली देहात में दर्ज है। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदूपुरा में गन्ना समिति बिजनौर का उप खाद गोदाम है। उप खाद गोदाम पर गन्ना पर्यवेक्षक खाद गोदाम प्रभारी नीटू कुमार कार्यरत है। उप खाद गोदाम से 16 फरवरी को 301 कट्टे डीएपी चोरी हो गए थे। इसके बाद 12 मार्च को 115 कट्टे चोरी हो गए थे। कुल 416 कट्टे खाद उप खाद गोदाम से चोरी हो गए थे। जिसकी प्राथमिकी थाना कोतवाली देहात में गोदाम प्रभारी नीटू कुमार ने दर्ज कराई गई थी। बताया जा रहा है कि फिलहाल गोदाम से 28 कट्टे डीएपी के और चोरी हुए हैं। अब उप खाद गोदाम प्रभारी गन्ना पर्यवेक्षक नीटू कुमार बुधवार को गायब हो गया है। नीटू बुधवार सुबह गन्ना विकास परिषद बिजनौर कार्यालय के सीसीटीवी कैमरे में आते और जाते हुए दिखाई दे रहा है। जबकि उसका फोन बंद आ रहा है। नीटू की पत्नी तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज करने की मांग की है।

# तालिब बंधु आसपा का झंडा थामे, डंडा हमारा रहेगा : गौहर इकबाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी गौहर इकबाल एड. ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा जिस तरह से तालिब बंधुओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, वह बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि तालिब बंधुओं को आसपा का झंडा थाम लेना चाहिए, फिर उनका कोई उत्पीड़न नहीं कर पाएगा और आसपा के कार्यकर्ता डंडा लेकर सामने आ जाएंगे।



प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी गौहर इकबाल एड. ने इस प्रकरण को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई इस कार्यवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि एक आपसी विवाद के मामले को तूल देकर जिस तरह से इस परिवार का उत्पीड़न किया जा रहा है, वह लोकतंत्र की मर्यादा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि तालिब बंधु कानून का सम्मान करने वाले कारोबारी लोग है। वह न तो सामप्रदायिक है और न ही असामाजिक है। मगर जिस तरह से उनके खिलाफ मुकदमें पंजीकृत किए जा रहे है, उससे ऐसा लगता है कि भाजपाई बदले की भावना से काम करा रहे है। प्रशासन को पूरी निष्पक्षता के साथ इस मामले में कार्यवाही करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि आसपा कार्यकर्ता किसी भी बेगुनाह का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### जुल्म बर्दाश्त नहीं करेगी आसपा

# सपा विधायक रामअवतार गरजे

## डीएम व एसपी पर भाजपाईयों के दबाव में काम करने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नूरपुर के सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी ने तालिब बंधु प्रकरण में डीएम व एसपी पर भाजपाईयों के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व सांसद भारतेन्द्र वहां पर क्या करने के लिए गए थे। उन्होंने तालिब बंधुओं के द्वारा लगाए गए पूर्व सांसद भारतेन्द्र पर पांच करोड़ रुपए मांगे जाने के आरोप के बारे में कहा कि इसमें सच्चाई नजर आ रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जानी चाहिए।



प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर के सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी कल हुए घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद आज जिला मुख्यालय पर पहुंचे। वह सबसे पहले शहर कोतवाली में गए और तालिब बंधुओं से पूरी जानकारी ली। वहां से निकलते हुए उन्होंने पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने डीएम व एसपी पर भाजपाईयों के दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह गलत हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए थी। इस तरह से उत्पीड़न नहीं किया जाना चाहिए।

इसके बाद वह वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से भी मिले और कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि दबाव में काम किया जा रहा है। अधिकारियों से उन्होंने कहा कि आखिरकार पूर्व सांसद भारतेन्द्र अपने समर्थकों को लेकर तालिब बंधुओं के प्रतिष्ठान पर क्यों गए थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों का यह काम नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा की पूर्व सांसद भारतेन्द्र कह रहे है कि उन्हें एडीएम (जे) व एसडीएम न्यायिक ने तालिब बंधुओं के प्रतिष्ठान पर बुलाया था। सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें बताया है कि पूर्व सांसद भारतेन्द्र को नहीं बुलाया गया था। वह खुद वहां पर पहुंचे थे।

सपा विधायक रामअवतार सिंह सैनी ने कहा कि अगर हालात ज्यादा बिगड़ जाते, तो उसका जिम्मेदार कौन होता। तालिब बंधुओं के द्वारा पूर्व सांसद पर पांच करोड़ रुपए मांगने के लगाए आरोप के बारे में सपा विधायक ने कहा कि उन्होंने जिस तरह से हरकत की है, उससे इन आरोपों में सच्चाई नजर आती है। उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और तालिब बंधुओं का उत्पीड़न बंद होना चाहिए। उनके साथ बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी दीपक सैनी व अन्य सपा नेता भी थे।

## एक नजर

### ई-रिक्शा की टक्कर से बूम टूटा, लगा जाम

**नगीना।** आज शाम करीब तीन बजे नगीना से कोतवाली रोड की ओर जा रहा था। इस दौरान फाटक बंद हो रहा था, जिससे ई रिक्शा टकरा गया और फाटक का बूम टूट गया। इससे दोनों और लंबा जाम लग गया। काफी मशक्कत के बाद कर्मचारियों ने बूम को सही किया। नगीना निवासी एक ई रिक्शा चालक स्टेशन रोड से अपने ई रिक्शा में सवारियां बैठाकर कोतवाली देहात रोड की तरफ जा रहा था। जब ई रिक्शा कब्रिस्तान रेलवे फाटक से कुछ दूरी पहले पहुंचा, तो उस समय ट्रेन को गुजारने के लिए फाटक को गिराया जा रहा था। जल्दबाजी में चालक अपने ई रिक्शा को गिरते बूम के नीचे से निकालने लगा। इसी दौरान ई रिक्शा से टकरा कर बूम टूट गया। सूचना पर पहुंची यांत्रिकी विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बूम को ठीक किया, तब जाकर जाम खुला।

### भारतेन्द्र असली गुनाहगार: नजाकत



**बिजनौर।** सामाजिक कार्यकर्ता नजाकत अली कंभौर एवं फुरकान अहमद जंदरपुरिया ने तालिब बंधु प्रकरण में पूर्व सांसद भारतेन्द्र की भूमिका पर सवाल उठाते हुए आज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि कल चांदपुर रोड स्थित आरा मशीन पर प्रशासनिक अमला गया था। लेकिन सोशल मीडिया पर जारी बयान में पूर्व सांसद भारतेन्द्र का कहना है कि मुझे एडीएम ने फोन करकर बुलाया था। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि एडीएम को ऐसी क्या जरूरत पड़ी कि सरकारी कार्य में पूर्व जनप्रतिनिधि को बुलाना पड़ा। जिससे वहां उनके पहुंचने पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुयी। मगर वक्त रहते वनकर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए दोनों पक्षों को आपस में भिड़ने से बचाया। जिससे कोई भी बड़ी अप्रिय घटना होने से बची। जिसमें प्रशासन की घोर लापरवाही उजागर हुई। प्रशासन को पहले से ही पता था कि दोनों पक्षों में आपसी गुटबाजी चली आ रही है। इस प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी और अन्य लोगों के विरूद्ध निष्पक्ष व उनके कृत्यों की जांच कराकर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए तथा किसी भी व्यक्ति को नाजायज परेशान न किया जाए। कार्यवाही ऐसी हो कि भविष्य में कोई भी इस तरह की घटना न घट सकें। इस तरह की घटना घटने से इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है।

### कॉलेज प्रबंध समिति के खिलाफ रिपोर्ट

**बिजनौर।** कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित जनता इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति में फर्जी सदस्य बनाने के आरोपों को लेकर विवाद गहरा गया है। मामले में समिति के सदस्य मंगू सिंह ने प्रबंध समिति पर फर्जी सदस्य बनाने, सदस्यता शुल्क विद्यालय के अधिकृत बैंक खाते में जमा नहीं करने व फर्जी रसीद पुस्तिका का प्रयोग करने का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर प्रबंध समिति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगीना के ग्राम शेखपुरा तुर्क निवासी 71 वर्षीय मंगू सिंह पुत्र शेर सिंह ने सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि जनता इंटर कॉलेज कोतवाली देहात समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश त्यागी व प्रबंधक कटेरा सिंह है। अध्यक्ष ने सदस्य मनोज कुमार निवासी करौंदा चौधर थाना कोतवाली देहात व अन्य लोगों के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से संस्था पर कब्जा करने के उद्देश्य से बिना किसी पूर्व सूचना और एजेंडा के फर्जी बैठक दर्शाकर 252 नए सदस्यों की सूची तैयार की। इस सूची को 14 अगस्त 2024 को सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स, मुरादाबाद मंडल के समक्ष पंजीकरण के लिए प्रस्तुत किया गया। मंगू सिंह ने कहा कि विद्यालय में पहले से ही 227 आजीवन सदस्य मौजूद थे, इसलिए इतने बड़े पैमाने पर नए सदस्य बनाना नियम विरूद्ध था। आरोप है कि सदस्यता शुल्क विद्यालय के अधिकृत बैंक खाते में जमा नहीं कराया गया और फर्जी रसीद पुस्तिका का प्रयोग किया गया। बताया कि आपत्तियों के बाद सहायक निबंधक ने जांच कर 29 जुलाई 25 को 252 सदस्यों का पंजीकरण निरस्त कर दिया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने अध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश, सदस्य मनोज कुमार व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### प्रीपेड मीटर से भाजपा को नुकसान

**बिजनौर।** विद्युत वितरण निगम द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन जबरन चलाए जा रहे इस अभियान से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ रही है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार को इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। स्मार्ट मीटर को अब पोस्टपेड के बजाए प्रीपेड किया जा रहा है। उपभोक्ता मोबाइल सिम की तरह पहले मीटर रिचार्ज करेंगे और उसके बाद बिजली का प्रयोग करेंगे। मीटर के प्रीपेड होने के एक माह में रिचार्ज न होने पर उन्हें डिस्कनेक्ट किया जा रहा है। अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर में समय से रिचार्ज करने को कहा जा रहा है। निगम मुख्यालय द्वारा बड़े स्तर पर मीटर डिस्कनेक्ट करने किए गए। केवल बिजनौर सर्किल में ही साढ़े सात हजार मीटर डिस्कनेक्ट किए गए थे। मीटर में लाइट आ रही थी, लेकिन घरों में वह सप्लाई नहीं हो रही थी। डिस्कनेक्ट होने के बाद उपभोक्ताओं ने रिचार्ज कराना शुरू किया। किसी ने फोन से, तो किसी ने जनसेवा केंद्र से रिचार्ज कराया। हालांकि मीटर कनेक्ट होने में समस्या आई। निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी हाथ खड़े कर रहे हैं। एसई विद्युत धर्मराज सिंह का कहना है कि रिचार्ज की समयावधि खत्म होने पर वे डिस्कनेक्ट हुए हैं। रिचार्ज कराने वाले उपभोक्ताओं के मीटर जोड़े भी जा रहे हैं। लेकिन नागरिक स्मार्ट मीटर का विरोध कर रहे है। परेशान होकर वह भाजपा के खिलाफ वोट देने की बात कह रहे हैं।

## तालिब प्रकरण पर सांसद रुचि वीरा का बड़ा बयान



**बिजनौर।** तालिब खालिद प्रकरण को लेकर जिले की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इसी बीच सांसद रूचि वीरा ने इस पूरे मामले पर कड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि तालिब प्रकरण में जो कुछ भी सामने आ रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। उत्पीड़न की हदें पार हो चुकी हैं। पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह वहां किस अधिकार से पहुंचे थे, इस पर मुझे आपत्ति है। उल्टा पीड़ित पक्ष पर ही मुकदमा दर्ज हो रहा है, जो पूरी तरह गलत है। मैं इस पूरे मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से बात कर रही हूं और निष्पक्ष जांच की मांग करूंगी। इस बयान के बाद बिजनौर की सियासत में हलचल और तेज हो गई है, वहीं मामले को लेकर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं।

## तालिब प्रकरण पर सियासत तेज



**बिजनौर।** तालिब बंधुओं के मामले ने अब राजनीतिक रूप ले लिया है। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि तालिब बंधु प्रशासन की हर वैध कार्रवाई का सम्मान कर रहे थे, लेकिन भाजपा के पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह अपनी व्यक्तिगत और राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। उन्होंने इस पूरे मामले को सत्ता के दुरुपयोग और हिंदू-मुस्लिम विभाजनकारी राजनीति से जोड़ते हुए कहा कि निरपराध लोगों को निशाना बनाकर वोट बैंक ध्रुवीकृत करने की कोशिश हो रही है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर कोई दोषी है, तो कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन व्यक्तिगत या सांप्रदायिक एजेंडे के तहत उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शेख जाकिर हुसैन ने क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम भाइयों से अपील की है कि ऐसी साजिशों के खिलाफ एकजुट रहें और आपसी भाईचारा बनाए रखें। इस बयान के बाद जिले की राजनीति और गर्मा गई है। वहीं मामले को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है।

## निष्पक्ष कार्यवाही की मांग



**बिजनौर।** व्यापारी तालिब व खालिद प्रकरण में समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम व एसपी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर के नेतृत्व में ज्ञापन देकर झूठी कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराया एवं निष्पक्ष जांच की मांग की। इस मौके पर सत्यपाल सिंह, डॉ. रहमान, प्रभा चौधरी, अखलाक पप्पू, राधा सैनी, तरुण लाम्बा, नमन कुमार, काविश खान, श्लोक पवार, प्रमोद प्रधान, संजय पाल, अब्दुल वहाब, सुरेंद्र वाल्मीकि, दानिश आदि मौजूद रहे।

## मेधावी छात्रों को सम्मानित किया



**सहसपुर।** स्थानीय पीएमश्री समग्र विद्यालय मेवानवादा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत गीत के साथ किया गया। कक्षा एक से कक्षा आठ तक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चे तनिष्क नाहिद अजमल, जेवा, वैष्णवी, आलिया, दीपा, धानी शर्मा, देव आहिनूर, माही, निकिता, अलीशा, हुमेरा परवीन, यश कुमार, फायजा, गुलनाज निशा, आयशा, खिजरा, फुरकान रही। प्रधानाध्यापिका श्रीमती निशात अफरोज ने सभी मेधावी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये।

# सालाना मजलिसों को लेकर प्रशासन अलर्ट

## डीआईजी ने दिए पुख्ता इंतजाम के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विश्व प्रसिद्ध जोगीरम्पुरी स्थित दरगाहे आलिया नजफ ए हिंद के प्रशासक मौलाना शबाब नकवी ने मुरादाबाद मंडल के डीआईजी मुनिराज से मुलाकात कर आगामी 21 मई से 24 मई तक होने वाली सालाना मजलिसों के आयोजन को लेकर चर्चा की।




इस दौरान डीआईजी मुनिराज ने भरोसा दिलाया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मजलिसों के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, ट्रैफिक नियंत्रण, साफ-सफाई व अन्य जरूरी सुविधाओं के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे, ताकि अकीदतमंदों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मौलाना शबाब नकवी ने प्रशासन के सहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नजफ-ए-हिंद की मजलिसों में बड़ी संख्या में जायरिन शामिल होते हैं, ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष भी मजलिसें शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न होंगी। नजफ-ए-हिंद की सालाना मजलिसें क्षेत्र में खास धार्मिक महत्व रखती हैं। जिनमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## एक नजर

### कुत्तों के हमले से मासूम घायल

**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला सदर चौक निवासी सईद अहमद के पुत्र अनस (आठ वर्ष) पर कुत्तों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिवार ने घायल बच्चे को एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल नूरपुर पहुंचाया। डाक्टर ने एंटी रैबीज इंजेक्शन लगा कर बच्चे को घर भेज दिया है। गौरतलब है कि ताजपुर में कुत्तों के आतंक से छोटे-छोटे बच्चों ने घरों से निकलना बंद कर दिया है। बंदर व कुत्तों के आंतक से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। आते-जाते राहगीरों को अकेला देख बंदर व कुत्तों के झुंड हमला कर रहे हैं। नागरिक कई बार प्रशासन से आवारा कुत्तों व बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग कर चुके हैं।



### कार की टक्कर से छात्र घायल

**रेहड़।** रेहड़ निवासी सरदार सतेंद्र सिंह का 15 वर्षीय पुत्र तरनवीर सिंह जसपुर, उत्तराखंड स्थित मारिया स्कूल में कक्षा 9 का छात्र है। स्कूल बस तरनवीर को घर से ले जाती है और छुट्टी होने पर घर छोड़ कर जाती है। आज दोपहर लगभग दो बजे स्कूल बस वापसी में काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित दहलावाला बस स्टैंड पर रुकी। छात्र तरनवीर बस से वहीं उतर गया और घर आने के लिए सड़क पार करने लगा। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक अज्ञात कार ने उसे टक्कर मार दी। जिससे तरनवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के चालक कार लेकर फरार हो गया। स्कूल बस चालक की सूचना पर छात्र के परिजन मौके पर पहुंचे और उसे उपचार के लिए जसपुर, उत्तराखंड ले गए।

### वन विभाग ने तीन सांप किए रेस्क्यू



**रेहड़।** ग्राम नौआबाद जंगल निवासी किसान दर्शन सिंह फौजी के गन्ने के खेत में आज सुबह लगभग दस बजे मजदूर गन्ने की छिलाई करने गए थे। इस दौरान उन्हें गन्ने के खेत में दो बड़े सांप दिखाई दिए। उन्होंने खेत स्वामी को इसकी सूचना दी। खेत स्वामी ने वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर को सूचना दी। जिस पर वन दरोगा रवि कुमार, दीपेंद्र कुमार पाल, मनोज कुमार आदि वनकर्मियों को तत्काल मौके पर भेजा गया। वन कर्मियों ने सांप पकड़ने वाली स्टिक से गन्ने के खेत में बैठे दोनों सांपों को रेस्क्यू कर लिया। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि रेस्क्यू किए गए दोनों सांप रसैल वाइपर प्रजाति के हैं। जिनकी लंबाई 2 से 3 फिट है। दोनों सांपों को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज के कक्ष संख्या 15 में छोड़ दिया गया है। उधर दूसरी तरफ बुधवार को ग्राम भगतावाला निवासी किसान अनिल कुमार चौहान पुत्र स्व.अशोक कुमार के घर में लगभग 7 फीट लंबा घोड़ा पछाड़ सांप आ गया था। ग्राम प्रधान ऋषिपाल की सूचना पर नगीना रेंज के वन कर्मी मुजीबुर्रहमान और बाघ मित्र कीरतपाल चौहान मौके पर पहुंचे और सांप को रेस्क्यू कर अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की गादला बीट में छोड़ दिया।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# छोटा हाथी पलटा, कई घायल

## टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलटा





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट/अफजलगढ़।** हरिद्वार से काशीपुर स्थित चैती मेले में जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक छोटा हाथी वाहन आज शाम हादसे का शिकार हो गया। रामगंगा पुल पर रामगढ़ पुलिस चौकी के पास अचानक अगला टायर फटने से वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार अमरोहा और संभल जनपद के तीन परिवार तीर्थयात्रा पर हिमाचल गए थे। वापसी में हरिद्वार में रुकने के बाद वे काशीपुर के चैती मेले के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

थाना अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार के मुताबिक पिकअप में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 25 लोग सवार थे। हादसे में प्रियंका पत्नी सचिन, निवासी रसूलपुर, अजय पुत्र विजयपाल, निवासी दुरारे, थाना रेहरा (अमरोहा), सुनीता पत्नी रघुबीर राम निवासी कल्याणपुर नखासा, संभल और अमित पुत्र सुखीराम, निवासी उधरनपुर खागी, थाना रजपुरा, संभल घायल हुए हैं।

इसके अलावा शारदा, उमेश, बानी, दीपचंद, अनुज और भूरिया सहित कई अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। हालांकि अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों का सीएचसी अफजलगढ़ में इलाज जारी है। बताया गया कि वाहन को अजय पुत्र मुकेश, निवासी रजपुरा, संभल चला रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झालू में प्रस्तावित रोडवेज बस अड्डा निर्माण लंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू में प्रस्तावित रोडवेज बस अड्डा निर्माण परियोजना के लंबित रहने को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार बस अड्डे के लिए भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट भी तैयार हो चुकी है, इसके बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रशासन के सहयोग से परियोजना की प्रारंभिक औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई थीं, लेकिन इसके बाद भी कार्य में प्रगति न होने से स्थानीय लोगों में असंतोष देखा जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब भूमि उपलब्ध कराई जा चुकी है और क्च्त भी तैयार है, तो परियोजना के लंबित रहने के कारण स्पष्ट नहीं हैं। लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि सवारी संख्या का सर्वे आवश्यक था, तो इसे प्रारंभिक चरण में ही पूरा किया जाना चाहिए था। व्यापारी वर्ग का कहना है कि बस अढा बनने से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता, लेकिन परियोजना रुकी रहने से आर्थिक गतिविधियों पर अपेक्षित प्रभाव नहीं पड़ पा रहा है। वहीं विद्यार्थियों ने नियमित बस सुविधा के अभाव में आवागमन में हो रही कठिनाइयों का उल्लेख किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का कहना है कि झालू आसपास के गांवों का प्रमुख केंद्र है और यहां बस अड्डा बनने से हजारों लोगों को लाभ मिलता। परियोजना के लंबित रहने से क्षेत्रीय विकास प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने प्रशासन से परियोजना की वर्तमान स्थिति स्पष्ट करने तथा निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। साथ ही यह भी अपेक्षा जताई है कि संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण परियोजना को समयबद्ध रूप से पूरा किया जा सके।

## एक नजर

### हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा



**हल्दौर।** श्री बालाजी कीर्तन मंडल द्वारा हनुमान जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया और शोभायात्रा निकाली गई। मौहल्ला पोखर बाजार में श्री बालाजी कीर्तन मंडल द्वारा पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज ने पूजा अर्चना की। इसके बाद रईसान में स्थित आर्य समाज धर्मशाला मंदिर के पास भगवान श्री राम दरबार, भगवान शिव, हनुमान आदि समेत करीब 12 झांकी आकर्षक का केंद्र बनी रही। मुख्य यजमान कीर्तन मंडल के अध्यक्ष रमेश सिंह चौहान सपत्नीक, सागर सिंह, प्रमोद चौहान भोले, रमेश सिंह, शगुन चौहान, संदीप दुबे, पुनीत शर्मा, आकाश शर्मा, मदन वर्मा, तनय शर्मा, मास्टर जितेंद्र शर्मा, टीकम सिंह, मेहर सिंह, करण सिंह, महिपाल सिंह, सभासद चंद्रपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, मनोज चौहान आदि मौजूद रहे।

### अभियान चलाकर कुत्ते पकड़े



**अफजलगढ़।** नगर में लगातार कुत्तों द्वारा नागरिकों पर किए जा रहे हमलों के मद्देनजर आज पालिका द्वारा मौहल्ला बेगम सराय, नायक सराय व नेजो सराय में आवारा कुत्तों का बध्याकरण एवं वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। जिसमें आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट बिजनौर द्वारा मौहल्ला बेगम सराय में हकीम मकसूद वाले चौराहे पर, डा. बंगाली की दुकान के पास, मौहल्ला नायक सराय में अब्दुल रहीम वफा के घर के पास एवं मौहल्ला नेजो सराय में बल्लू के होटल के पास से आवारा कुत्तों को बध्याकरण एवं वैक्सीनेशन के लिए पकड़ा गया है। टीम द्वारा लगभग 22 कुत्तों को पकड़ कर ले जाया गया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने का यह अभियान जारी रहेगा।

### नवीन सत्र का भव्य शुभारंभ



**नगीना।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में आज नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 का प्रारंभ पुरोहित पंडित राजकुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। मुख्य यज्ञमान के रूप में जिला उपाध्यक्ष व पालिका के नामित सभासद नीरज विश्नोई अपनी धर्मपत्नी के साथ उपस्थित रहे। इस मौके डा. बालेश विश्नोई (कोषाध्यक्ष), डा. संदीप शर्मा (प्रबंधक), डा. भूपेश चौहान (नामित सभासद), सोहन सैनी (नामित सभासद) उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य महेश सिंह के कुशल निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, भैया- बहिनों और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया।

## एक नजर

### समीपुर में खुलेगा जन औषधि केंद्र



**नजीबाबाद।** आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में स्वास्थ्य मंत्रालय को भेजें पत्र में सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केदों पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाने की मांग की थी, ताकि आमजन को सस्ते दामों पर दवाई उपलब्ध हो सके और एक जो भ्रम की स्थिति आमजन में जन औषधि केंद्रों को लेकर पैदा कर रखी है, वह दूर हो सके। इसी परिपेक्ष में स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, समीपुर पर जन औषधि केंद्र खोले जाने की तैयारी शुरू कर दी है इसके लिए बाकायदा अलग से दुकान का निर्माण भी कर दिया गया है। केंद्र के बनने से नागरिकों को फायदा होगा और उन्हें सस्ते दामों पर दवाइयां मिलेंगी।

### भंडारे में उमड़ा जनसैलाब



**नगीना।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बड़ी ही आस्था और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री बालाजी सेवा मंडल और श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ स्थित बालाजी धाम में आज सुबह से ही भक्ति का माहौल रहा। सुबह 9 बजे संकट मोचन यज्ञ, 10 बजे सुंदरकांड का पाठ और 11 बजे विशेष आरती की गई। दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। शाम को स्टेशन रोड स्थित तुलाराम रेस्टोरेंट से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई बालाजी धाम पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में गुरु सचिन अग्रवाल, मनोज गुप्ता, घनश्याम सिंह सैनी, पिंटू सैनी, अतुल भारद्वाज, रोहन अग्रवाल, रितेश जैन, अक्षय बंसल, अर्जुन सैनी सहित अनेक कार्यकर्ताओं को सहयोग रहा। उधर श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा स्टेशन रोड स्थित सिंचाई विभाग के हनुमान मंदिर में भी जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। आयोजन में अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, संजीव कुमार गुप्ता, मनजीत बिश्नोई, चान्द मेहता, नितिन अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, हर्ष गोयल, प्रतीक संत, भावना गुप्ता, शिल्पी मल्होत्रा, वैभव अग्रवाल और पंडित मार्कंडेय नर्मदा महेश्वर आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### व्यक्तित्व निर्माण पर व्याख्यान

**बिजनौर।** विवेक यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं व्यक्तित्व निर्माण के लिए मोटिवेशनल गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहज गोयल एड. एवं अनिल शर्मा निदेशक फाइनेंस विवेक विवि का डा. सर्वेश कुमार शीतल डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अपने प्रेरणादायक व्याख्यान में अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मूल मंत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्पष्ट उद्देश्य का होना जरूरी है। बिना लक्ष्य के जीवन दिशा हीन हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने जीवन के उद्देश्यों को पहचानें और उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें। उन्होंने समय प्रबंधन के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समय ही सबसे मूल्यवान संसाधन है, जिसे यदि सही तरीके से उपयोग किया जाए तो व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने छात्रों को दैनिक दिनचर्या बनाने, प्राथमिकताओं को निर्धारित करने तथा समय का सदुपयोग करने के व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि जीवन में असफलताएं भी सफलता की सीढ़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि असफलता से घबराने की बजाय उससे सीख लेना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य, आत्म प्रेरणा तथा निरंतर सीखने की प्रवृत्ति के महत्व को भी समझाया। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ स्वयं को अपडेट रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों सक्रिय रूप से भाग लिया और विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न पूछे। मुख्य अतिथि ने उनके प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर देकर उन्हें व्यावहारिक जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। डीन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट डा. सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उनके भविष्य को दिशा देने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी पूर्ण मानी जाती है, जब उसमें व्यवहारिक ज्ञान और कौशल विकास सम्मिलित हो। कार्यक्रम का संचालन असि.प्रो. श्रेया गोयल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन विभाग के असि. प्रो. विश्वजीत सिंह, डा. राहुल गर्ग, डा. शोभित रस्तौगी, नृपेन्द्र शर्मा, प्रियाशु सेहरावत, सौरभ चौधरी, अमन रस्तौगी, शरद चौधरी, दयानंद ठाकुर, रितु राज, सलोनी वत्सल, डा. नजमुश, तरूण गंर्धाव, निरूल कुमार, पूर्वी अग्रवाल आदि सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# नौकरी के नाम पर 5 लाख की ठगी

## रकम मांगने पर गला घोंटने की कोशिश, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सरकारी नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं।

ताजा मामला थाना नगीना क्षेत्र का है, जहां एक युवक से बीएचईएल हरिद्वार में बाबू के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर पांच लाख रुपए ठग लिए गए। रुपए वापस मांगने पर आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी और सरेराह गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि थाने के चक्कर काटने के बावजूद पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जिसके बाद अब उसने एसपी से सुरक्षा और इंसाफ की गुहार लगाई है।

ग्राम नारायणपुर रामजी उर्फ तेलीपुरा निवासी घनश्याम सिंह पुत्र बनारसी सिंह ने बताया कि उसकी जान-पहचान नजीबाबाद के आदर्श नगर निवासी विजय सिंह पुत्र कृपाल सिंह से थी। विजय का बीएचईएल हरिद्वार में आना-जाना था। नवंबर 2022 में विजय ने घनश्याम को विश्वास में लिया कि वह पांच लाख रुपए में उसकी नौकरी बीएचईएल में श्बाबूश् के पद पर लगवा देगा। पीड़ित के अनुसार, उसने विभिन्न किश्तों में 3,90,000 रुपए (फोन-पे) के माध्यम से और 1,10,000 रुपए नकद आरोपी को दे दिए। लेकिन लंबे समय बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही आरोपी ने पैसे वापस किए। तहरीर के अनुसार, बीती 2 फरवरी 2025 को जब घनश्याम अपने पैसे मांगने बिंजाहेड़ी अड्डे पर गया, तो वहां मौजूद विजय सिंह आगबबूला हो गया। आरोप है कि विजय ने पीड़ित को भद्दी गालियां दीं और जान से मारने की नीयत से उसका गला घोंटने लगा। शोर सुनकर मौके पर मौजूद रामपाल, राजपाल और मोहित ने बीच-बचाव कर घनश्याम की जान बचाई। जाते-जाते आरोपी ने धमकी दी कि यदि कोई कानूनी कार्रवाई की तो वह उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। पीड़ित घनश्याम का कहना है कि वह घटना के दिन से ही थाना नगीना के चक्कर लगा रहा है, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया।

थक-हारकर पीड़ित ने अब एसपी को शिकायती पत्र भेजकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। एसपी कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद अब इस मामले में थाना नगीना पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्कूल चलो अभियान के तहत भव्य रैली निकाली

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत आज भव्य रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी मुन्ना लाल त्रिवेदी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बीआरसी परिसर में आयोजित संगोष्ठी से हुई। जिसमें एसडीएम स्मृति मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों को अभियान से संबंधित दायित्वों की जानकारी दी गई। इसके बाद पुस्तक वितरण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को किताबें वितरित की गईं। रैली को एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली नगर के प्रमुख मार्ग नगीना चौराहा, सुभाष चौक और मुख्य बाजार से होती हुई बीआरसी केंद्र पहुंची। इस दौरान विकास खंड के विभिन्न प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मारपीट के मामले में एफआर लगाने पर दरोगा लाइन हाजिर

**नांगल सोती।** गौसपुर में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में एफआर लगाना दरोगा को भारी पड़ गया। एसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया। गौरतलब है कि ग्राम गौसपुर में 12 मार्च को दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। एक पक्ष के कुंवरपाल ने आरोप लगाया था कि वह अपने पिता के साथ खेत पर जा रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। कुंवर पाल की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने एफआर लगा दी थी। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए केस की विवेचना कर रहे दरोगा विनोद कुमार पीपल को बीती देर रात लाइन हाजिर कर दिया।

## आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरूकी/कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर पीएनबी के सामने धरना दिया गया। धरना अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हो गया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कार्यकर्ता पंजाब नेशनल बैंक बरुकी के परिसर में बैंक कर्मचारियों कार्यशैली एवं अन्य मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं सहकारी बैंक की स्थानीय शाखाओं की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए किसानों का उत्पीड़न एवं शोषण करने का आरोप लगाया तथा पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक को दो घंटे धरना स्थल पर बैठाए रखा। कार्यकर्ताओं ने शादीपुर एवं पीली चौकी विद्युत गृह के अभियंताओं के धरना स्थल पर मौजूद न होने एवं उनकी कार्यप्रणाली पर भी आपत्ति जताते हुए समय पर किसानों का कार्य न करने पर खरी खोटी सुनाई। बरुकी में पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे द्वारा फ्लाईओवर के दोनों ओर सर्विसं रोड पर पुलिया निर्माण करने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिया शीघ्र निर्माण करने की मांग की। बरुकी में सोमवार और बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भीड़ अधिक होने से जाम लगने की स्थिति से निपटने के लिए सहकारी संघ, सहकारी समिति, मंडी समिति एवं पानी की टंकी के प्रांगण में बाजार लगवाने की भी जिला प्रशासन से मांग की। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश काकरान की अध्यक्षता एवं तिलकराम खोबे के संचालन हुए धरने में कामेंद्र सिंह, चमन सिंह, हेमराज सिंह,वरुण सिंह, बनवारी लाल, मुकेश कुमार आदि ने अपने विचार रखे।

## डीएम ने किया तरणताल का भव्य शुभारंभ

**बिजनौर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्थित तरणताल (स्विमिंग पूल) का शुभारंभ डीएम जसजीत कौर द्वारा विधिवत नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डीएम जसजीत कौर ने कहा कि यह तरणताल जनपद युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे न केवल खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलेगा, बल्कि युवाओं में स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। आने वाले समय में यहां से उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार होकर जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि तरणताल के संचालन से खिलाड़ियों को उच्च स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त होगा। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

इस मौके पर हिमांशु, चित्रा चौहान, जितेंद्र गुप्ता, शुभम तोमर, सवागालम, हिमांशु, अंशु चौधरी तथा जीवन नक्षक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

परिवाद सं. 283/2025

1. रूखसार आयु करीब 31 वर्ष पत्नी शादाब पुत्री रफीक अहमद निवासी ग्राम गाजीपुर, थाना किरतपुर, जिला बिजनौर, हाल नि. मौ. खत्रियान बी-12 बिजनौर, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर
पिन कोड-246701
मो. :-7906419339
2. सारा उर्फ सोफिया आयु करीब दो वर्ष नबा. द्वारा संरक्षिका माता

**बनाम**

शादाब अहमद आयु 33 वर्ष पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम गाजीपुर, थाना-किरतपुर, जिला बिजनौर, पिन कोड 246731
मो. 7983988026, 9536106032
धारा-144 बीएनएस
थाना-कोतवाली शहर, बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 15.04.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 15.04.2026

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि., नगीना**

वाद संख्या 16/2026

1-नसीम अहमद पुत्र श्री अ. रसीद, 2- मौ. शहजाद पुत्र रईस अहमद निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-वादीगण**

**बनाम**

1- अमीर हुसैन पुत्र अ. रहीम, 2-जाकिर, 3-शाकिर, 4-साबिर, 5-जाफर पुत्रगण अमीर हुसैन, 6- हारिश, 7- तलहा पुत्रगण जाकिर, 8-हम्माद पुत्र शाकिर निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

प्रार्थना पत्र आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत

चूंकि उपरी नामांकित वादीगण ने इस न्यायालय में एक वाद आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत आराजी खसरा नं. 13 मि रकबई 0.154 है. वाके ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर जो तानावाला की आराजी है और फर्द खतौनी आदि रेवेन्यू रिकार्ड में भी तानावाला दर्ज है तथा जिसमें सार्वजनिक शौचालय सरकारी अनुदान से सरकार द्वारा बनवाया गया है 20 वर्ष पुराना बिजली का ट्रांसफार्मर रखा है और उत्तर रास्ते में को रोशनदान खुले है। वादीगण व अन्य ग्रामवासियों की आमोदरफत है, जिसमें सभी ग्रामवासियों का हित निहित है। जिसमें सभी ग्रामवासियों को फरीक मुकदमा बनाया जाना सम्भव नहीं है। उपरोक्त वाद में जो भी ग्रामवासी फरीक मुकदमा बनना चाहता है वह माननीय न्यायालय में दिनांक 06.04.2026 तक उपस्थित होकर बकालतन व अदालतन अपना प्रार्थना पत्र गुजार सकता है।

अतएवं इस इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को वाद उपरोक्त में पक्षकार बनना हो वह दिनांक 18-03-2026 तक प्रात: 10 बजे तक अदालत हाजिर होकर अदालतन या बकालतनामा पेश करे, नियत दिनांक के उपरान्त कोई उजर ना सुना जायेगा और हुक्म मुनातिब सादिर होगा।

**नियत दिनांक:-06-04-2026**

**प्रबंधक**
**सिविल जज (जू.डि.)**
**नगीना, बिजनौर**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2)यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नायाब अहमद पुत्र अब्दुल समी निवासी मौहल्ला वलीपुरा, किरतपुर, बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर संबंधी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 3113/11 स्थित मौहल्ला काजियान में श्रीमती यासमीन पुत्री दिलशाद के नाम के स्थान पर अपना नाम अंकित किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। पालिका ग्रहकर रिकार्ड में उपरोक्त सम्पत्ति स्थित मौहल्ला भुड्डी में श्रीमती यासमीन पुत्री दिलशाद का नाम दर्ज है। प्रार्थी ने श्वामित्व के रूप में कु. यासमीन परवीन पुत्री स्व. दिलशाद अहमद नि. मौहल्ला चौहानान, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्री फुरकान अहमद पुत्र अजीज अहमद निवासी मौहल्ला भुड्डी किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के नाम रजिस्टर्ड बैनामा तथा श्री फुरकान अहमद पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी मौहल्ला भुड्डी व श्री नासिर अली पुत्र श्री मुन्ने मियां, निवासी मौहल्ला चौहानान किरतपुर, तहसील नजीबाबाद द्वारा श्री मो. ताहिर पुत्र स्व. हा. मौ. हनीफ नि. मौहल्ला काजियान, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम रजिस्टर्ड बैनामा तथा श्री ताहिर एड. पुत्र श्री मौ. हनीफ नि. मौहल्ला काजियान, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्री नायाब अहमद पुत्र श्री अब्दुल समी नि. मौहल्ला वलीपुरा, किरतपुर तहसील, नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम हुये रजिस्टर्ड बैनामे के अनुसार सम्पत्ति संख्या 3113/11 स्थित मौहल्ला काजियान, कस्बा किरतपुर में अपना नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वत: निरस्त माना जायेगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या-3113/11 (9.66 वर्ग मी.) व्यावसायिक स्थित मौहल्ला भुड्डी किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिकारी अधिकारी**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा भाई सद्दाम व उसकी पत्नी सबीना आये दिन मुझसे गाली-गलौच व मारपीट करते है। मेरे रिश्तेदारों व मिलने वालों से रुपए उधार मांगता है। मना करने पर बदतमीजी व मारपीट करता है। उसने पड़ौस के लोगों का भी जीना दूभर कर रखा है। मैं सद्दाम व उसकी पत्नी सबीना से तंग आ गया हूं और उससे सभी तरह के संबंध विच्छेद कर अलग होने की घोषणा करता हूं। उसके किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**इरशाद अहमद पुत्र स्व. मुर्तुजा अहमद निवासी ग्राम सोतखेड़ी, थाना हल्दौर, जनपद बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा अपने पति यशपाल सिंह रावत से अब किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। दिनांक 30.03.2026 से मैं अपने पति यशपाल सिंह रावत को अपने सभी पारिवारिक सामाजिक एवं आर्थिक सम्बंधों से पूर्णत: अलग करती हूं। उनके द्वारा भविष्य में किये गये किसी भी कार्य के लेन-देन या कानूनी गतिविधि के लिए मैं किसी भी प्रकार की जिम्मेदार नहीं रहूंगी।

**सुनिता रावत निवासी मौहल्ला मजीदगंज, नगर व थाना नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आस मौहम्मद बहुत ही बदतमीज व झगडालू किस्म का व्यक्ति है। जो अपनी पत्नी व ससुराल वालों के कहने में रहता है तथा मेरे व मेरी पत्नी व परिवारवालों के साथ झगड़ा फिसाद करता रहता है। मेरा पुत्र आस मौहम्मद मेरे व मेरी पत्नी के साथ कोई अनहोनी घटना न कर दे। इसलिए खूब सोच समझ कर दुखी मन से मैं अपने पुत्र आस मौहम्मद व पुत्रवधु अस्करा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति तथा अपने सम्पूर्ण पितृत्व व मातृत्व संबंधों से अपने दिल दिमाग से पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद करता हूं। उसके किसी भी गलत कृत्य से मेरा व मेरे परिवार वालों का कोई संबंध वास्ता नहीं रहेगा तथा उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **उस्मान शाह पुत्र रफीक शाह निवासी ग्राम विशनपुरा उर्फ बिड़रा, थाना नूरपुर, जिला बिजनौर।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं अपने पति शिवराज सिंह पुत्र लाखन सिंह के गलत व्यवहार और गलत संगति के कारण उसके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हूं। मैं व मेरे पुत्र आयुष कुमार, पुत्री विपांशी राठी का अब शिवराज सिंह से कोई मतलब वास्ता नहीं है। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरा परिवार इसके किसी भी कृत्य के उत्तरदायी नहीं होंगे। **-अपेक्षा देवी पत्नी शिवराज सिंह निवासी अजीतपुर दासी, थाना धामपुर, जिला बिजनौर।**

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स के यहां श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव कुमार ने अपने भवन निर्मित ग्राम मौज्जमपुर जैतरा, धामपुर, जिला बिजनौर के सापेक्ष में ऋण आवेदन किया है। जिसे शौनाथ सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने चन्दु सिंह व अन्य को बही सं. 1 जिल्द सं. 626 पृष्ठ 87/88 क्रमांक 2109 दिनांक 3/10/1970 को बेची थी तथा चन्दु सिंह पुत्र बुद्ध सिंह ने उक्त अपने हिस्से की वसीयत श्रीमती हेमलता पत्नी श्याम सिंह को बही सं. 3 जिल्द नं. 99 पृष्ठ 74/75 क्रमांक 281 दिनांक 10/12/1992 की थी तथा श्रीमती हेमलता ने 273.21 वर्ग मी. श्रीमती अदिति सिंह पत्नी राजीव सिंह को विक्रय बही नं.1 जिल्द संख्या 15388 पृष्ठ सं. 65/78 क्रमांक 13883 दिनांक 22/06/2024 को की थी। जिस किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था तथा उत्तराधिकारी को उक्त के संबंध के बारे में कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते व सम्पर्क सूत्र पर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

## एक नजर

### भव्य शोभायात्रा निकाली



**राजा का ताजपुर।** हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। मां चामुंडा देवी मंदिर से बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा कस्बे के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मां चामुण्डा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर तोमर धर्मशाला, खलिया पुल, मछली बाजार, चौक बाजार, मां काली देवी मंदिर, सैनी धर्मशाला, पुराना कुंआ, बस स्टैंड, इंटर कॉलेज मार्ग होते हुए मां चामुंडा देवी मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में हनुमान जी व श्रीराम लक्ष्मण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में युवा जय श्रीराम, वीर बजरंगी, हर-हर महादेव नारे लगाते चल रहे थे। धर्म प्रेमियों ने कई स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में जिला गौरक्षा प्रमुख हृदेश कुमार, भाजपा नेता पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत, कविश राणा, सचिन तोमर, सुमित सैनी, सुमेंद्र सैनी, प्रदीप कुमार, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

### नीलेश्वर महादेव मंदिर में भव्य आयोजन



**नजीबाबाद।** किरतपुर के श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात हनुमान जन्मोत्सव से पूर्व सुंदरकांड का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसमें मुख्य यजमान दिव्यांशु गोयल, उनकी धर्मपत्नी नित्या गोयल, पुत्र और माता शुभा गोयल ने भाग लिया। पंडित गणेश दत्त ध्यानी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। इसके बाद श्री नीलेश्वर महादेव मंदिर युवा कमेटी द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान भजन गायक दिनेश माहेश्वरी और आदेश गिरी ने हनुमान जी के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महिलाओं ने भी भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बनाया। पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से माहौल गूंज उठा। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद सामूहिक रूप से हनुमान चाली. सा का पाठ किया गया। देर रात लगभग 12 बजे आरती हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में युवा कमेटी के सदस्यों ऋषभ सिंघल, विभोर मित्तल, विभोर गोयल, सागर माहेश्वरी, सत्यम माहेश्वरी, विवेक अग्रवाल, प्रियांशु पाल, गौरव शर्मा और शुभम अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। नवनीत मित्तल, अतुल रस्तौगी, विजय कालरा और कपिल रस्तौगी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले भंडारे में आकर प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित भी किया।

### बास्केटबॉल टीम रवाना

**बिजनौर।** डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोएिशन के सचिव योगेश्वर त्यागी ने बताया कि 36वीं उत्तर प्रदेश राज्य जूनियर पुरुष (18 वर्ष) का आयोजन 2 अप्रैल से आठ अप्रैल तक सेठ अएमआर जयपूरिया स्कूल, विलेज संदुरपुर, परसारामपुर, मकूनपुर बाजार, प्रतापगढ़ में किया जा रहा है। जिसमें भाग लेने वाली बिजनौर डिस्ट्रिक्ट की टीम कल रात को जनता एक्सप्रेस ट्रेन से धामपुर से रवाना हो गई। टीम में आरव कुमार, ध्रुव (श्री राम राय स्कूल, धामपुर), संचित गोस्वामी, दिव्यान सिंह (डीडीपीएस, बिजनौर), माज अहमद, परमीत (सेंट मेरिस, नजीबाबाद), शिवा कुमार, शिवम कुमार, दीपक चौहान (सेंट मेरिस, नूरपुर), राघव कौशिक (डीएवी इंटर कालेज, बिजनौर) एवं प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह (धामपुर) है। टीम को धामपुर रेलवे स्टेशन पर धामपुर के पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव का आशीर्वाद मिलने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। टीम को रवाना करने के लिए बिजनौर डिस्ट्रिक्ट बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिवव योगेश्वर त्यागी एवं सगठन सचिव मौहम्मद राशिद भी उपस्थित रहे।

### मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारा



**नहटौर।** हाथीवाला मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आज दोपहर करीब दो बजे आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन कुंड में आहुतियां डाली गई। भक्तों ने बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में कपिल शर्मा, वैभव गोयल, नरेश कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। हवन-यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर को विशेष रूप से गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा।

### शॉर्ट सर्किट से फसल जली



**अफजलगढ़।** भरतपुर ग्राम में किसान नरेंद्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह की लगभग पांच एकड़ गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण हुई। घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया, जो आग लगने के कारणों की प्रारंभिक जांच कर रहे हैं। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान अंकुर राज ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों और अन्य किसानों ने भी इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं किसानों के लिए बड़ा संकट बन रही हैं। कई किसानों ने यह भी मांग उठाई कि दिन के समय सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रखी जाए। उनका तर्क है कि इससे खेतों में आग लगने जैसी घटनाओं से बचाव हो सकेगा और किसानों को राहत मिलेगी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दुख और आक्रोश का माहौल है। किसानों के लिए यह नुकसान केवल फसल का नहीं, बल्कि उनकी सालभर की मेहनत और उम्मीदों का है। सभी की नजर अब प्रशासन पर है कि पीड़ित किसान को जल्द से जल्द राहत और मुआवजा मिल सके।

# ठेकेदार ने फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के मौहल्ला कूकड़ा चुंगी में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार पानी की टंकी के ठेकेदार विनोद कुमार (करीब 40 वर्ष) मूल रूप से जनपद अमरोहा के थाना धनौरी क्षेत्र के गांव हैवतपुर चौधरिया निवासी थे और पिछले लगभग दस वर्षों से हल्दौर नगर में किराये के मकान में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। वह आसपास क्षेत्र की पानी की टंकियों का ठेका कार्य करते थे।

### घटना से क्षेत्र में शोक की लहर

परिजनों के मुताबिक विनोद कुमार काफी समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे और उनका उपचार नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गोहावर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था। बताया गया कि वह उपचार कराने से अक्सर मना करते थे। एक दिन पूर्व उनकी पत्नी उन्हें उपचार के लिए अपने मायके नहटौर क्षेत्र के गांव महमूदपुर मिलक उर्फ बच्चोंवाला ले गई थी, जहां भी उन्होंने आत्महत्या का प्रयास किया



था, लेकिन परिजनों ने उन्हें बचा लिया था। बताया जाता है कि बाद में विनोद कुमार अपनी पत्नी को चकमा देकर हल्दौर स्थित अपने घर आ गए। बृहस्पतिवार को उन्होंने घर के कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी तब हुई जब उनका साला घर पहुंचा और उन्हें फंदे पर लटका देखा। उसने तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी।

सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक के भाई मनोज कुमार द्वारा तहरीर दी गई है, जिसमें मृतक के मानसिक रूप से परेशान होने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## श्री ठाकुरद्वारा मंदिर में हवन पूजन



**नजीबाबाद।** किरतपुर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री ठाकुर द्वारा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भगवान हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन और हवन किया गया, जिसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य यजमान नवीन अग्रवाल और नीति अग्रवाल रहे। वैदिक मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन का संचालन पंडित प्रभुदत्त शर्मा ने किया। हवन के उपरांत सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर राजीव अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सन्नी अग्रवाल, मास्टर महेंद्र, सौरभ, शंकर कश्यप, मोहित कश्यप, कमल कश्यप, तरुण और कुलदीप प्रदुमन गिरी आदि मौजूद रहे।

## युवा पर्यावरण योद्धा शाश्वत धीमान सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शाश्वत धीमान को यूथ सस्टेनेबिलिटी चैंपियन अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके वेस्ट मैनेजमेंट एवं खुले में फेंक मुक्त अभियान के प्रभावशाली संचालन के लिए प्रदान किया गया।

नई दिल्ली के यूनेस्को हाउस में आयोजित नेट ग्रीन फाउंडेशन हाई इम्पैक्ट सस्टेनेबिलिटी डायलॉग 2026 के दौरान यह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। शाश्वत धीमान को यह सम्मान सामूहिक रूप से सुश्री सुरभि गुप्ता निदेशक, नेट ग्रीन फाउंडेशन, डा. बेन्नो बोयर प्रमुख, प्राकृतिक विज्ञान यूनेस्को इंडिया व सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा मंत्री उद्योग खाद्य एवं आपूर्ति, पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव दिल्ली सरकार द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण प्रबंध निदेशक पतंजलि आयुर्वेद भी उपस्थित रहे। शाश्वत धीमान गुरुकुल इंटरनेशनल हरचंदपुर में कक्षा सात का छात्र है। शाश्वत धीमान पिछले तीन वर्षों से लगातार अपने अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहा हैं।

# आभा फाउंडेशन ने छात्राओं को बांटी साइकिले

## शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर क्षेत्र की अग्रणी सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल में एक भव्य साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में यूपी बोर्ड की कक्षा 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में छात्राओं को आगे बढ़ने, शिक्षा प्राप्त करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। आभा फाउंडेशन द्वारा इस योजना के लिए कुल 1250 पंजीकरण प्राप्त हुए थे,




जिनमें से 500 छात्राओं का चयन किया गया और उन्हें साइकिलें वितरित की गईं। फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि वे समाज सेवा के कार्यों में हमेशा सक्रिय रहेंगी और जरूरतमंदों के साथ खड़ी रहेंगी।

आभा फाउंडेशन द्वारा समय-समय पर समाज कल्याण के अनेक कार्य किए जाते हैं, जिनमें बेटियों के विवाह में सहयोग, रजाई वितरण, नेत्र चिकित्सा शिविर, मेडिकल कैंप, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा वितरण, साइकिल वितरण तथा बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन वितरण जैसे कार्य प्रमुख हैं। इसके साथ ही उन्होंने 19 अप्रैल 2026 को 6 वें नेत्र चिकित्सा शिविर के आयोजन की घोषणा की और अधिक से अधिक लोगों से इसमें भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की। 500 साइकिलों का यह वितरण कार्यक्रम पूरे क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा। लोगों ने इस सराहनीय पहल की जमकर प्रशंसा की और आभा फाउंडेशन को धन्यवाद व्यक्त किया। साइकिल मिलने से क्षेत्र की छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## छेड़छाड़ के मामले में ऋषिपाल को तीन साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपर सीजेएम श्री अजय कुमार ने छेड़छाड़ के अभियुक्त ऋषिपाल को तीन वर्ष एवं उसके साथ तीन अन्य अभियुक्तों को दो दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के एक मामले में सजा सुनाए जाने पर जज साहब को जान से मारने की धमकी दी थी।

अभियोजन अधिकारी राघवेंद्र कुमार के अनुसार धामपुर थाना अंतर्गत ग्राम मटोरा दुर्ग निवासी पुखराज सिंह चार मई 2015 को अपनी बेटी अंजलि के साथ चांदपुर न्यायालय में तारीख पर आये थे। शाम चार बजे के करीब न्यायालय के गेट के सामने शिवाला कलां थाना अंतर्गत ग्राम शीमला निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र निहाल सिंह, मिथलेश पत्नी राजेंद्र सिंह, ग्राम शेरगढ़ निवासी ऋषिपाल पुत्र भगवंत सिंह, रश्मि पत्नी ऋषिपाल सिंह, ग्राम ककराला निवासी नागेंद्र ने युवती के कपड़े फाड़ दिए और अश्लील हरकतें कीं। गंदी-गंदी गालियां दीं। इस मामले मे

### तीन अन्य अभियुक्तों को दो-दो साल का कारावास

पुखराज ने थाना चांदपुर मे रिपोर्ट दर्ज कराई मुकदमे के विचरण के दौरान मिथलेश की मृत्यु हो गई। इस मामले में अपर सीजेएम अजय कुमार ने अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त राजेंद्र सिंह, ऋषिपाल सिंह, रश्मि व नागेंद्र सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325 के तहत दो-दो वर्ष कारावास व एक-एक जार रुपए तथा धारा 323 के तहत तीन-तीन माह का कारावास, धारा 147 के तहत छह-छह माह कारावास की सजा सुनायी है, जबकि ऋषिपाल को धारा 354बी के तहत तीन वर्ष कारावास एवं 2 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

उल्लेखनीय है कि इन्हीं अभियुक्तों ने हत्या के मामले में सजा सुनाए जाने पर अपर जिला जज निज. ेंद्र कुमार को जान से मारने की धमकी दी थी।

## बालाजी मंदिर में भजन-कीर्तन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर मुख्य बाजार में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया।

मंदिर के स्वामित्व महंत डा. अमित गिरी महाराज ने मुख्य यजमान जतिन गुप्ता, नेहा गुप्ता, मनोज गुप्ता, अर्चना गुप्ता के द्वारा गौरी गणेश पूजन, कलश पूजन, नवग्रह पूजन विधि-विधान से कराया। संगीतमय सुंदरकांड हनुमान चालीसा व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। महंत डा. अमित गिरी ने गाइए गणपति वंदना, मोती शर्मा ने गुरु वंदना, अभिषेक वर्मा ने मां सरस्वती वंदना गाकर सुंदरकांड की शुरुआत की। महंत आदित्य गिरी व डा. अमित गिरी ने यजमान के द्वारा संपूर्ण आरती तथा सभी भक्तों के द्वारा संपन्न कराई।

भगवान को प्रसाद का भोग लगाकर सभी भक्तों में वितरण किया गया।

इस मौके पर मंदिर प्रांगण में मंदिर की पुजारन पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, समता जोशी, आशा देवी, जतिन गिरी, डा. रविंद्र प्रताप भारद्वाज, शुभम जोशी, आमखेड़ा से आए दीपक चौहान, मृदुलेश चौहान, प्रधानजी, हेमराज व उनकी पत्नी मनोज कात्यान, रुक्मेश रानी, सुधा, सतीश शर्मा, संध्या चौधरी तथा अनेक श्रद्धालु मंदिर में मौजूद रहे।

# बैंक विभाग ने सब रजिस्ट्रार ऑफिस को हराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन आज बैंक विभाग और सब रजिस्ट्रार ऑफिस के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच में बैंक विभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉ. महमूद अहमद भोलू ने मैच का शुभारंभ किया और झंडारोहण किया। इस दौरान प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मायांशी कश्यप, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर और इशिका ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। डॉ. भोलू ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दीं और टूर्नामेंट की विजेता व उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफी का अनावरण भी किया। अंपायर फाजिल अली और विनीत कुमार की देखरेख में यह मैच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर



### प्रीमियर लीग के चौथे दिन जीता मुकाबला

248 रन बनाए। जवाब में सब रजिस्ट्रार टीम 14 ओवर में 153 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह बैंक विभाग ने यह मुकाबला जीत लिया। बैंक विभाग की ओर से मोंटी ने 34 गेंदों पर 91 रन बनाए, जबकि हैप्पी ने 17 गेंदों में 40 रन का योगदान दिया। बैंक विभाग के मोंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। सब रजिस्ट्रार विभाग के मौहम्मद दानिश ने 13 गेंदों में 29 रन बनाए और उन्हें फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने मोंटी को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी और मौहम्मद दानिश को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की। टूर्नामेंट में संतोष सिंह और अभिनव अग्रवाल ने मैच की शानदार कमेंट्री की। चौथे दिन का दूसरे मैच का खुर्शीद मंसूरी ने फीता काट के शुभारंभ किया। मैच पीडब्लूडी टीम और बार एसोसिएशन के बीच खेला गया। बार एसोसिएशन ने मैच जीता। अंपायर फाजिल अली व संतोष सिंह की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। बार एसोसिएशन ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा 212 रन बनाकर जीत हासिल की। पीडब्लूडी टीम 14. 1 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बार एसोसिएशन टीम से आकिब ने चार विकेट लिए। बार एसोसिएशन टीम से आकिब मैंन ऑफ द मैच रहे व पीडब्लूडी टीम से रोहित फाइटर ऑफ द मैच रहे। नेशनल एंटी करप्शन सोशल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने आकिब को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व रोहित को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूर्नामेंट में विनीत कुमार और सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, हिना अग्रवाल, विनीता आदी रहे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस चौनल पर चलाया जा रहा है।

## एक नजर

### स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना सात को



**चांदपुर।** विद्युत विभाग के अधिकारियों की हठधर्मिता, किसान समस्याओं के समाधान एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में भाकियू (हिंद) कार्यकर्ता सात अप्रैल को सुबह दस एसडीओ कार्यालय, चांदपुर पर धरना व प्रदर्शन करेंगे। भाकियू के वरिष्ठ प्रदेश प्रवक्ता अकील अंसारी ने बताया कि विद्युत विभाग से हर आम जन की डोर बंधी हुई है, लेकिन विभाग के कुछ अधिकारी किसानों के प्रति अपने रवैये को नहीं बदल पा रहे हैं। किसानों का उत्पीड़न आम बात हो गई है। समस्याओं का समाधान समय पर ना करना, विद्युत विभाग के कुछ अधिकारियों की हठधर्मिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाकियू (हिंद) के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसके विरोध में सात अप्रैल को विद्युत विभाग के चांदपुर कार्यालय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि धरने को सफल बनाने के लिए धरना स्थल पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष साजिद चौधरी भी आ रहे है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से धरने को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

### महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू डिग्री कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 'मिशन शक्ति 5.0 चरण-2 के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय महिला सशक्तिकरण रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर ओजपूर्ण काव्य पाठ किया। जिसके माध्यम से समाज में नारी की शक्ति और अधिकारों का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर प्रो.अनिल कुमार वर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कुमारी श्रद्धा वत्स, मुबश्शरा नाज और नायला हसन ने भी विषय पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार प्रस्तुत किए। श्रद्धा वत्स ने जोर देते हुए कहा कि यदि महिलाएं सशक्त होंगी तभी देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान के विभाग अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह, असिस्टेंट प्रो.मौहम्मद सुलेमान, इतिहास विभाग के प्रवक्ता गौतम सिंह तथा अन्य शिक्षक गण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी और उनके स्वावलंबन के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

### स्कूली बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली



**नजीबाबाद।** ब्लॉक क्षेत्र के मंडावली आंगनबाड़ी केंद्र के छात्र-छात्राओं ने संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से बच्चों ने ग्रामीणों को संचारी रोगों के प्रति सतर्क रहने और स्वच्छता अपनाने का संदेश दिया। रैली में आंगनबाड़ी केंद्र मंडावली के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके हाथों में 'स्वच्छता अपनाएं, संचारी रोगों को दूर भगाएं', 'हम सबने ठाना है, संचारी रोगों को भगाना है', 'जागरूक रहें, सुरक्षित रहें', 'हाथ धोएं, बीमारी भगाएं' जैसे नारे लिखी तख्तियां थीं। बच्चों ने ग्रामीणों को चेचक, हैजा, छोटी माता, डेंगू ज्वर, सुजाक, हेपेटाइटिस ए, बी और सी जैसे संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखें साफ सफाई और 'स्वस्थ जीवन, स्वस्थ भारत' जैसे नारों से स्वच्छता के महत्व पर जोर दिया। शिक्षक नईमुद्दीन अली ने बताया कि बारिश के मौसम में गंदगी के कारण संचारी रोग तेजी से फैलते हैं। उन्होंने इन रोगों से बचाव के लिए निरंतर जागरूकता बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर सीएचओ मंडावली गो. विंद कुमार, आशा संगिनी शांति त्यागी, आशा कार्यकर्ता रीना, सोनम, रेनू और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### झूठी सूचना देने पर आरक्षी निलंबित

**बिजनौर।** एसपी द्वारा झूठी सूचना देने वाले आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 28 मार्च, 2026 की रात करीब नौ बजे थाना हल्दौर पर नियुक्त आरक्षी गुलाम मुर्तजा निवासी ग्राम बूची, थाना शीशगढ़, जनपद बरेली के द्वारा डायल 112 के माध्यम से अपने गांव की राजनैतिक प्रतिस्पर्धा के चलते निजी स्वार्थ के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु गांव के ही एक व्यक्ति के घर में गौकशी के लिए गौवंशीय पशु बंधे होने की सूचना दी थी। इस संबंध में थाना शीशगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच करने पर सूचना असत्य पाई गई। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि थाना हल्दौर पर तैनात आरक्षी गुलाम मुर्तजा द्वारा भ्रामक एवं असत्य सूचना देकर पुलिस को गुमराह किया गया। जिस कारण आमजन में पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई व अपने कर्त्तव्यों के प्रति लापरवाही, उदासीनता व स्वेच्छाचारिता का परिचय दिए जाने के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षी गुलाम मुर्तजा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। एसपी द्वारा जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि ऐसा कोई कृत्य न करें जो विधि के प्रतिकूल हो। विधि के प्रतिकूल कृत्य/तथ्य संज्ञान में आने पर सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### एसएम गुडविल एकेडमी का परीक्षाफल



**शेरकोट।** मौहल्ला शेखान स्थित एसएम गुडविल एकेडमी स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने एवं गत सत्र में हुई विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंध कमेटी ने पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया। प्रधानाचार्य द्वारा परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि कक्षा प्ले में प्रथम स्थान हानिया सिद्दीकी, नर्सरी में अमान रिजवान, केजी में हादिया शमशाद, मायरा दिलशाद, ईलाह। कक्षा एक में हम्माद राशिद, मायरा, मायरा नासिर, कक्षा दो में मायरा, स्वाति, जन्नत, कक्षा तीन में अक्षिता, काव्या, नमीरा, कक्षा चार में सिमरा परवीन, मौहम्मद बिलाल, कक्षा पांच में मोहित कुमार, मुजतबा हैदर, कक्षा छह में जोया नाज, माहीन, रुशान अंसारी, कक्षा सात में वंश कुमार, जोया नाज, कक्षा आठ में मनाहिल आदि कक्षा में प्रथम स्थान पर रहे। वहीं द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबन्धक अंकुर जैन ने विद्यार्थियों से शिक्षा पर जोर देते हुए स्कूल पहुंचे अभिभावकों से बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। इस मौके पर अनामिका जैन, प्रधानाचार्य नवनीत शर्मा, संगीता चौहान, सादिया परवीन सहित स्टाफ मौजूद रहा।

# सांसद आदित्य ने लोकसभा में उठाया रेल लाइन का मुद्दा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सांसद आदित्य यादव ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं से जुड़े एक अत्यंत महत्वपूर्ण लोकहित के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने चन्दौसी–बिसौली–बदायूं–उसहैत–कायमगंज (लगभग 100 किमी) नई रेलवे लाइन के निर्माण की जोरदार मांग करते हुए सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। सांसद ने कहा कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी बदायूं जनपद का देश की राजधानी दिल्ली एवं प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सीधा रेल संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि लगभग 35 लाख की आबादी आज भी मुख्य रूप से सड़क परिवहन और रोडवेज सेवाओं पर निर्भर है, जिससे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि बरेली मंडल के अधिकांश जनपदों में रेलवे जंक्शन की सुविधा उपलब्ध है, जबकि बदायूँ अब तक इस मूलभूत सुविधा से वंचित है। यह स्थिति क्षेत्र के संतुलित विकास में बाधा उत्पन्न कर रही है।

सांसद आदित्य यादव ने कहा कि प्रस्तावित चन्दौसी– बिसौली–बदायूं–उसहैत–कायमगंज रेलवे लाइन बनने से न केवल बदायूं का सीधा संपर्क दिल्ली, लखनऊ और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों से स्थापित होगा, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक रेल मार्ग के रूप में भी विकसित होगी। इससे दिल्ली, बरेली और लखनऊ जैसे व्यस्त रेल मार्गों पर दबाव कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह परियोजना पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को पूर्वी एवं मध्य उत्तर प्रदेश से जोड़ते हुए एक प्रभावी 'औद्योगिक गलियारा' के रूप में विकसित हो सकती है। इससे क्षेत्र में नए उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, व्यापार के अवसर बढ़ेंगे तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही यात्री एवं माल परिवहन दोनों अधिक सुलभ, तेज और किफायती हो सकेंगे, जिससे रेलवे की आय और परिवहन क्षमता में भी वृद्धि होगी। अंत में सांसद ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस जनहितकारी और महत्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए तथा रेलवे बोर्ड के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य जल्द शुरू कराया जाए, ताकि बदायूं जनपद को भी समुचित और आधुनिक रेल संपर्क का लाभ मिल सके।

# डिप्टी कलेक्टर के चालक ने लगायी फांसी

## परिजनों की सतर्कता के चलते बची जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डिप्टी कलक्टर की सरकारी कार पर तैनात चालक ने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। उसने अपने घर में फांसी लगा ली, लेकिन समय रहते परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बच गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी स्थिति में सुधार हो गया और चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी।

डिप्टी कलक्टर की सरकारी कार पर तैनात चालक क्षेत्र के गांव रजाकपुर निवासी 37 वर्षीय नीरज पुत्र मनीराम सिंह ने बुधवार को अपने ही घर में फांसी लगा ली। गनीमत रही कि समय रहते परिजनों को इसकी भनक लग गई और वह मौके पर पहुंच गए। नीरज को फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार के बाद छुट्टी दे दी गई। इस बावत सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि नीरज ने पारिवारिक क्लेश के चलते फांसी लगाई थी। जांच में सामने आया है कि वह बीते 15 साल से अनुबंध पर चालक है। परिजनों की ओर से मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस गांव पहुंची थी। एंबुलेंस से नीरज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर किया गया था। हालत में सुधार आने पर चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी।

# हिंदू जागृति मंच के उमेश श्रीमाली बने अध्यक्ष और शलभ रस्तोगी महामंत्री

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच की बैठक में उमेश श्रीमाली को नगर अध्यक्ष एवं शलभ रस्तोगी को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। हिंदू जागृति मंच के माध्यम से तन मन धन से समाज सेवा करने का सामूहिक संकल्प भी लिया गया।

अमृत कूप मंदिर पर संपन्न हुई हिंदू जागृति मंच की बैठक में नगर कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए गंगा रस्तोगी, शोभा गर्ग, सुमन शर्मा, सरिता गुप्ता, विकास वर्मा ने उमेश श्रीमाली को नगर अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा और श्याम शरण शर्मा, सरदार कुलबीर सिंह, सुबोध कुमार गुप्ता, मनीष गर्ग, सुमन कुमार वर्मा ने शलभ रस्तोगी को नगर महामंत्री मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। दोनों प्रस्तावों पर व्यापक विचार विमर्श उपरांत हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने उमेश श्रीमाली को हिंदू जागृति मंच का नगर अध्यक्ष

■ **हिंदू जागृति मंच के माध्यम से तन मन धन से समाज सेवा का लिया गया सामूहिक संकल्प**

तथा शलभ रस्तोगी को महामंत्री मनोनीत किया। एक सप्ताह में 11 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित करने को कहा गया।

प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उमेश श्रीमाली और शलभ रस्तोगी दोनों ही विश्व हिंदू परिषद, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, गोरखनाथ सेवा समिति सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं में समाज सेवा का लंबा अनुभव प्राप्त समाजसेवी है। अस्तु इन दोनों के नेतृत्व में हिंदू जागृति मंच अधिक सक्रियता व सजगता के साथ समाज, धर्म एवं राष्ट्र की सेवा करेगा। ऐसी हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों की अपेक्षा है, विश्वास भी। नव मनोनीत दोनों पदाधिकारी उमेश श्रीमाली और शलभ रस्तोगी को बैठक में उपस्थित भारत मिश्रा, सुभाष चंद्र शर्मा, अरुण कुमार अग्रवाल, अंकुर रस्तोगी, ओम चंद्रा, अरविंद शंकर शुक्ला, राजेंद्र गुर्जर ने अपने विचार व्यक्त किये। नव मनोनीत दोनों पदाधिकारियों को सभी ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाइयां दी। माला और भगवा पटका पहनाकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। नव मनोनीत नगर अध्यक्ष उमेश श्रीमाली ने कहा कि हिंदू जागृति मंच की मासिक बैठक निर्धारित की जाएगी। इसके अतिरिक्त महापुरुषों की जयंती, विशेष पर्व एवं समय-समय पर विशेष अवसरों पर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों के सक्रिय सहयोग के साथ भिन्न-भिन्न आयोजन किए जाएंगे। शलभ रस्तोगी ने हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया।

# मौलिक अधिकारों की रक्षा करना संघ का कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** नगर के तीरथ बैंकट हॉल में गुरुवार को भारत राष्ट्रीय सेवक संघ का स्थापना दिवस एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के विस्तार, सामाजिक अनुशासन और नागरिक अधिकारों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर विनोद नागर का कार्यकर्ताओं ने हनुमान जी का चित्र और गदा भेंट कर जोरदार स्वागत किया। उनके साथ मंच पर कर्नल अश्वनी कुमार, ताराचंद नागर, नवीन विजय सोई एनआरआई,अनीता कसाना और विशाखा त्यागी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने भगवान हनुमान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने और अनुशासित रहने का आह्वान किया। अपने संबोधन में प्रोफेसर विनोद नागर ने कड़े शब्दों में कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को मिले मौलिक अधिकारों की रक्षा करना संघ का प्राथमिक कर्तव्य



है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समाज में किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का हनन किया जाता है। तो संघ उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। और संगठन के माध्यम से इसका कठोर जवाब दिया जायेगा। समारोह के समापन पर सभी उपस्थित लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह, सत्यपाल सिंह, अजयपाल कटारिया, मुनेश चंद, उदयवीर सिंह, दीपक गुर्जर, पूजा चौधरी, छाया सागर, सोमवती शर्मा, अंकित बंसल, शीशपाल सिंह और स्वामी मनोज दास सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह आयोजन संगठन की एकजुटता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

# हादसे में पत्नी की मौत, पति व बेटा घायल

## ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मां की मौत हो गयी जबकि पिता व बेटा घायल हो गये। हालत गंभीर होने पर दोनों को हायर सैंटर रैफर किया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव चचौरा निवासी अली हसन पुत्र लियाकत अपनी पत्नी परवीन (45) एवं अपने बेटे राशिद के साथ आज दोपहर रहरा बैंक में किसी कार्य से आए थे। वापस जाते वक्त अलीगढ़ हसनपुर मार्ग पर रहरा में होटल के नजदीक गवां की दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक सवार रोड पर गिरकर बुरी तरह घायल हो गये। जबकि परवीन की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों घायलों को सीएचसी रहरा में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार देने के बाद डॉक्टरों ने रशीद को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## एक नजर

### धनौरा में पांच नामित सभासदों को दिलायी शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका परिषद सभागार में गुरुवार को शासन से नामित पांच सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने नामित सभासदों कुसुमलता गोयल, सीमा रानी, प्रत्यक्ष शर्मा, जसवीर सिंह उर्फ जोनी और ओमवीर सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि नामित सभासदों के जुड़ने से नगर के विकास कार्यों को नई मजबूती मिलेगी। सभी सदस्य मिलकर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और नगर की सफाई, सड़क, पानी, प्रकाश और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम करेंगे। समारोह में पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, ईओ अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, सुनील प्रजापति, देवेश तंवर, विशाल कौशिक, पवन वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** नगर पालिका सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने नामित सभासदों मानवी त्यागी, ज्योति गर्ग, अजयपॉल, पंकज भटनागर, पंकज भटनागर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि सरकार ने भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पालिका में नामित करके उन्हें जनता की सेवा करने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे प्रदेश का जमकर विकास कर रही है। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि वह सभी को साथ लेकर नगर में विकास करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष हरि सिंह सैनी, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, विजयपाल सिंह, मंयक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, पूर्व प्रमुख महावीर सिंह, मोहसिन खान, जुनेद खान, शराफत मलिक आदि मौजूद थे।

### जोया में नामित सभासदों को दिलायी शपथ




**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** शासन द्वारा नगर पंचायत में नामित तीन सभासदों प्रमोद अग्रवाल, सीमा चौधरी, आकाश बाल्मीकि को पंचायत के सभागार में डिप्टी कलेक्टर ने शपथ दिलाई। ईओ विपिन सेंगर, चेयरमैन जुबेर अहमद, ब्लाक प्रमुख सरदार गुरेंद्र सिंह ढिल्लों, गिरीश त्यागी, भूप सिंह बेनीवाल, एवं कृष्ण कुमार सिंह, जीत सिंह, अनुज कुमार, जीशान अहमद, विजय पांडे, जितेंद्र कुमार, राजवीर विश्वकर्मा, माया गुप्ता, गिरीश गुप्ता, विपिन गुप्ता, प्रमोद चौधरी, मीनू गुप्ता, विजय प्रसाद शर्मा, मधु कुमारी पारूल अग्रवाल, राजकुमार चंदेल अनुराग गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से बनाए शारिरिक संबध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एक युवती के एक युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार अलग अलग होटलों में ले जाकर शारिरिक सम्बंध बनाए, लेकिन अब शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी युवक के विरूद्ध तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

नगर के एक मौहल्ला निवासी युवती के अपनी मां की भतीजी के लड़के नितिनसे छह वर्ष पूर्व प्रेम संबध हो गए थे, तभी से नितिन युवती से शादी का भरोसा देता रहा।

■ **तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज**

आरोप है कि छह सात माह पूर्व नितिन ने युवती को नगर के अलग अलग होटलों में ले जाकर शारिरिक सम्बंध बनाए। इसके बाद युवक ने शादी से मुकरने की बात शुरू कर दी। कई बार युवती ने उसे समझाया मगर वह युवक नहीं माना। इसके बाद पीड़िता ने बुधवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी नितिन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** श्री रामायण संकीर्तन मंडल द्वारा बाबा गंगानाथ मंदिर में भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर चोला ओढ़ाया, महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

बृहस्पतिवार को बड़ा बाजार स्थित बाबा गंगानाथ मंदिर में भगवान हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। बाहर के कलाकारों एवं कमेटी के पदाधिकारियों ने सुंदर कांड का पाठ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद

## बाबा गंगानाथ मन्दिर में महाआरती



रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष चैन सुख गोले, अनिल स्वरूप टंडन, प्रतुल शर्मा, अतुल पंडित, संदीप रस्तोगी, राजवीर यादव, सुधांशु शर्मा, दयाल शर्मा, अमित रस्तोगी, आशुतोष त्रिवेदी आदि मौजूद रहे। उधर मोहल्ला पुष्कर नगर स्थित बाला जी धाम मंदिर में श्री बालाजी भक्त मंडल ट्रस्ट की ओर से भगवान हनुमान का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ट्रस्ट ने बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रृंगार किया और महाआरती कर छप्पन भोग लगाया। इसके बाद सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान संजीव कुमार, सौरभ अग्रवाल, नवीन जिंदल, रोहित अग्रवाल, तरूण अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सिम्मी, रीता, अंजली, अंशु आदि मौजूद रहे।

# मंत्रोच्चार व जयकारों से हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के हाइवे स्थित खेम सिंह कालोनी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद भंडारा आयोजित करके प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान पूरा वातावरण मंत्रोच्चार और जयकारों से गूंज उठा।

■ **खेम सिंह कॉलोनी में संकट मोचन मंदिर में हुआ आयोजन**

बता दें कि खेम सिंह कालोनी में स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापना के लिए पंडित जयप्रकाश शुक्ल के दिशा निर्देशन में 31 अप्रैल से धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किया गया था। 31 अप्रैल को अन्नवास व पूजन हुआ तो वहीं 01 अप्रैल को दूधवास व पूजन किया गया। 02 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी की प्रतिमा को कॉलोनी में भ्रमण कराया गया।



कार्यक्रम स्थल हनुमान जी की जयकारों और मंत्रोच्चार से गुंजित हो उठा। दोपहर में हनुमान जी को छप्पन भोग के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान अरविंद चौधरी, अरूणा चौधरी, दीपक सिंह, आशा रानी, भीष्म सिंह, रेनु देवी, अंकित चौधरी, पूनम सिंह, अरूण चहल, सुरजीत सिंह, अरूणा, उषा देवी, रेनू देवी, आंचल समेत आचार्य नमन शर्मा, आचार्य गौरव शुक्ला, आचार्य श्रीकांत पाण्डेय, आचार्य कन्हैया प्रसाद आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आठ साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पिता का नाम बदलकर रह था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** पिता का नाम बदलकर रह रहे फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव मूंढा इम्मा में वर्ष 2017 में दर्ज गोकशी और पुलिस पर हमले के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए आधार कार्ड में अपने पिता का नाम बदलकर पहचान छिपाए हुए था। 6 जून 2017 को उपनिरीक्षक संजीव कुमार ने गोकशी के मामले में चार महिलाओं सहित 18 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में वांछित आरोपी वसीम पुत्र अकबर उर्फ लल्ला उर्फ नवावजान लंबे समय से फरार चल रहा था। जो स्थाई (रेड) जारी कर दिया गया था। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वालियान ने एसआई जसवीर सिंह तथा सिपाही संदीप कुमार और मानवेंद्र सिंह की टीम के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी वसीम ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए उसने करीब पांच साल पहले अपने आधार कार्ड में पिता का नाम अकबर की जगह नवावजान दर्ज करा लिया था और फरार होकर रह रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया है।

# पालिका ने दस पशु पालकों पर कराया मुकदमा

## रोक के बावजूद पशु पालकों पर कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** नगर पालिका ने शहर में अवैध रूप से पशुपालन और डेयरी संचालन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 10 पशुपालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बार-बार नोटिस और चेतावनी के बावजूद नियमों का पालन न करने पर पालिका ने यह कदम उठाया है।

पालिका प्रशासन के अनुसार, शहर में अवैध पशुपालन के चलते नालियों में गंदगी, जल निकासी में बाधा और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा था। कई बार संबंधित पशुपालकों को अपने पशु नगर सीमा से बाहर रखने के निर्देश दिए गए, लेकिन उन्होंने आदेशों की अनदेखी की। इसी के चलते पालिका ने सख्ती दिखाते हुए श्री असलम, श्री रहमान, श्री बुद्धा, श्री इस्लाम, श्री सुलेमान, श्री अच्छन, श्री गफ्फार, श्री रहीम, श्री अनवर एवं श्री सरवर, निवासी मोहल्ला छेड़ा, जाटव धर्मशाला के पास, जनपद अमरोहा के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में वाद दायर करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिशासी अधिकारी ने साफ कहा है कि नगर क्षेत्र में अवैध पशुपालन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अन्य पशुपालकों को भी चेतावनी दी गई है कि वे अपने पशुओं को निर्धारित स्थानों पर रखें, अन्यथा उनके खिलाफ भी इसी प्रकार की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर में स्वच्छता और बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# निर्माण के दौरान गिरी दीवार, कई मजदूर घायल

## हादसे का वीडियो हुआ वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** निर्माण कार्य के दौरान एक दीवार अचानक ढह गई, जिससे कई मजदूर घायल हो गए। हादसा पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना अमरोहा शहर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा बाईपास मोहल्ले में हुई। यहां मजदूर एक दीवार का निर्माण कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। दीवार अचानक भरभराकर मजदूरों के ऊपर आ गिरी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी के हालात बन गए। इस दुर्घटना में कई मजदूर चोटिल भी हुए। हादसे के तुरंत बाद, आसपास के लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायल मजदूरों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में जांच किए जाने की बात कही।

# प्रदेश सरकार निरंतर कर रही जनहित के कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**मण्डी धनौरा।** विधानसभा धनौरा के शेरपुर मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित विधायक राजीव तरारा ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विधायक ने प्रदर्शनी का भी फीता काटकर शुभारंभ किया। गुरूवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं



का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिकाधिक लोगों को लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश की साख बढ़ी है। महिला सशक्तीकरण, रोजगार सहित सभी विषयों पर सरकार का पूरा ध्यान है।

# मुठभेड़ में ढेर हुआ उधम सिंह गैंग का 50 हजार का इनामी शार्प शूटर मोंटी, व्यापारी से मांगी थी 5 करोड़ की रंगदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में 15 मार्च को व्यापारी से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और फैक्ट्री पर फायरिंग की सनसनीखेज घटना के बाद पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की। बुधवार की रात मुरादाबाद पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने कुख्यात उधम सिंह गैंग के शार्प शूटर आशु उर्फ मोंटी चड्ढा को मुठभेड़ में मार गिराया।पुलिस के अनुसार, आरोपी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह कई गंभीर मामलों में वांछित चल रहा था। घटना के बाद से एसटीएफ मेरठ यूनिट और स्थानीय पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। बुधवार को सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने सिविल लाइन्स क्षेत्र में पोस्टमार्टम हाउस के पास घेराबंदी की।खुद को चारों ओर से घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से वह गंभीर





रूप से घायल हो गया। पुलिस टीम ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि मोंटी चड्ढा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सक्रिय अपराधी था और उसके खिलाफ गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर और मुरादाबाद समेत विभिन्न जिलों में 36 से अधिक संगीन मुकदमे दर्ज थे। हाल ही में उसने मुरादाबाद के एक निर्यातक से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी और उन पर जानलेवा हमला भी किया था, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में थी।मौके से पुलिस ने अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए हैं। वहीं, इस मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गिरोहों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति (द्वितीय चरण) के अंतर्गत एंटी रोमियो टीमों ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। पुलिसकर्मियों द्वारा चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से संवाद स्थापित किया गया। एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर पम्पलेट वितरित किए तथा महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातक. ालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन में इमरजेंसी कॉल व पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिया गया, जिससे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।

## एक नजर

### नवीन शिक्षा सत्र पर प्रधानाचार्यों का भव्य अभिनंदन समारोह हुआ आयोजित

**मुरादाबाद।** नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ के अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राम रतन इंटर कॉलेज, बिलारी में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही और नव नियुक्त प्रधानाचार्यों का सम्मान किया गया।समारोह में नव नियुक्त प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के लगभग एक दर्जन प्रधानाचार्यों का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्यों को पुष्पगुच्छ, भगवा गमछा, स्मृति चिन्ह एवं श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का माहौल गरिमामय और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर सिंह तथा धर्मेंद्र सिंह ने मंच से शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रधानाचार्य किसी भी विद्यालय की रीढ़ होते हैं और उनकी भूमिका छात्रों के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।वक्ताओं ने नवीन शिक्षा सत्र को नए संकल्पों और ऊर्जा के साथ शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और प्रधानाचार्यों को मिलकर शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना होगा, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और संसाधन मिल सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य और सफल शैक्षिक सत्र की कामना के साथ किया गया।



### दहेज उत्पीड़न में दर्जनों पर महिला और पुरुषों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** पीड़िता की मांग पर एसएसपी के आदेश से पुलिस ने दर्जन भर महिला और पुरुषों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है कांठ निवासी शाइस्ता परवीन पुत्री ताहिर का निकाह 8 फरवरी 2023 को आसिफ पुत्र अब्दुल रशीद निवासी सदाफल थाना स्योहारा धामपुर जिला बिजनौर के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत से बढ़कर दहेज दिया आरा. प है कि ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे और ६5 लाख एवं वैगन आर गाड़ी की मांग कर रहे थे मना करने पर पीड़िता के साथ मारपीट गाली गलौज शारीरिक मानसिक प्रताड़ना जारी थी वर्षों तक वह अपना घर बचाने के लिए उनके जुल्म सहती रही लेकिन एक दिन उन्होंने मारपीट कर घर से निकाल दिया वह अपने पिता के घर आ गई लेकिन चार लोगों के कहने से वह फिर वापस चली गई मगर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट और गाली गलौज का क्रम जारी रखा पीड़िता का कहना है कि उसका पति दूसरे नगरों में रहता है और उसके परिवार के लोग दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करते रहते हैं 2 अप्रैल 2025 को उसका पति व ससुराल जन गांव में ही थे उन सभी ने दहेज के लिए उसे फिर गाली गलौज करनी शुरू कर दी और अपने दोस्त उस्मान बाबा के कहने पर पहने हुए कपड़ों में मुरादाबाद ले आया और छोड़कर चला गया कहा कि बिना दहेज के वापस आई तो जान से मार देंगे। तब से वह मायके में रह रही थी पीड़िता ने परेशान होकर 29 जनवरी को पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए उसके बाद आरिफ ने समझौते के लिए समय मांगना शुरू कर दिया 20 मार्च को दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई जिसमें आसिफ जाफरी रशीद भूरा सलमा फातिमा बाबा उस्मान देवर हाशिम निवासी सदाफल एवं नसरीन नजमा नफीस शकीरा आदि लोग मौजूद थे।

इन सभी ने बिना दहेज लिए उसे साथ ले जाने को इनकार कर दिया आसिफ ने उक्त लोगो कहने पर तलाक देने की धमकी दे दी और अपने साथ रखने से इनकार कर दिया पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया उनके आदेश से पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### जिला अस्पताल में हुई फायर मॉक ड्रिल स्टाफ को सिखाए गए अग्नि सुरक्षा के उपाय

**मुरादाबाद।** अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से दमकल विभाग द्वारा जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल एवं फायर एंड रेस्क्यू ट्रेनिंग अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव और राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।यह प्रशिक्षण मुख्य अग्निशमन अधिकारी डॉ. राजीव कुमार पांडे और फायर स्टेशन ऑफिसर ज्ञान प्रकाश शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया गया। फायर विभाग की टीम में स्वतंत्र कुमार, राजपाल तोमर, अश्वनी, जुबेर आलम और शुभम कुमार शामिल रहे, जिन्होंने अस्पताल स्टाफ को व्यवहा. रिक प्रशिक्षण दिया।मॉक ड्रिल के दौरान अस्पताल परिसर में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास कराया गया। कर्मचारियों को बताया गया कि आग लगने पर घबराने के बजाय तुरंत अलार्म बजाएं, मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाएं और अग्निशमन यंत्रों का सही तरीके से उपयोग करें। साथ ही विभिन्न प्रकार की आगख्रजैसे बिजली से लगने वाली आग, ज्वलनशील पदार्थों से आगख्रको बुझाने के अलग-अलग तरीकों की जानकारी दी गई।जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में आग जैसी किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की मॉक ड्रिल से स्टाफ को आपातकाल. ीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलती है।प्रशिक्षण के दौरान अग्निशमन उपकरणों की जांच, उनके रखरखाव और सही उपयोग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कर्मचारियों को फायर एक्सटिंग्विशर की कार्यप्रणाली समझाई गई और यह भी सिखाया गया कि आपात स्थिति में किस तरह संयम बनाए रखते हुए प्रभावी ढंग से आग पर काबू पाया जा सकता है।इस अवसर पर अस्पताल के सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे और उन्होंने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल परिसर को अधिक सुरक्षित बनाना और किसी भी आपदा से निपटने के लिए स्टाफ को पूरी तरह तैयार करना रहा।



## हनुमान जयंती पर मंदिरों में हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन

**चन्दौसी।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर गुरुवार को नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हवन-यज्ञ, पूजा-अर्चना के बाद विशाल भंडारों का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सीतारोड स्थित साहू झुन्नीलाल धर्मशाला के सामने हनुमान मंदिर में दो दिन पूर्व अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन गुरुवार को हुआ। इसके उपरांत सुबह 10 बजे तक हवन-यज्ञ कर लोक कल्याण के लिए आहुतियां दी गईं और फिर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में सेवादार नवीन अग्रवाल, विष्णु शंकर वार्ष्णेय, अजय अग्रवाल, शिवम वार्ष्णेय, दीक्षा वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, प्रखर वार्ष्णेय सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। वहीं सीतारोड स्थित लड्डू वाले बालाजी महाराज के दरबार में 31 मार्च को अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया था, जिसका समापन 01 अप्रैल को महाआरती के साथ हुआ। सेवादार राकेश अग्रवाल ने बताया कि समापन के उपरांत महामायी काली माई का अखाड़ा भी निकाला गया। गुरुवार सुबह करीब 08 बजे उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी मंदिर पहुंचे और जलाभिषेक किया। इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में भाग लिया। कार्यक्रम में राजन वार्ष्णेय, हेमंत बालाजी, विनय अग्रवाल, तरुण कुमार, वरुण कुमार, मोहित, प्रदीप सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## नगर विधायक रितेश गुप्ता ने काली माता मंदिर पर कराया विशाल भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बालाजी महोत्सव के पावन अवसर पर नगर विधायक रितेश गुप्ता द्वारा काली माता मंदिर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह लगभग 10 बजे विधि-विधान के साथ हवन पूजन से हुई, जिसके पश्चात महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूरे मंदिर परिसर में भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिला।हवन और महाआरती के उपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में विशेष रूप से छप्पन भोग भगवान



को अर्पित किया गया तथा देवी माता को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि बालाजी महोत्सव का यह दिन अत्यंत पावन और श्रद्धा से परिपूर्ण होता है।

उन्होंने कहा कि इस दिन जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए जाते हैं और बड़ी संख्या में लोग भगवान का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को महोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं।पूजा-अर्चना का कार्य आचार्य जगदीश प्रसाद कोठारी द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में विधायक की धर्मपत्नी अल्पना रितेश गुप्ता, माता श्रीमती सैल गुप्ता सहित अनिरुद्ध अग्रवाल, आरएसएस के विभाग प्रचारक ब्रजमोहन, सुरेंद्र, हरि सिंह ढिल्लों, जयपाल सिंह, डॉ. सेफाली सिंह, हरिओम शर्मा, गोपाल, सौरभ गुप्ता, अमित गुप्ता, ब्रजेश एवं भाजपा के कई पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ईनगर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि आयोजन से पूर्व ब्रह्म भोज कराया गया, जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर नगर निगम का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शहर के बुद्धि विहार स्थित नव निर्मित हनुमान वाटिका में नगर निगम द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिले में पहली बार इस स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में गूंजते भजनों और हनुमान चालीसा के पाठ ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी, जो देर शाम तक जारी रही।सुंदरकांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खास बात यह रही कि इस दौरान कमिश्नर, नगर आयुक्त और मेयर स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा। इससे लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला और आयोजन को लेकर नगर निगम की सराहना भी हुई।नगर निगम के इस प्रयास को सामाजिक एवं धार्मिक एकता का प्रतीक माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता का संदेश भी देते हैं।इस अवसर पर मेयर ने घोषणा की कि नगर निगम द्वारा हनुमान जयंती पर इस प्रकार का भव्य आयोजन हर वर्ष कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इसे और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल होकर धार्मिक लाभ प्राप्त कर सकें।




## मॉडर्न न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा फल वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मॉडर्न न्यू सैनिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया जिसमें कक्षा नर्सरी से नौ तक और ग्यारह के छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल दिया गया और साथ ही अपनी अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन नफीसुल हसन उर्फ फौजी निदेशक विजय सिंह परगाई एवं प्रधानाचार्या फरहीन मोईन और उप प्रधानाचार्य श्री श्याम बाबू ने कक्षा में प्रथम आए छात्र-छात्राएं और दूसरे एवं तीसरे स्थान पर आए छात्र और छात्राएं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया जिनमे सुल्तान अहमद, शहाब. ुद्दीन, मुनीर अहमद, असलम, अजहर, जिया आदि अध्यापको ने छात्र एवं छात्रों को शील्ड देकर सम्मानित किया! एवं स्कूल अध्यापिकाओं सुषमा, नसरीन, सबा, जेबा ,अतिका, रहींन, रिंकी शाहीन, निधि, शबनम, कोमल अफसाना, नसरीन खान अमृता,नूरे निशा ने शील्ड देकर सम्मानित किया तथा इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक नफीसुल हसन ने कहा आजआपकी मेहनत का फल है जो आपको दिया गया है जिससे आपका भविष्य तय होता है और अब आप नए सत्र में और अगली कक्षा में पहुंच गए हैं अब आपको अपने परिवार और कॉलेज का नाम रोशन करना है और कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य हैं और आप अपने परिवार व देश की दिशा ब दशा तय करते हैं साथ ही सभी छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ को कठिन परिश्रम करने को कहा।




## बिजली के तारों से निकली चिंगारी से चार बीघा गेंहू की फसल जली

**शाह टइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खनुपुरा में गुरुवार की दोपहर संजीव कुमार पुत्र आराम सिंह के खेत में विधुत पोल पर बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी गिरने से खेत में खड़ी गेंहू की फसल में आग लग गई। आग लगने पर गेंहू की कटाई कर रहे संजीव कुमार ने शोर मचाया तो आसपास खेतों में कटाई कर रहे ग्रामीणों ने पेड़ों की डालियां तोड़कर आग बुझाने में जुट गए। सूचना पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने अथक प्रयास कर एक घंटे से अधिक समय में आग पर काबू पाया तब तक खेत में खडी चार बीघा गेंहू की फसल जल गई। सूचना पर हल्का लेखपाल जुनेद खान भी मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का आंकलन किया। किसान संजीव कुमार का आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारियों ने फोन रिसीव नहीं किया। खेतों में होकर गुजर रही हाइवोल्टेज लाइन के जर्जर तार होने से बार-बार तार टूटकर गिरते हैं और किसानों की फसल में आग लगने की घटनाएं होती है।

## टीएमयू नर्सिंग की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस केयरकॉन में जुटेंगे जाने-माने विशेषज्ञ

● तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के नर्सिंग कॉलेज में देश के करीब 12 राज्यों के संग-संग विदेशों से भी एक्सपर्ट ब्लेंडेड मोड में तीन और चार अप्रैल को करेंगे विचार साझा, कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्रों में 30 रिसर्च पेपर्स भी प्रस्तुत होंगे, आईएनएस इंडिया की सीईओ एंड लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बिनु शर्मा बतौर मुख्य अतिथि, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी मेंडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के नर्सिंग डीन डॉ. अशोक कुमार विश्नोई बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश और दुनिया के नामचीन नर्सिंग एक्सपर्ट्स जुड़ेंगे। कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से प्रोस्पैक्ट एंड चौलेंजेज फॉर अर्ली एंड एडवांस हेल्थकेयर रिसर्चर्स पर दो दिनी कॉन्फ्रेंस- केयरकॉन-2.0 का शंखनाद 03 अप्रैल से होगा। देश के करीब 12 राज्यों के संग-संग विदेशों से भी एक्सपर्ट ब्लेंडेड मोड में अपने-अपने विचार साझा करेंगे।

कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्रों में 30 रिसर्च पेपर्स भी प्रस्तुत होंगे। ऑडी में आयोजित कॉन्फ्रेंस केयरकॉन में आईएनएस इंडिया की सीईओ एंड लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बिनु शर्मा बतौर मुख्य अतिथि, जबकि अटल बिहारी वाजपेयी मेंडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डीन नर्सिंग डॉ. अशोक कुमार विश्नोई बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर शामिल होंगे। विला कॉलेज मालद्वीप की फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज की डिप्टी डीन डॉ. मनो प्रिया विजयान, योनसी यूनिवर्सिटी- साउथ कोरिया के डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थकेयर मैनेजमेंट ग्रेजुएट स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ की डॉ. वासुकी आर., जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी- नई दिल्ली के स्कूल ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड एलाइड हेल्थ की फाउंडर डीन प्रो. मंजु, चुगानी, एम्स- कॉलेज ऑफ नर्सिंग- नई दिल्ली की प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. लता वेंकटेशन, एम्स-ऋषिकेश की प्रोफेसर-कम -प्रिंसिपल डॉ. स्मृति अरोरा, पीजीआई एनआईएनई- चंडीगढ़ की प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. सुखपाल कौर, समर्पण इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज लखनऊ की प्रिंसिपल डॉ. दीप्ति शुक्ला की गरिमामयी मौजूदगी रहेगी। कॉन्फ्रेंस में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी. सुभाषिनी, प्रिंसिपल्स- प्रो. एम. जेसलीन, प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम. निवास भी मौजूद रहेंगे। सिमबायोसिस कॉलेज ऑफ नर्सिंग पुणे की डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शीला उपेन्द्र, राजकीय अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी मंडी के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग साइंसेज की डीन प्रो. वंदना, राजकीय नर्सिंग कॉलेज सिद्धपुर के प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. राकेश कुमार पाटीदार, टीएमयू नर्सिंग कॉलेज के रिसर्च कोर्डिनेटर प्रो. योगेश कुमार, पीजीआईएमईआर- चंडीगढ़ की डॉ. एसजीटी यूनिवर्सिटी- गुरूग्राम के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के डीन डॉ. सुनील के दुलार, निमस यूनिवर्सिटी-जयपुर के कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. महाराज सिंह, बीएम पाटिल इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज- विजयपुर की वाइस प्रिंसिपल- कम-एचओडी डॉ. सुचित्रा ए रति, नर्सिंग नेक्सट लाइव- नई दिल्ली के चीफ एकेडमिक आफिसर सुश्री प्रियंका बंसल, बॉम्बे हॉस्पिटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग- इंदौर की प्रोफेसर-कम-प्रिंसिपल डॉ. एमएस विंसी, कृष्णा इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज महाराष्ट्र की प्रोफेसर-कम- डीन डॉ. वैशाली आर मोहिते, निमहांस- बैंगलोर के फैकल्टी एंड नर्सिंग कंसल्टेंट डॉ. गोपीचंद्रन एल. आदि भी अपने-अपने व्याख्यान देंगे।




**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नईम अहमद द्वारा संस्था मक्का मस्जिद उमरी कलां इन्तेजामिया कमेटी, मोहल्ला जुम्मे का बाजार उमरी कला, तह० कांठ, जिला मुरादाबाद का सदर/अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. नईम अहमद-सदर/अध्यक्ष, 2. मौ० अहमद नायब सदर /उपाध्यक्ष, 3. शुजा उददीन-मोहतमिम/प्रबन्धक, 4. मौहम्मद शाहिद- खजांची/ कोषाध्यक्ष, 5. अमानत हुसैन, 6. हसीन अहमद, 7. नईमुद्दीन, 8. वहीद अहमद - मेम्बर/सदर दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक निबन्धक।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र फिरोज मलिक व पुत्रवधू श्रीमति नसरीन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नौशे मलिक पुत्र मुन्ना निवासी चंगेरी तहसील कांठ जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने सबसे छोटे बेटे शाने आलम पुत्र अखलाक हुसैन निवासी पक्का बांग, बड़ा कुआं थाना गलशहीद मुरादाबाद एवं उसकी पत्नी जीनत से उनके गलत व्यवहार के चलते सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं और उन्हें अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कृत्य का मुझसे एवं मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई ताल्लुक नहीं होगा। **अखलाक हुसैन पुत्र स्व0 गुलाम नूर नि0 पक्का बाग, बड़ा कुआं थाना गलशहीद, मुरादाबाद।**

## भारतीय किसान यूनियन ने पुरानी मांगों को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन



कांठ( शाह टाइम्स) भारतीय किसान यूनियन ने आज तहसील में बैठक कर पुरानी मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सोपा बताया गया कि कांठ में मिट्टी परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाए नगर का पानी खादर क्षेत्र में खुला जाता है इसे नियमित किया जाए बिजली आपूर्ति शासनादेश के अनुसार नहीं हो रही है इसे किया जाए ब्रेकडाउन शटडाउन विद्युत समस्या से निजात दिलाई जाए विद्युत विभाग ने क्षेत्र में जितने भी स्मार्ट मीटर लगाए हैं उनमें रीडिंग गलत आ रही है उन्हें ठीक कराया जाए मिट्टी के डंपरों की स्पीड कम की जाए तथा स्कूल समय पर बंद रखे जाएं गन्ना प्रजाति किसान हित की कम है अच्छी प्रजाति किसानों को दिलाई जाए गन्ना भुगतान एक्ट के अनुसार नहीं हो रहा है जिसे किया जाए महाराणा प्रताप द्वार पर रपटा बनवाया जाए और क्षेत्र के खराब ट्रांसफार्मरों को बदलवाया जाए उन्होंने इन मांगों के समय से निस्तारण ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बतादे कि भारतीय किसान यूनियन इन मांगों को काफी सालों से उठाती चली आ रही है लेकिन हर बार आश्वासन ही मिलता है और वही आश्वासन आज फिर मिला और किसान एसडीएम को ज्ञापन देकर चले गए इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह दर्शन सिंह अरविंद बिश्नोई ओमपाल सिंह हंस ढिल्लों मोहम्मद आफताब आकिब अंसारी राम अवतार सिंह अंगद चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष कदीर अंसारी मशीन चौधरी आदि कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ पीतल नगरी डिपो ट्रैफिक शाखा का वार्षिक चुनाव सम्पन्न



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ पीतल नगरी डिपो ट्रैफिक शाखा का वार्षिक चुनाव क्षेत्र द्वारा नामित चुनाव अधिकारी श्री विपिन कुमार तथा श्री भूरी सिंह की देख रेख में सम्पन्न हुआ।

चुनाव में शाखा अध्यक्ष पद पर श्री गौरव चौहान तथा शाखा मंत्री पद पर श्री राजीव यादव कार्यकारी अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह क्षेत्रीय प्रतिनिधि श्री चंद्रभान सिंह, श्री करणवीर सिंह, श्री मोहम्मद अनस एवं संयुक्त मंत्री पद पर संजीव गोला को निर्विरोध चुना गया।इसके बाद शाखा की कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और उन्हें बधाई दी गई।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत अज्ञात चालक पर केस दर्ज

**ठाकुरद्वारा/काशीपुर।** दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौंगी खुर्द, पोस्ट सुल्तानपुर दोस्त निवासी ऊदल सिंह पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 25 मार्च को उनका पुत्र अमित कुमार फैक्ट्री के ठेकेदार शुभम कुमार की मोटरसाइकिल (संख्या यूके 18ई-5029) से फैक्ट्री के कार्य से महुआखेड़ा गंज की ओर जा रहा था। जब अमित पैगा चौकी चौराहा मार्ग और ग्राम महुआखेड़ा गंज मार्ग के बीच पहुंचा, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल (संख्या यूके 18एफ-4920) के चालक ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को 108 एम्बुलेंस की मदद से सरकारी अस्पताल काशीपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मार्ट मीटर बंद होते ही बिजली ठप, एडवांस भुगतान के लिए विभाग में उमड़ी भीड़

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी के चलते उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा। कई घरों में मीटर चालू रहने के बावजूद सप्लाई आगे नहीं पहुंच पाई, जिससे अचानक बिजली कटने पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

बिजली चालू कराने के लिए उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग पहुंचकर एडवांस (एस्टरा) भुगतान किया। भुगतान के बाद संबंधित कनेक्शनों की सप्लाई दोबारा शुरू कर दी गई। इस दौरान बिजली विभाग कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन गई और लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर में सप्लाई आने के बावजूद घरों तक बिजली नहीं पहुंच रही है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने समय पर बिल जमा किया था, फिर भी उनकी सप्लाई बंद कर दी गई। इसके बाद मजबूरी में उन्हें एडवांस भुगतान कर बिजली चालू करानी पड़ी। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड प्रणाली पर आधारित हैं, और बैलेंस समाप्त होने पर सप्लाई स्वत: बंद हो जाती है उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बैलेंस बनाए रखने की सलाह दी गई है ताकि ऐसी समस्या से बचा जा सके। बिजली विभाग में दिनभर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## ईदगाह के पेड़ों के नाम पर तीन लाख की ठगी शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र में ईदगाह की जमीन पर खड़े पेड़ों के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी इंतजार हुसैन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी इंतजार हुसैन पुत्र असगर अली ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत दर्ज कराई जिसमे बताया कि उसकी मुलाकात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर निवासी जाहिद हुसैन से हुई, जिसने खुद को ईदगाह कमेटी का सदस्य बताया। उसने कमेटी के सचिव मौ० कासिम से मिलवाया और ईदगाह की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टिस व सिम्बल के पेड़ों को बेचने की बात कही। आरोप है कि पेड़ों का सौदा करीब 10 लाख में तय हुआ, जिसके एवज में प्रार्थी ने ध्3 लाख अग्रिम रूप में दे दिए।

आरोपियों ने ईद के बाद पेड़ों की कटाई कराने का आश्वासन दिया था। पीड़ित का कहना है कि तय समय बीतने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे टालना शुरू कर दिया। 28 मार्च 2026 को दोबारा पैसे मांगने पर आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही उसके खिलाफ झूठी शिकायत भी दर्ज कराई गई। प्रार्थी ने यह भी बताया कि उसे लगातार फोन पर धमकियां मिल रही हैं, जिससे वह भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस से अपनी 3 लाख की राशि वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

संख्या 3353V/ एम0बी0डी0/10509/मुरादाबाद, **दिनांक:** 19.03.2026

**सूचना**-सेवा में, 01. श्री करन सिंह पुत्र श्री गजराम सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम मझोला खुर्द पो० जलालपुर थना, जिला अमरोहा। 02. श्री सोमपाल सिंह पुत्र श्री रामचरन सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम रामहठ, पो० कैलशा जिला अमरोहा। 03. श्री राजवीर सिंह पुत्र श्री डोरी लाल, भूतपूर्व सदस्य, निवासी बुद्धि विहार मझोला जिला मुरादाबाद। 04. श्री रामकिशन सैनी पुत्र श्री फूल सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी डबल फाटक, बस अड्डा अमरोहा (धनौरा) जिला अमरोहा। विषय: संस्था आनन्दम् आरोग्यम् स्वावलम्बन संस्थान पता आनन्यम पुतलीघर रोड मझोला लाइनपार जिला मुरादाबाद के सम्बन्ध मे। महोदय, उपयुक्त विषयक डॉ. श्री प्रियकर द्वारा स्वयं को उक्त संस्था का सचिव दर्शाते हुए अपने पत्र जो कार्यालय में दिनांक 28.02.2026 के माध्यम से संस्था की संशोधित नियमावली एवं संस्था की प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2025-2026 पंजीकृत किये जाने हेतु प्रपत्र प्राप्त है। जिसके साथ प्रस्तुत प्रपत्रों मे आप को प्रबन्धसमिति की सूची वर्ष 2025-26 में चयनित नही दर्शाया गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध मे यदि आपको कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त के सम्बन्ध मे अपनी आपत्ति/अनापत्ति नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय मे प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। **भवदीय- ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक रजिस्ट्रार।**

# पहाड़पुर में घर-घर पहुंचकर शिक्षक ने जगाई शिक्षा की अलख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** स्कूल चलो अभियान" के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय पहाड़पुर के अध्यापक राजीव कुमार द्वारा गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया।

शिक्षक राजीव कुमार ने अभिभावकों को बताया कि हर बच्चे का विद्यालय में नामांकन बेहद आवश्यक है और नियमित रूप से स्कूल जाने से ही उनका सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें, जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके। अभियान के दौरान गांव के कई अभिभावकों ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अपने बच्चों को विद्यालय भेजने का आश्वासन दिया। शिक्षक ने यह भी जानकारी दी कि सरकार द्वारा बच्चों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और मिड-डे मील जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस जनसंपर्क अभियान में विद्यालय स्टाफ का भी सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर अभिमन्यु सिंह, श्रीमती ममता, श्रीमती नीतू सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

अभियान के चलते गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है और अधिक से अधिक बच्चों के स्कूल से जुड़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## मशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक, साइबर क्राइम की दी जानकारी

**बिलारी।** जनपद के थाना सोनकपुर क्षेत्र में एमएसटी-18 टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान महिला कांस्टेबल आशा एवं पूजा गौतम ने मंदिर परिसर में पहुंचकर उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इनमें 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1090 (वीमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1078 तथा 112 (आपातकालीन सेवा) शामिल हैं। टीम सदस्यों ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी, उत्पीड़न या आपात स्थिति में महिलाएं और बालिकाएं बिना झिझक इन नंबरों पर संपर्क कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने आत्मरक्षा, सतर्कता और साइबर सुरक्षा के प्रति भी जागरूक किया। स्थानीय महिलाओं ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूकता मिलती है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। पुलिस विभाग का यह प्रयास समाज में सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए गांव गांव लगेंगे विशेष शिविर

**कांठ** (शाह टाइम्स) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फार्मर रजिस्ट्री को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें सभी किसानों का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। यथाशीघ्र प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष शिविर आयोजित कर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ा जाए ताकि कोई भी पात्र किसान इस व्यवस्था से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा कि सरकार फार्मर रजिस्ट्री को कृषि क्षेत्र में एकीकृत लाभ वितरण प्रणाली के रूप में विकसित कर रही है। तथा अन्य संबंधित विभागों की सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को जोड़ा जा रहा है।

## नगर में साप्ताहिक बंदी का नहीं हो रहा पालन प्रशासन कब लेगा संज्ञान?

**ठाकुरद्वारा।** नगर में साप्ताहिक बंदी के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। तय दिन पर बंद रहने वाली दुकानें भी धड़ल्ले से खुल रही हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। नगर के व्यापारियों व स्थानीय लोगों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का उद्देश्य व्यापारियों और कर्मचारियों को विश्राम देना तथा शहर में यातायात व सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाना होता है, लेकिन नगर में इसका पालन लगभग नाम मात्र रह गया है। कई बाजारों में बंदी के दिन भी सामान्य दिनों की तरह दुकानें खुली रहती हैं। व्यापारियों के बीच भी इसको लेकर असंतोष देखने को मिल रहा है। कुछ दुकानदार नियमों का पालन करते हुए अपनी दुकानें बंद रखते हैं, जबकि अन्य खुलेआम नियमों की अनदेखी कर रहे हैं, जिससे प्रतिस्पर्धा में असमानता की स्थिति बन रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बंदी का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि व्यवस्था में सुधार हो सके। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब संज्ञान लेता है और नगर में साप्ताहिक बंदी व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू कर पाता है।

## देशभर में 100 हवाई अड्डों का विकास भदासना हवाई अड्डा भी शमिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाण्डे।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना संशोधित उड़ान (UDAN) को मंजूरी देना देश भर के नागरिकों के लिए यात्रा को अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पहाड़ी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों, भूमि केंद्र शासित प्रदेशों, उत्तरी एस्लर क्षेत्र और आकांक्षी जिलों में 200 हेलीपोटों का विकास।हवाईअड्डों के विकास के लिए चौटलेंज मोड को अपनाना, जिसके तहत राज्य और केंद्र शासित प्रदेश विघटन और तत्परता के आधार पर मूल्यांकन के लिए हवाईअड्डों को नामित करेंगे, जिससे बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास संभव हो सकेगा।मानव संसाधन लागत और परिचालन स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए सेरोड्रोमों के संचालन और रखरखाव के लिए तीन वर्षों तक सहायता प्रदान करना।5 राज्यों की सक्रिय भागीदारी और योजना के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य समर्थित ढांचे का निर्माण।टियर 2 और टियर 2 शहरों के नागरिकों के लिए कनेक्टिविटी में




सुधार करने हेतु बड़े विमानों पर अधिक संख्या में यात्रियों के लिए वापसी योग्य सीटों का प्रावधान।मागों को व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए व्यवहार्यता अंतर निधि सहायता की अवधि को तीन साल से बढ़ाकर चार साल करना। ठअलमानिथार हैटे, के तहत विमान अधिग्रहण के लिए समर्थन का उद्देश्य घरेलू निर्माण प्रणाली के विकास बढ़ावा देना है।

इस योजना का उद्देश्य हवाई अड्डों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों के विकास के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाना, विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक अवसरों को बढ़ाना और विमानन क्षेत्र के संतुलित और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

## जय कुमार प्रजापति ने कराया आनंदी फार्म हाउस में होली मिलन का आयोजन

**कांठ( शाह टाइम्स )**सपा नेता जयकुमार प्रजापति द्वारा विधान सभा कांठ के छजलैट आनंदी फार्म हाउस में "होली मिलन एवं पीडीए पंचायत" का आयोजन कराया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सपा राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कांठ एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अखध्तर उपस्थित रहे, कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक स्वागत एवं होली मिलन के साथ हुई, जिसमें सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला, कमाल अखध्तर ने अपने संबोधन में सभी को होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं, उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता का संदेश देता है, उन्होंने प्रजापति समाज के सम्मान, अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के मुद्दे को मजबूती से उठाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा इस समाज को मुख्यधारा में लाने का कार्य किया है समाजवादी पार्टी ही वह पार्टी है जिसने प्रजापति समाज को सिर्फ वोट बैंक नहीं समझा, बल्कि उन्हें सम्मान, पहचान और नेतृत्व देने का काम किया समा.



जवादी पार्टी ने प्रजापति समाज के नेताओं को चुनाव में टिकट देकर उन्हें विधानसभा और अन्य लोकतांत्रिक मंचों तक पहुंचाया, उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि गायत्री प्रसाद प्रजापति को समाजवादी पार्टी ने न केवल आगे बढ़ाया बल्कि उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाकर समाज के नेतृत्व को मजबूत किया, दया राम प्रजापति को विधान परिषद भेजकर पार्टी ने यह संदेश दिया कि वह हर वर्ग को समान अवसर देने में विश्वास रखते है, उन्होंने वर्तमान स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आज पूरे जनपद में प्रजापति समाज का एक भी अधिकारी न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, यह दर्शाता है कि वर्तमान सरकार ने इस समाज की अनदेखी की है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने हमेशा प्रजापति समाज को दरकिनार करने का काम किया है और उनके अधिकारों को नजरअंदाज किया है, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में एकता, जागरूकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने पीडीए पंचायत की सराहना करते हुए कहा कि यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत पहल है, जो समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों को उनके अधिकार दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित कुमार प्रजापति एवं संचालन हिमांशु सैनी ने किया,इस मौके पर अनिल प्रजापति , विजयपाल प्रजापति, एडवोकेट मनोज प्रजापति, देवी लाल प्रजापति , पूरन प्रजापति , भगवान दास प्रजापति , विक्रम सिंह यादव , जोगेंद्र सिंह , दिव्यांशु सागर, प्रेम सिंह पासी , लाखन सिंह सैनी, अतिकुरहमान, फुरकान अली, मुकेश यादव , अरशद , कपिल ठाकुर , मनोज चौधरी , दुर्गा शर्मा , जय किशोर, हरपाल सिंह यादव, नौरतन सिंह , आनंद यादव आदि लोगो मौजूद रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पक्षकार Can Fin Homes Ltd., शाखा रामगंगा विहार, मुरादाबाद निर्देश पर नोटिस दिया गया था कि राजेश पाल पुत्र चौखे सिंह ने अपनी एक सम्पत्ति रकबई 105.00 वर्ग मीटर जोकि शाहपुर तिगरी, तहसील व जिला मुरादाबाद में स्थित है, को बन्धक रख ऋण के लिए आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व का एक मूल विक्रय पत्र जोकि रमेश चन्द्र शर्मा पुत्र ईश्वरदयाल द्वारा मुख्तारेआम कल्लू पुत्र चुन्नू ने श्रीमती कमलेश पत्नी श्री उदयपाल सिंह तोमर के पक्ष में निष्पादित किया था। जो वही नं0- 1, जिल्द नं0- 5141, पेज नं0- 45-74, क्रमांक 3393 दिनांकित 17-07-2006 जोकि उप-निबन्धक कार्यालय- मुरादाबाद, पर पंजीकृत है, उक्त मूल विक्रय कही गिरकर खो गये है। बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। जिसकी सूचना थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद, में दी जा चुकी है एवं प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था/ बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त सम्पत्ति को बन्धक किये जाने पर आपत्ति या एतराज है तो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर-अन्दर **Can Fin Homes Ltd.**, शाखा रामगंगा विहार, मुरादाबाद में अपनी आपत्ति/ क्लेम प्रस्तुत कर दें अन्यथा उक्त सम्पत्ति के विक्रय एवं बन्धक के सम्बन्ध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा यदि किसी व्यक्ति / वित्तीय संस्था / बैंक को आपत्ति होती है तो उक्त समयावधि के अन्दर दीपांक कुमार एडवोकेट चै.न. बी-28, सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड (बगिया), मुरादाबाद रजि नं. (UP00644/16 मोब० 9410235993) से सम्पर्क कर सकता है।

**दीपक कुमार एडवोकेट,**
**चैम्बर नम्बर-बी28, सिविल कोर्ट**
**कम्पाउण्ड बगिया, मुरादाबाद, मो.**
**9410235993,8888900679**

## शक्तिपीठ मंदिर बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव, श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम रामपुर बलभद्र स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ मंदिर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बालाजी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित इस भव्य आयोजन का शुभारंभ नेपा चौकी पर तैनात संजय चौहान ने फीता काटकर किया। वहीं, पूरे कार्यक्रम की देखरेख मंदिर के महंत विक्रम यादव की पुत्री एवं प्रमुख सेविका प्रिया यादव ने की। इस मौके पर मंदिर परिसर




श्रद्धालुओं से पूरी तरह गुलजार रहा। भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने बालाजी के समक्ष माथा टेककर अपने घर-परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरा वातावरण श्जय बाबाश् के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर बरखेड़ा पांडे से पधारे महंत सोमपाल सिंह, जसपुर महंत राजीव राणा, अनीता राणा, मंदिर की देखरेख करने वाली महंत विक्रम यादव की पत्नी गुड्डी यादव, महिपाल सिंह, अर्जुन कुमार, संजू, कपिल कुमार, यश चौधरी, रिंकी चौधरी और रेनू चौधरी, ममता देवी, पूजा रानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बालाजी के जन्मोत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। वहीं श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष में मोहल्ला बंजारन, शिव शक्ति मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा, श्री हनुमान अष्टक तथा हनुमान जी की आरती शाहिद पूजा पाठ कार्यक्रम किए गए। महिलाओं ने भक्ति गीत गए इसके पश्चात प्रसाद वितरण कार्यक्रम के साथ हनुमान जयंती कार्यक्रम संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार उर्मिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल विमल कुमार प्रियांशु कुमार भव्य कुमार ठाकुर प्रकाश सुधीर कुमार मुकेश कुमार वर्मा लक्ष्मी देवी ममता देवी आदि उपस्थित रहे। शिव शक्ति मंदिर विवेकानंद कॉलोनी पर आज हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से अंकित शर्मा एडवोकेट ,सभासद नगर पालिका, सतीश चंद्र शर्मा वरिष्ठ लिपिक नगरपालिका , अमन शर्मा ,दिव्या मिश्रा पूर्व सभासद, हार्दिक भारद्वाज, दिया भारद्वाज, रजनी शर्मा, प्रीति शर्मा ,देव प्रकाश चौहान ब्रह्मपाल सिंह निशांक भारद्वाज, दीवान सिंह ज्ञान प्रकाश प्रिंसिपल विवेकानंद जगदीश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर



### कुढ़फतेहगढ़ पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** गुरुवार को थाना कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत क्षेत्र महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं व बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। गुरुवार को कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रीठ, दियौरा खास, बरी चौराहा तथा छावड़ा स्थित बैंक आदि स्थानों पर जाकर उपनिरीक्षक आकाश यादव एवं कांस्टेबल प्रीति, अंजलि शर्मा ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर एवं महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कुढ़फतेहगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में गांव-गांव जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सशक्तिकरण पर जानकारियां देकर जागरूक किया जा रहा है।

### गो माता का पूजन कर देखी व्यवस्था

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** विकास शर्मा ने अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार के साथ गौ माता का पूजन किया और हरा चारा चोकर ,गुड, फल आदि का भोग लगाकर गौ माता की सेवा की गौशाला में हरा चारा, भूसा, एवं पानी की उचित व्यवस्था पाई गई। बताया गया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर गौशाला में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। चारे के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है। जिसमें हरा चारा बुवाकर गौशाला पहुंचाया जा रहा है। विकास शर्मा ने अधिशासी अधिकारी उमरी कलां से गौशाला में लट्ठे बनाने की मशीन लगाने का आग्रह किया। और कहा कि जल्द ही लट्ठे बनाने की मशीन लगाकर गौशाला को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस मौके पर नजम अहमद , पशुधन प्रसार अधिकारी आलोक चौहान, ब्योमकेश पशु मित्र,एवं केयरटेकर उपस्थित रहे।



### भाकियू नेता संगठन विस्तार को लेकर गांव-गांव कर रहे बैठक



कांठ(शाह टाइम्स) भारतीय किसान यूनियन के संगठन विस्तार तथा किसानों की समस्यायों को केकर राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर नौ सिंह गांव गांव वैठक कर रहे है। 30 मार्च को किसानों ने किसान भवन पर पहले पंचायत की। फिर नारे लगाते होते हुए थाना छजलैट में घुस गए। भारतीय किसान यूनियन के इस आंदोलन ने पुलिस व प्रशासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। छजलैट थाने के बीच में त्रिपाल बिछाकर बैठ गए और करीब 3 घंटे तक किसानों का थाने में धरना रहा। हंगामें के बीच मौके पर पहुंचे गन्ना मिल दीवान व स्योहारा के अधिकारी तथा तहसीलदार कांठ, क्षेत्राधिकारी कांठ, एससीडीआई कांठ, प्रथमा बैंक अधिकारीयों के मान मनोबल के बाद किसानों से समझौता हुआ था। किसानों ने सभी को 10 दिनों का समय, मांगे पूरी करने के लिए दिया था। इसी क्रम में 10 तारीख को बड़े आंदोलन की तैयारी में भारतीय किसान यूनियन की टीम जुटी है। 2 तारीख को मल्लपुर व नजराना गांव की चौपालों पर लगातार बैठकें की। इस मौके पर भाकियू के पितामह कहे जाने वाले डॉक्टर नौ सिंह, कावेंद्र सिंह, तेजपाल सिंह, देवराज सिंह,परवेन्द्र सिंह,लाल सिंह, सत्येंद्र सिंह ,वीरेंद्र सिंह,सुदेश लाल, पंकज कुमार आदि किसान उपस्थित रहे।

### परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान तथा पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई के द्वारा 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत हुए शिक्षकों व शिक्षामित्र के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया और स्कूल चलो अभियान तथा पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी साथ में ही किया गया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में विकासखंड ठाकुरद्वारा में कार्यरत शिक्षक हरफूल सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय शरीफनगर, वीरेंद्र सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय फरीदनगर, नीना देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरजननगर, वीरेंद्रपाल सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपली अहीर, शिक्षामित्रों में रामपाल सिंह शेरपुर पट्ट , शशिबाला देवी माधोवाला और शाकरा खातून बहेड़ोवाला को उनके सेवानिवृत होने पर संगठन की ओर से शॉल उढ़ाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनको उनके आगे के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वेश शर्मा मांडलिक मंत्री उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने की।जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह,मंत्री त्रिवेंद्र कुमार ने सभी सेवानिवृत शिक्षकों को उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दीं और बेसिक शिक्षा विभाग में उनके योगदान की प्रशंसा की। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस ने भी सभी सेवानिवृत शिक्षकों और शिक्षामित्रों को शुभकामनाएं दी तथा सभी अतिथियों ने बच्चों को पुस्तक वितरण भी किया तथा विद्यालय में अधिक से अधिक नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन नरेश चंचल और सोनिया चौहान ने किया तथा समारोह में हरि सिंह, निकेश कुमार, अशोक कुमार मंत्री, विशाल चौधरी, अनुज चौहान, नरेंद्र सिंह,अरूण कुमार,जितेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, अवनीश कुमार, कुलबीर सिंह, चंद्रवीर सिंह, सत्य प्रकाश, नितिन मोगा, पुष्पेंद्र कुमार,फरहत खान, उमा देवी, अर्चना धामा, एआरपी मोनिका गहलोत, हरवीर सिंह,रेनू रानी,सोनिया वैली, मिथिलेश, विनीता चौधरी, प्रतिमा मिश्रा सहित सैकड़ो शिक्षकों व शिक्षामित्रों ने प्रतिभाग किया।



### टीएमयू छात्रको जान से मारने की धामकी, हथियार लहराकर बसें रुकवाई , मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** (टीएमयू) के छात्र को जान से मारने की धमकी देने, कैंपस में घुसकर अभद्रता करने और हथियार लहराकर बसें रुकवाने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उत्तरखंड के काशीपुर निवासी यश ठाकुर पुत्र राजकुमार सिंह कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह टीएमयू में बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र है और रोजाना काशीपुर से बस संख्या यूपी 21बीएम 4907 से कॉलेज आता है। उसके अनुसार, टीएमयू की एक छात्रा से उसकी दोस्ती हो गई थी, जिससे नाराज होकर उसका पूर्व परिचित जतिन राजपूत, जो वर्तमान में गलगोटीएस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा है, उससे रंजिश रखने लगा। पीड़ित के मुताबिक, 31 मार्च 2026 को आरोपी जतिन राजपूत अपने साथ रितिक चौधरी व एक अन्य युवक को लेकर फर्जी तरीके से टीएमयू कैंपस में प्रवेश कर गया। उसने फोन कर यश ठाकुर को ग्राउंड में बुलाया और धमकी दी कि वह छात्रा से अपनी दोस्ती खत्म कर दे, अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा को भी मौके पर बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। घटना से डरे छात्र ने उस दिन अपने रिश्तेदार के घर शरण ली।

इस घटना से बसों में सवार छात्रों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित के दोस्तों ने पूरी घटना की जानकारी उसे दी और एक वीडियो भी उपलब्ध कराया, जिसमें आरोपी हथियार के साथ उसका नाम लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# SRH ने KKR के सामने रखा बड़ा लक्ष्य

### हैदराबाद ने अभिषेक, हेड़ व क्लासेन दम पर बनाएं 226 रन जवाब में केकेआर की भी तेज शुरूआत

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 227 रन का टारगेट दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में केकेआर ने बालिंग चुनी। एसआरएच ने पावरप्ले में 84 रन बनाने के बाद 10 ओवर तक 4 विकेट गंवा दिए। हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी लगाकर टीम को 226 तक पहुंचा दिया। कोल. काता से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लिए।

कोलकाता ने 1.3 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिए हैं। टीम से अजिंक्य रहाणे और अंगकृष रघुवंशी पिच पर हैं। फिन एलन 28 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें हर्ष दुबे ने



पवेलियन भेजा। सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 226 रन बना लिए। यह इस सीजन का बेस्ट स्कोर है। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने एसआरएच के खिलाफ ही 224 रन बनाए थे। एसआरएच से हेनरिक क्लासन ने 52, नीतीश रेड्डी ने 39, अभिषेक शर्मा ने 48 और ट्रैविस हेड ने 46 रन बनाए। कोलकाता के लिए ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 और वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट लिए। कार्तिक त्यागी और अनुक. ूल राय को 1-1 विकेट मिला। 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर ब्लेसिंग मुजरबानी ने शिवांग कुमार को कैच करा दिया। यह उनका चौथा विकेट रहा। उन्होंने हेनरिक क्लासन, अभिषेक शर्मा और ईशान किशन को भी पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में हेनरिक क्लासन ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने तीसरी गेंद पर स्क्वेयर लेग की दिशा में चौका लगाया और 34 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। अगली ही गेंद पर वे कैच भी हो गए। 19वें ओवर में वैभव अरोड़ा ने 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने पहली गेंद पर नीतीश रेड्डी को वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। रेड्डी ने 39 रन बनाए। अगली ही गेंद पर वैभव ने सलिल अरोड़ा को बोल्ड भी कर दिया। 18 ओवर के बाद हैदराबाद ने 200 रन पूरे कर लिए। नीतीश रेड्डी ने कार्तिक त्यागी के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर सिंगल लिया और टीम की डबल सेंचुरी पूरी करा दी। नीतीश रेड्डी और हेनरिक क्लासन ने 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 10वें ओवर में 118 रन के स्कोर पर चौथा विकेट गंवा दिया था। रेड्डी और क्लासन ने यहां से 15 ओवर में टीम का स्कोर 168 रन तक पहुंचा दिया। 14वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 150 रन पूरे कर लिए। टीम ने 9वें और 10वें ओवर में 3 विकेट गंवा दिए थे। यहां से हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी ने पारी संभाल ली।



**KKR के खिलाफ अपनी 48 रनों की धुआधार पारी के दौरान शॉर्ट खेलते हैदराबाद के अभिषेक शर्मा।**

## खेल विशेष

### भूटान को 5.0 से रौंद कर भारत सैफ अंडर-20 चैपिंयनशिप के फाइनल में

**माले (मालदीव), वार्ता।** भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भूटान को 5.0 से हराकर सैफ अंडर 20 चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। जहां उसका मुकाबला बंगलादेश से होगा। नेशनल स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में मौजूदा चैंपियन टीम ने रफ्तार, सटीकता और जबरदस्त फिनिशिंग से भरा एक शानदार प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम का शुक्रवार को बंगलादेश के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय हो गया, क्योंकि दूसरे सेमीफाइनल में बंगलादेश ने नेपाल को 1-0 से हराया था। मैच में रोहेन सिंह चापामयुम सबसे बेहतरीन खिलाड़ी बनकर उभरे। उन्होंने 56वें और 57वें मिनट में दो गोल किए और भारत के आक्रामक खेल में अहम भूमिका निभाई।

### आदित्य एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटार, वार्ता।** भारतीय बॉक्सर आदित्य प्रताप यादव ने गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में पुरुों के 65किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गए मुकाबले में आदित्य ने सऊदी अरब के मूसा अलहवसाव को 5.0 से हराया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह मदामिनोव से होगा। अब तक, विश्वनाथ सुरेश (पुरु 50किग्रा), सचिन (पुरु 60किग्रा), प्रिया (महिला 60किग्रा), प्रीति पंवार (महिला 54किग्रा) और दीपक (पुरु 70किग्रा) ने एशियन बॉलक्सग चैंपियनशिप 2026 में अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीत लिए हैं। जादुमणि सिंह (पुरु 55किग्रा) टूर्नामेंट में अपना मैच पहले ही हार गए थे। टूर्नामेंट शुरू होने से पहले, ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75किग्रा) और पूर्व विश्व चैंपियन निखत जरीन (51किग्रा) को उनके शुरुआती दौर में 'बाय' (सीधे अगले दौर में प्रवेश) दिया गया था।

# फीफा रैंकिंग में फ्रांस नंबर वन पर पहुंचा

**(स्विट्जरलैंड), वार्ता।** मार्च महीने के अंतर्राट्रीय मैचों में शानदार प्रदर्शन करे हुए फ्रांस लगभग आठ साल में पहली बार फीफा विश्व रैंकिंग में शीर्ा पर वापस आ गया है। फीफा रैंकिंग की ताजा अपडेट के अनुसार ब्राजील और कोलंबिया पर दोस्ताना मैचों में जीत ने फ्रांस को स्पेन और अर्जेंटीना से ऊपर पहुंचा दिया। 'लेस ब्लूज' (फ्रांस की टीम) ने सितम्बर 2018 के बाद पहली बार शीर्ा स्थान हासिल किया है।

शीर्ा तीन टीमों के बीच अंकों का अंतर बहुत कम था, जिससे मुकाबला काफी कड़ा रहा। स्पेन, जो सितम्बर 2025 से शीर्ा पर था, म्रि के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलने के बाद दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि विश्व चैंपियन अर्जेंटीना तीसरे स्थान पर आ गया। इंग्लैंड चौथे स्थान पर बना हुआ है, जबकि पुर्तगाल अपने हालिया मैचों में एक जीत और एक ड्रॉ हासिल करने के बाद ब्राजील से आगे निकलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उसे ब्राजील की फ्रांस के हाथों हार का फायदा मिला। शीर्ा 10 में बाकी टीमों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है( नीदरलैंड, मोरक्को, बेल्जियम और जर्मनी अपने-अपने स्थानों पर बने हुए हैं। मोरक्को 1,755-87 अंकों के साथ रैंकिंग में आठवें स्थान पर बना हुआ है, और अफीका की सबसे ऊंची रैंक वाली टीम के रूप में अपना दर्जा बरकरार रखे हुए है।

# पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन रंग लाएगा

### सीएसके की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच आज होगी चिदंबरम स्टेडियम में जंग

**चेन्नई, वार्ता।** पंजाब किंग्स का हरफनमौला संतुलन बनाम चेन्नई सुपर किंग (सीएसके) की शुरुआती सीजन की निराशा के बीच एम चिदंबरम स्टेडियम में जंग होगी। यह मुकाबला आईपीएल 2026 में दोनों टीमों के पिछले मैचों की लय, खिलाड़ियों की व्यक्तिगत फॉर्म और अहम प्रदर्शनों से तय होगा।

पंजाब किंग्स अपने शुरुआती मैच में एक आत्मविश्वास भरी जीत के बाद इस मुकाबले में उतर रही है, जहां कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। कूपर कोनोली ने 44 गेंदों में 72 रनों की संयमित और नाबाद पारी खेलकर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को संभाला और दबाव भरे हालात में स्थिरता बनाए रखी। प्रभसिमरन सिंह ने पारी की शुरुआत में 24 गेंदों में 37 रनों की तेज पारी खेलकर टीम को आक्रामक शुरुआत दी, जिससे पंजाब को पारी की शुरुआत में ही अच्छी लय मिल गई। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 11 गेंदों में 18 रनों की तेज पारी खेली। उन्होंने एक मजबूत स्ट्राइक रेट बनाए रखा और लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को सही रास्ते पर बनाए रखने में मदद की। गेंदबाजी के मोर्चे पर भी पंजाब के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। विजयकुमार वैशाख सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने अपने चार ओवरों में 34 रन देकर 3 विकेट लिए और सही समय पर विकेट लेकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। युजवेंद्र चहल ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर 2 विकेट लिए, उन्होंने बीच के ओवरों में विकेट लेकर विपक्षी टीम की रन गति पर लगाम कसी। मार्को जानसेन ने भी 20 रन देकर 1 विकेट लेकर प्रभावित किया, उन्होंने कसी हुई गें. दबाजी करते हुए डॉट गेंदों के जरिए विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स अपने निराशाजनक शुरुआती मैच की हार से उबरने की कोशिश कर रही है, जहां उनकी बल्लेबाजी क्रम सामूहिक रूप से अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा था। जेमी ओवरटन टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलुओं में से एक रहे। उन्होंने 36 गेंदों में 43 रन बनाए और टीम के विकेटों के लगातार गिरने के बावजूद पारी को संभाले रखा। कार्तिक शर्मा ने 15 गेंदों में 18 रन बनाए, जबकि सरफराज खान ने 12 गेंदों में 17 रन जोड़े, लेकिन कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को एक बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया। गेंदबाजी की बात की जाये तो अंशुल कंबोज ने कुछ हद तक विरोध किया और अपने 3 ओवरों में 27 रन देकर 2 विकेट लिए, एक मुश्किल मैच में सीएसके के लिए वह सबसे असरदार गेंदबाजों में से एक साबित हुए। हालांकि, कुल मिलाकर गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी, क्योंकि विरोधी टीम ने आसानी से लक्ष्य का पीछा कर लिया। इससे सीएसके की कुछ कमजोरियां सामने आ गईं, जिन पर वे इस मैच में सुधार करने की कोशिश करेंगे। दोनों टीमें अलग-अलग तरह की फॉर्म और व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ इस मुकाबले में उतर रही हैं, इसलिए पंजाब किंग्स अपने फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों और संतुलित गेंदबाजी आक्रमण पर निर्भर रहेगी। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स अपने सीनियर खिलाड़ियों जिनमें ऋतुराज गायकवाड़ और संजू सैमसन शामिल हैं से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी, ताकि वे अपने घरेलू मैदान पर टीम की स्थिति को मजबूत कर सकें।

# ओडिशा ने जीते खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिला व पुरुष वर्ग के खिताब

**रायपुर, वार्ता।** ओडिशा ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरु और महिला दोनों वर्गों में हॉकी का स्वर्ण पदक जीतकर अपने दबदबे को साबित किया। रायपुर के वल्लभभाई पटेल अंतर्राट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पुरु टीम ने झारखंड को 4-1 से हराया,

जबकि महिला टीम ने रोमांचक मुकाबले में मिजोरम को 1-0 से मात दी। पुरु वर्ग में झारखंड को रजत और छत्तीसगढ़ को कांस्य मिला, जबकि महिला वर्ग में झारखंड ने कांस्य पदक हासिल कर पोडियम पूरा किया। आज यहां खेले गए मुकाबलों में ओडिशा की पुरु टीम ने फाइनल में झारखंड को 4-1 से हराया, जबकि महिला टीम ने कड़े मुक. ाबले में मिजोरम को 1-0 से परा. जित किया। झारखंड और छत्तीसगढ़ की टीमें भी पोडियम



तक पहुंचीं, जो इन क्षेत्रों से उभरती प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। लेकिन पदकों से आगे बढ़कर असली कहानी उन गांवों, जंगलों और समुदायों में छिपी है, जहां हॉकी पहचान और अवसर दोनों बन चुकी है। रायपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में ओडिशा की यह दोहरी स्वर्णिम सफलता केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि यह इस बात का सशक्त उदाहरण है कि कैसे हॉकी ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों में जीवन को नई दिशा दे रही है। खेल प्रतिभा के भंडार माने जाने वाले पूर्वोत्तर राज्यों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां मिजा. ेरम की टीम ने फाइनल तक जगह बनाई। दशकों से हॉकी जनजातीय संस्कृति का हिस्सा रही है। बच्चे पेड़ की टहनियों से स्टिक बनाकर ऊबड़-खाबड़ मैदानों पर नंगे पांव खेलते हैं। प्रतिभा हमेशा मौजूद थी, लेकिन उसे आगे बढ़ाने का रास्ता नहीं था-जो अब बदल रहा है। केंद्रीय खेल मंत्रालय और राज्यों द्वारा संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, बेहतर बुनियादी ढांचे और संगठित जमीनी कार्यक्रमों के चलते अब एक मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है। 1992 बार्सिलोना ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे पूर्व ओलंपियन अजीत लकड़ा, जो वर्तमान में बिलासपुर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मुख्य कोच हैं, इस बदलाव को करीब से देख रहे हैं।

# ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है: किरण

**रायपुर, वार्ता।** जब खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सेमीफाइनल में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट के दौरान किरण पिस्दा ने गोलकीपिंग के दस्ताने पहने, तब वह अपने अब तक के अनुभवों पर भरोसा कर रही थीं।

उन अनुभवों पर, जिन्होंने चुनौतियों और निराशाओं के बीच उन्हें और अधिक मजबूत बनाया। दबाव को संभालना किरण की पहचान बन चुका है। चाहे टीम में जगह के लिए प्रतिस्पर्धा हो या अहम मैचों में प्रदर्शन, उन्होंने खुद को संयमित रखना सीख लिया है। वह कहती हैं कि ऊंचे स्तर पर खेलते समय दबाव हमेशा रहता है। आपको उसे संभालना सीखना पड़ता है। 24 साल की उम्र में किरण अपने खेल कौशल के शिखर पर नजर आती हैं। वह यूरोप में लीग फुटबॉल खेल चुकी हैं और अब बड़े अंतर्राट्रीय टूर्नामेंटों के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर हैं। हालांकि, उनका यह सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा, भले ही उन्हें स्कूल और परिवार से शुरुआती समर्थन मिला। उनके भाई गिरीश पिस्दा, जो खुद राट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं, उनके लिए प्रेरणा बने।

किरण ने साई मीडिया से कहा कि मुझे स्कूल में काफी सपोर्ट मिला। वहीं से मुझे राज्य और राट्रीय स्तर पर खेलने के मौके मिले और हर चयन के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। इसके बाद किरण शारीरिक शिक्षा में डिग्री हासिल करने के लिए रायपुर आईं। छत्तीसगढ़ महिला लीग के दौरान उन्होंने चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा और उन्हें राट्रीय शिविर के लिए बुलावा मिला। किरण बताती हैं कि उस समय मैं शारीरिक रूप से उतनी फिट नहीं थी और मेरा मानसिक स्तर भी सीनियर खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं था। मुझे एहसास हुआ कि वहां जो अनुभव मिला है, उस पर मुझे काम करना होगा। इसके बाद उनके जीवन में आत्म-सुधार का एक कठिन दौर शुरू हुआ। उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया, मैचों का विश्लोण करना शुरू किया और अपनी पोजशिनल समझ को बेहतर बनाया। लेकिन सबसे बड़ा बदलाव उनकी मानसिकता में आया। उन्होंने कहा कि मैंने खुद से कहा कि चाहे कुछ भी हो जाए, मैं नकारात्मक नहीं सोचूंगी। अगर आप नकारात्मक हो जाते हैं, तो उसका सीधा असर आपके प्रदर्शन पर पड़ता है। जब भी मुझे लगता है कि मैं अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हूं या मन खराब होता है, तो मैं उनसे बात करती हूं। वह हमेशा मुझे सकारात्मक रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

# रासी वैन डेर डुसेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**केप टाउन, वार्ता।** दक्षिण अफीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन ने सभी फॉर्मेट में खेलने के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो अप्रैल को अपने इस फैसले की पुटि की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाला संदेश साझा करते हुए अंतर्राट्रीय क्रिकेट में अपनी यात्रा को याद किया।

वैन डेर डुसेन ने नौ अक्टूबर, 2018 को जिम्बाब्वे के खिलाफ एक टी-20 मैच में अपना डेब्यू किया था और इसके बाद उन्होंने दक्षिण अफीका के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला।

उन्होंने अपने करियर में 57 टी-20, 71 एकदिवसीय और 18 टेस्ट मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अंतर्राट्रीय मैच 16 अगस्त, 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 खेला था। उनके बेहतरीन




प्रदर्शनों में से एक आईसीसी पुरु क्रिकेट विश्व कप 2023 में देखने को मिला,

जहां उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक शानदार शतक (133 रन) बनाया था।

# देबी डायमारी ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में जीता रजत

**अंबिकापुर, वार्ता।** 'जब हालात मुश्किल होते हैं, तो मजबूत लोग आगे बढ़ते हैं- यह एक मशहूर कहावत है जो खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने की ललक को बयां करती है। असम की महिला पहलवान देबी डायमारी की कहानी बाधाओं को पार करने की इच्छाशक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनकी मेहनत रंग लाई ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में रजत पदक जीता। असम के गोलाघाट जिले के सिसुपानी स्थित दिनेशपुर गांव की रहने वाली 28 वर्ीय देबी ने सात साल की उम्र में ही अपने माता-पिता को खो दिया था।

इसके बाद उन्हें अपने चाचा-चाची के साथ रहना पड़ा और आर्थिक तंगी के चलते अपनी ट्रेलनग जारी रखने के लिए उन्हें छोटे-मोटे काम भी करने पड़े। और आखिरकार देबी को उन सभी प्रयासों का फल तब मिला, जब उन्होंने यहां 'खेलो इंडिया



ट्राइबल गेम्स' में महिलाओं की 62 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। बोडो ट्राइब से आने वाली देबी कहती हैं, इस पदक के पीछे मेरी कड़ी मेहनत है। मैंने चार साल पहले ही 2022 में गोलाघाट जिले के बोकाखात में काजीरंगा के बगल में खेलो इंडिया सेंटर में कुश्ती शुरू की थी। इसमें प्रैक्टिस करने के लिए मुझे सेंटर के आसपास रूम लेकर रहना पड़ा। रूम का 1000 रुपया किराया देने के लिए मेरे पास पैसे नहीं थे, इसलिए मुझे एक साल तक पार्ट टाइम जॉब भी करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पहले तो मुझे 2022 में 2500 रुपये मासिक वेतन पर ईजी बाजार (बोकाखात) स्टोर में काम करना पड़ा और फिर 2023 में काजीरंगा में स्थित बोन विला रिसॉर्ट में करीब 7000 रुपये के मासिक वेतन पर जॉब करना पड़ा। वहां पर मैं स्वीलमग पूल की देखभाल और सफाई करती थीं। सारा दिन काम करने के बाद शाम को सिर्फ दो घंटे के लिए मैं कुश्ती की प्रैक्टिस कर पाती थी। मैंने जितना भी किया, उसके बदले मुझे ये रजत मिला। लेकिन मैं इससे संतुट नहीं हूं और मैं अब और कड़ी मेहनत करके आगे गोल्ड जीतना चाहती हूं। कुश्ती में मैट पर उतरने से पहले देबी पॉवरलिफ्टंग और आर्म रेसलिंग करती थीं।

लेकिन साल 2022 में उनकी मुलाकात असम टीम के कोच अनुस्तूप नाराह से हुई, जिनके मार्गदर्शन में रहकर वह कुश्ती की दांव पेंच सीखी हैं। कोच अनुस्तूप कहते हैं, " 2022 में जब बोकाखात में पंजा टूर्नामेंट हुआ था तो उस दौरान वह मुझे मिली और मैंने उन्हें देखते ही कह दिया कि तुम रेसलिंग करो। उसने सोच विचार के बाद मुझे हां- कह दिया और फिर मैंने उन्हें सबसे पहले सेंटर के पास ही रहने के लिए कहा ताकि ट्रेलनग के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वह बोली कि सर यहां तो रूम लेकर रहना पड़ेगा और मेरे पास इतने पैसे तो नहीं है। फिर मैंने गोलाघाट जिले के कुश्ती सहायक सचिव से कहकर देबी को काम दिलवाया और एक साइकिल भी दिलवाई। देबी उसी साइकिल से जॉब करने लगी और फिर वह सेंटर के पास रहकर ही प्रैक्टिस भी करने लगी। देबी की पिछले साल ही शादी हुई है और उनका पति बेंगलोर में प्राइवेट नौकरी करता है। वह कहती हैं," ससुराल वाले मुझे हर तरह से बहुत सपोर्ट करते हैं।

# महदूद में तेंदुए के फंसने से ग्रामीणों को राहत मगर मिश्रीपुर में दहशत का माहौल

**कांठ( शाह टाइम्स )** महदूद कलमी गांव में देर रात तेंदुआ पिंजरे में फस गया जिससे लोगों ने राहत महसूस की है लेकिन मिश्रीपुर गांव में लगा पिंजरा अभी खाली है।

बतादे कि महदूद गांव में तेंदुए ने बच्ची पर हमला कर उसे दबोच लिया था लेकिन उसके माता-पिता की सक्रियता से बच्ची को तेंदुए के जबड़े से निकाल लिया गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया मगर इसके 1 दिन बाद ही मिश्रीपुर गांव में भी तेंदुए ने एक और बच्ची को अपना शिकार बनाना चाहा मगर परि. जनों की सजगता से उस बच्ची की भी जान बच गई और तेंदुए को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा वन विभाग ने मिश्रीपुर और महदूद कलमी गांव में तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया मगर देर रात को महदूद गांव में तेंदुआ



पिंजरे में फस गया जिससे ग्रामीणों ने थोड़ी राहत महसूस की मगर मिश्रीपुर गांव में पिंजरा खाली होने के कारण अभी दहशत का माहौल है।

## मानवाधिकार न्यायालय का हुआ गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के अध्यक्ष आनन्द मोहन गुप्ता जी को मुरादाबाद में मानवाधिकार न्यायालय के गठन के लिए बधाई दी गई है।

यह गठन अधिवक्ता अंकित टण्डन जी द्वारा प्रस्तुत एक जनहितक. ारी प्रस्ताव के आधार पर हुआ है। इन्सानियत सेवा समिति (ट्रस्ट) ने आनन्द मोहन गुप्ता के इस उत्कृष्ठ कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया है और भविष्य में भी इस तरह के जनहितकारी कार्यों की अपेक्षा की है। इस न्यायालय के गठन से मुरादाबाद के नागरिकों को अपने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत मंच मिलेगा। इस अवसर पर इन्सानियत सेवा समिति (ट्रस्ट) के अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र दिवाकर ने कहा कि यह अधिवक्ताओं की जीत है और यह दिखाता है कि जब हम एकजुट होकर काम करते हैं तो क्या हासिल कर सकते हैं।

# संचारी रोग नियंत्रण को लेकर सीएचसी बिलारी में आशाओं के साथ बैठक चिकित्सा अधीक्षक ने दिए दिशा-निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सरकारी अस्पताल) में संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में फैल रहे मौसमी एवं संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना रहा। चिकित्सा अधीक्षक ने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लोगों को साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल और मच्छरजनित रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करें। उन्होंने घर-घर सर्वे कर बुखार, खांसी-जुकाम जैसे लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर समय से उपचार दिलाने पर जोर दिया। बैठक में यह भी कहा गया कि जलभराव न होने दें, आसपास सफाई रखें और लोगों को मच्छरदानी के उपयोग के लिए प्रेरित करें। आशा कार्यकर्ताओं से कहा गया कि वे स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए नियमित रिपोर्टिंग भी सुनिश्चित करें। इस मौके पर चीफ फार्मासिस्ट आर.पी. वर्मा, बीपीएम चंचल सिंह आजाद, अमित कुमार मौर्य, सोनू कुमार, मनीष कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**बहजोई।** नगर के स्थानीय बड़े मंदिर में गुरुवार को भक्ति और श्रद्धा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आगाज हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। घ्नगर भ्रमण पर निकली भव्य कलश यात्रा बृहस्पतिवार सुबह बड़े मंदिर परिसर से कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुई। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं मंगल गीत गाती हुई चल रही थीं। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गोंख़ सर्राफा बाजार, ब्रह्मा बाजार, गोलागंज और नया बाजार से होते हुए वापस बड़े मंदिर पर पहुँचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा के दौरान ईश्वर दास जी, विकास बजरंगी, ममता शर्मा, ज्योति वासने, मनीषा वासिनी, कविता, रितु, राधा, मंजेश, शशि लता, आनंदी, सुमन, सीमा और श्वेता सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। मंदिर समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से इस पावन कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।



## टीचर प्रीमियर लीग: राइजिंग स्टार ने गुरु बिग्रेड को पांच विकेट से हराया

**चन्दौसी।** क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के तत्वाधान में टीचर प्रीमियर लीग के छठवें संस्करण का सातवां मैच गुरू बिग्रेड और राईजिंग स्टार के मध्य पं0 हनुमान सिंह ग्राउंड, सीताआश्रम चन्दौसी पर खेला गया। राईजिंग स्टार ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया। गुरू बिग्रेड ने पहले खेलते हुए 143 रन बनाए। गुरू बिग्रेड की ओर से दीपक कुमार ने 65 मोहसिन ने 16 रनों का योगदान दिया। राईजिंग स्टार के गेंदबाज अनिल कपूर 03 विकेट, सरवन एवं अनुज ने 2-2, मनीष एवं अंकित मौर्य ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राईजिंग स्टार की टीम ने 17.1 ओवर में 05 विकेट से विजय प्राप्त की। राईजिंग स्टार की ओर से मनीष वेनीवाल ने 60, अनिल कपूर ने 32 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अनिल कपूर, इम्पैक्ट प्लेयर मनीष वेनीवाल, बेस्ट बॉलर सरवन, बेस्ट बल्लेबाज दीपक कुमार रहे। मैच की अंपायरिंग कुश रावत व माथुर ने की। स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। एनांउसर मधुर वार्ष्णेय, मैच में क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के महामंत्री डॉ. गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल, मंत्री संजीव सिंह, सह मंत्री अमित कुमार, अनुज कुमार, खुशाल, अंकित शर्मा, हेमन्त, राजीव, विजय, मुकेश आदि मौजूद रहे।



# टिमिट के एनएसएस छात्रों द्वारा प्राथमिक विद्यालय गिन्नौर में सिविक्स जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा प्राथमिक विद्यालय गिन्नौर, जिला मुरादाबाद में सिविक्स सेंस विषय के प्रति बच्चों में जागरूकता एवं समझ विकसित करने हेतु एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन टिमिट के छात्रों द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने बच्चों को नागरिक शास्त्र से जुड़े मूलभूत सिद्धांतों को सरल एवं रोचक तरीकों से समझाया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन टिमिट के एनएसएस ऑर्डिनेटर द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों, खेलों एवं उदाहरणों के माध्यम से बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के दौरान



विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों, स्वच्छता, अनुशासन तथा समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर टिमिट के डीन, प्रोफेसर विपिन जैन ने भी अपना प्रेरणादायक उद्‌बोधन दिया। उन्होंने छात्रों को सामा. जिक सेवा के महत्व को समझाते हुए कहा कि एनएसएस जैसे मंच युवाओं को समाज के प्रति संवेदनशील और जिम्मेदार बनाते हैं। साथ ही, उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ हुआ, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

# शराब और जुए की लत से टूटते परिवार बढ़ रही घरेलू हिंसा की घटनाएं

● मौलागढ़ में महिला ने पति की प्रताड़ना से लगाई गुहार

**चन्दौसी।** शराब और जुए की लत आज कई परिवारों को बर्बादी की ओर धकेल रही है। आए दिन घरेलू हिंसा और पारिवारिक कलह के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग इससे सबक नहीं ले रहे। 24 मार्च को कैथल में हुई हृदय विदारक घटना के बाद भी हालात में सुधार नहीं दिख रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ की निवासी कृष्णा अपने पति योगेश की शराब व जुआ की लत से बेहद परेशान है। कृष्णा का आरोप है कि उसका पति आए दिन नशे की हालत में उसके साथ मारपीट करता है। विरोध करने पर वह और अधिक हिंसक हो जाता है। कई बार परेशान होकर कृष्णा अपने बच्चों को लेकर मायके चली जाती है, लेकिन पति बहला-फुसलाकर उसे वापस ले आता है और कुछ समय बाद फिर वही स्थिति उत्पन्न हो जाती है। विवा. हिता ने बताया कि शराब के नशे में उसके पति ने घर का सामान तक जला दिया, जिसमें बाइक, बैड और कपड़े भी शामिल थे। कृष्णा ने बताया कि अब उसके लिए अपने बच्चों का पालन-पोषण करना भी कठिन हो गया है। बुधवार को भी योगेश ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद पीडिघ्ता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि योगेश पुत्र महावीर नि0 मौलागढ़ थाना चन्दौसी की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व कृष्णा पुत्री जयपाल निवासी देवीपुरा थाना सेपनी, जिला रामपुर से हुई थी। शुरुआती वर्षों में वैवाहिक जीवन सामान्य रहा और दो बच्चों का जन्म भी हुआ, लेकिन बाद में योगेश को शराब और जुए की लत लग गई, जिससे परिवार में तनाव बढ़ता चला गया। गौरतलब है कि करीब दस दिन पूर्व ही कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में भी शराब के नशे में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इस घटना में आरोपी पति जेल में है, जबकि उनका सात वर्षीय बेटा देवू अब माता-पिता दोनों के साये से वंचित हो गया है। शराब और जुए की लत न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर रही है। इससे महिलाओं और बच्चों का जीवन सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। ऐसे मामलों में केवल कानूनी कार्रवाई पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज को भी आगे आकर जागरूकता फैलानी होगी, ताकि परिवार टूटने से बच सकें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके।

# सीआरपीएफ इंस्पेक्टर हरस्वरूप पाल सेवानिवृत्त होकर गांव पहुंचे

## राज्यमंत्री गुलाब देवी ने फूल मालाएं पहनाकर किया सम्मानित, ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मार्च-अप्रैल माह में सेवानिवृत्ति का दौर जारी है। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ निवासी हरस्वरूप पाल केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) से इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त होकर अपने पैतृक गांव पहुंचे,



जहां उनका जोरदार व भव्य स्वागत किया गया। गुरुवार को जैसे ही हरस्वरूप पाल गांव पहुंचे, ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया गया और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में मौजूद रहकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री गुलाब देवी भी पहुंचीं और उन्होंने हरस्वरूप पाल को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कर्मठ अधिकारियों से समाज को प्रेरणा मिलती है। बता दें कि हरस्वरूप पाल ने अपने सेवा जीवन की शुरुआत वर्ष 1988 में सीआरपीएफ में सिपाही के रूप में की थी। वर्षों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण के बल पर उन्होंने पदोन्नति प्राप्त करते हुए इंस्पेक्टर के पद तक का सफर तय किया। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में सेवाएं दीं, जिनमें छत्तीसगढ़ और मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर शामिल रहे, जहां वे लगभग दस वर्षों तक तैनात रहे। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अभियान, चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, दंगा नियंत्रण तथा आतंकवाद विरोधी गति. विधियों में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे बल में लंबे समय तक सेवा देना गर्व की बात मानी जाती है। हरस्वरूप पाल की सेवानिवृत्ति पर गांव में गर्व और खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

# मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर नगर पालिका का विशेष अभियान, रैली निकालकर किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ग्रीष्म ऋतु के आगमन के साथ ही मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है, जिसे देखते हुए नगरपालिका द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर में साफ-सफाई और फॉगिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि गर्मी के मौसम में मच्छरों एवं उनके लार्वा की संख्या तेजी से बढ़ती है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सफाई निरीक्षक प्रियंका सिंह और सुनील कुमार के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों के साथ एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने और जलभराव न होने देने के प्रति जागरूक किया गया।

साथ ही नगरपालिका की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों में पहुंचकर सफाई अभियान चलाया गया और मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए फॉगिंग भी कराई गई। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास गंदगी और पानी जमा न होने दें, ताकि मच्छरों के पनपने को रोका जा सके।

# प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में शारदा गोष्ठी कर वर्षिक उत्सव आयोजित

**कांठ( शाह टाइम्स )** प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर में वार्षिक उत्सव एव शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक परीक्षा फल वितरण करने के साथ मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया । कार्यक्रम का



शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार एव प्रधानाध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया । बच्चो ने सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये । वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया । प्रधान अध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने उपस्थित अभिभावकों को बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं नि:शुल्क शिक्षा , नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक , नि:शुल्क यूनिफार्म , एमडीएम के तहत खाना व फल ,दूध का वितरण , स्वच्छ पेयजल, बालक बालिकाओं के लिए अलग अलग टॉयलेट , स्मार्ट क्लास , पुस्तकालय , खेल सामग्री आदि सुविधाओं के बारे में अवगत कराया और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए बेसिक विद्यालयों में बच्चों का प्रवेश कराने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार ने की संचालन श्रीमती अनीता बचन ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में सुर्यलता ,पारुल मेहरोत्रा ,पूजा कुमारी ,ममता रानी का सहयोग रहा ।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा

मुरादाबाद। श्री बाला जी महाराज भक्त जन सेवा समिति के तत्वाधान में श्री बाला जी महाराज के जन्मोत्सव पर 24वीं भव्य अखण्ड ज्योति शोभायात्रा एवं कलश यात्रा रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना मंदिर से फायर ब्रिगेड के सामने से प्रारंभ होकर ताड़ीखाना चौक होते हुऐ गुलजारी मल धर्मशाला रोड, बुधबाजार, टाउनहाल, गंज गुरहटटी होते हुए कोर्ट रोड स्थित श्री बालाजी हठीले हनुमान मंदिर पर महाआरती उपरांत संपन्न हुई। अतिथियों द्वारा नारियल फोड़कर अखण्ड ज्योति का दीप प्रज्जवलित का शोभायात्रा की रवानगी की। पीत वस्त्र पहने महिलाएं सिर पर सुंदर सजा कलश लिये भजन कीर्तन करती हुई चल रही थी।

शोभायात्रा का नेतृत्व संस्थापक एवं गुरू जी महामंडलेश्वर श्री राकेशानन्द गिरि (त्रिशुलधारी) कर रहे थे। आर्शीवाद देते हुए शोभायात्रा में मुख्य रूप से अतुल जौहरी, कपिल गुप्ता, सह महंत कमल कांत सक्सेना, कोषाध्यक्ष शशांक गुप्ता, आकाश पाल, शशाक यादव, अमित गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बिलारी समाचार

### जनपद में 'स्कूल चलो अभियान' का जोरदार आगाज पंचायत भवन से निकाली गई जागरूकता रैली'



मुरादाबाद। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा "स्कूल चलो अभियान" का शुभारंभ उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर कंपनी बाग स्थित पंचायत भवन से भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।रैली में सैकड़ों स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और हाथों में तख्तियां लेकर शिक्षा के महत्व को दर्शाने वाले प्रेरणादायक नारे लगाए।

"सब पढ़ें, सब बढ़ें" और "हर बच्चा स्कूल जाए" जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। बच्चों का उत्साह और ऊर्जा देखने लायक थी, जिसने राहग. ीरों का भी ध्यान आकर्षित किया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार के नेतृत्व में निकली यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पारकर इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।अधिकारियों ने इस मौके पर अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों का नामांकन नजदीकी सरकारी विद्यालयों में अवश्य कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और "स्कूल चलो अभियान" का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है।इस अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जा सके।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल में परीक्षाफल वितरण, विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान का भव्य स्वागत




**बिलारी।** महमूदपुर माफी के ईसागढ़ तिराहे पर स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बिलारी विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय पहुंचने पर स्कूल के संस्थापक एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद शमीम ने फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी छात्रों को रिपोर्ट कार्ड व पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ष्मेहनत और लगन से ही सफलता हासिल होती है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो इंसान को आगे बढ़ने की राह दिखाती है। उन्होंने सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। वहीं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहम्मद शमीम ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन विद्यालय के लिए प्रेरणादायक है और इससे छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यक्रम में सम्भल से विधायक प्रतिनिधि सुहेल इकबाल, सद्दाम प्रधान, यूनुस प्रधान, हाजी जुबेर अंसारी, फहीम सलमानी, फारूक सैफी, नदीम, आमिल मेंबर, रियाज प्रधान, हप्पू मेंबर, जिद्दी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा, गमादेवत मंदिर से हुआ शुभारंभ



**बिलारी।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बिलारी नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर के प्राचीन गमादेवत स्थल से प्रारंभ होकर वाली चौक में बाजार नेहरू चौक सर्राफा गांधी आश्रम से मुख मार्ग पर होकर गन्ना समिति के सामने से होता हुआ काली मंदिर पहुंचकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। जयकारों के साथ फूल बरसाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया। डीजे, ढोल-नगाड़ों की धुन पर भक्त झूमते नजर आए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, दुष्यंत चौहान ने भी शोभा यात्रा में भागीदारी की। अमन शर्मा, संजय गुरुजी, विशाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, अभिषेक पांडे सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थितभी ढंग से संपन्न हुआ। नगरवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर भाग लिया और हनुमान जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम में डॉ. शहनवाज आलम ने दिया संदेश, 'मुख के स्वास्थ्य की करें नियमित देखभाल'

**बिलारी।** सरकारी अस्पताल में राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शहनवाज आलम ने लोगों को मुख के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए नियमित देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. आलम ने कहा कि दांत और मसूड़ों की सही देखभाल न करने से कई गंभीर बीमारियां जन्म ले सकती हैं। उन्होंने लोगों को दिन में दो बार ब्रश करने, समय-समय पर दंत परीक्षण कराने और तंबाकू व गुटखा जैसे हानिकारक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। डॉ. शहनवाज आलम लंबे समय से बिलारी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और आमजन के बीच अपनी सरलता व समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उनके कार्यों की सराहना करते हुए चिकित्सा अधीक्षक ने भी उनकी प्रतिबद्धता और सेवाभाव की प्रशंसा की। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ व अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, जिससे क्षेत्र में बीमारियों की रोकथाम की जा सके।





शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ट्रम्प का संबोधन

अपने तय कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार की सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। उनके संबोधन पर पूरी दुनिया की नजर लगी थी, क्योंकि वह अपना संबोधन उस समय कर रहे थे, जब ईरान के साथ जारी युद्ध को करीब 34 दिन हो गए हैं। पिछले दिनों जिस तरह की खबरें आ रही थीं, लोगों को उम्मीद थी कि शायद वह अपने संबोधन में ऐसा कुछ कहेंगे, जिससे यह युद्ध समाप्त होने में मदद मिलेगी। यकीनन ऐसी उम्मीद रखने वाले लोगों को निराशा हाथ लगी है, क्योंकि ट्रम्प ने 3-4 सप्ताह तक ईरान पर गंभीर हमले की बात कही है। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने विवादास्पद दावों को लेकर जाने जाते हैं। अपने संबोधन में भी वह अपनी इस आदत के अनुसार भ्रम की स्थिति फैलाते दिखाई दिए। ट्रम्प का कहना था कि अमेरिकी सेना ने ज्यादातर लक्ष्य हासिल कर लिए हैं और ईरान की वायु व जल सेना को पंगु बना दिया है। अब सवाल है कि अगर ईरान की सेना को पंगु बना दिया है तो उस पर हमले भयंकर हमले क्यों करने चाहिएं वह तो खुद ही घुटनों में आ जाना चाहिए। होर्मुज को लेकर जिस तरह ईरान तेवर दिखा रहा है, उससे तो कहीं भी नहीं लगता कि उसकी जल व वायु सेना में कमी आती दिखाई दे रही है। अपने संबोधन में ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चूके कि मध्य पूर्व में हम अपने लिए नहीं बल्कि अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उन्हें मध्य पूर्व से तेल की कोई जरूरत नहीं है। अमेरिका के पास बहुत तेल है। न ही होर्मुज की उन्हें कोई जरूरत है। जिन्हें जरूरत है, उनको जाकर रास्ता खुलवाना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति यह कहते भी दिखाई दिए कि ईरान ने उनसे युद्ध विराम की मांग की है। जिस तरह तेहरान ने उनके तमाम दावों को तुरंत खारिज किया है, निश्चित रूप से यह ट्रम्प की साख के लिए बड़ा झटका होना चाहिए। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप व पड़ोसी देशों से कोई बेर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की है कि वह युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं ईरानी विदेश मंत्री अरागची का कहना है कि अमेरिका से संदेश मिला जरूर है, लेकिन बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है। कुल मिलाकर देखा जाए, तो ट्रम्प ने वही बात अपने संबोधन में कही है जो वह पिछले दिनों से कहते आ रहे हैं, उन्होंने नया कुछ भी नहीं कहा। वह इस बात का भी जवाब नहीं दे सके, जो खुद उनके देश में उठ रही है कि आखिर ईरान अमेरिका के लिए खतरा कैसे है। न ही वह अमेरिकी व विश्व की जनता को किसी तरह का भरोसा दिला सके, जिससे लगे कि विकराल रूप लेती यह जंग किसी तरह खत्म हो, बल्कि और भड़काने की बात करते दिखाई दिए। उनका कुल भाषण यह बताता है कि वास्तव में ट्रम्प को अब कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है और वह युद्ध में पूरी तरह उलझ गए हैं।

## पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही मोदी सरकार



मोदी सरकार पूर्व सैनिकों की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण उनका संकट लगातार गहराता जा रहा है, सरकार उन पूर्व सैनिकों की उपेक्षा कर रही है, जिन्होंने देश की सेवा की है। सरकार को पूर्व सैनिकों को वह सारी सुविधाएं देनी चाहिए जिसके वे हकदार हैं, जनसंसद में कुछ दिन पहले देश की रक्षा में घायल होने वाले पूर्व सैनिकों से मुलाकात हुई, उन्होंने एक्स सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में प्रतिपूर्ति में देरी, दवाइयों की कमी, अस्पतालों का इलाज से इनकार या बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण योजना से बाहर हो जाने जैसी गंभीर कमियों के बारे में बताया, 72 लाख से भी अधिक पूर्व सैनिक और उनके परिवार अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए इस योजना पर निर्भर हैं।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# सुधार या बोझ? आम आदमी की जेब पर लगातार पड़ता भार

## नए वित्तीय वर्ष पर नई मुश्किलें, खर्च बढ़े, राहत नहीं






कृति आरके जैन

देश में कई फैसले ऐसे होते हैं, जो कागज पर छोटे दिखते हैं, लेकिन उनका असर सीधे रसोई, सड़क और जेब तक पहुंचता है। 1 अप्रैल 2026 भी ऐसी ही तारीख बन गई। नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन आम आदमी पर तीन तरफ से बोझ डाला गयाकृनया इनकम टैक्स कानून, ई20 पेट्रोल का अनिवार्य उपयोग और फास्टैग का महंगा वार्षिक पास। सरकार इन बदलावों को सुधार कह रही है, लेकिन असली असर वही मध्यम वर्ग झेल रहा है, जो पहले से महंगाई, किस्तों और रोजमर्रा के खर्चों में फंसा हुआ था। यह सिर्फ नियमों में बदलाव नहीं, बल्कि आम आदमी की आय स्थिर रहकर खर्चों के बढ़ते दबाव का नया दौर है।

सबसे बड़ा बदलाव नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के रूप में आया है। छह दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 को हटाकर नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। दावा है कि इससे टैक्स सिस्टम आसान, पारदर्शी और आधुनिक बनेगा। कागजों पर राहत भी दिखती है। बच्चों का शिक्षा भत्ता 100 रुपये से बढ़ाकर 3000 रुपये प्रतिमाह, हॉस्टल भत्ता 300 से 9000 रुपये और भोजन भत्ता व गिफ्ट लिमिट भी कई गुना बढ़ाई गई है। पहली नजर में यह राहत का पैकेज लगता है, लेकिन असलियत अलग है। इन बढ़ी हुई सीमाओं के साथ शर्तें और कागजी बोझ भी बढ़ गया है। नतीजा यह कि कर्मचारी को राहत कम और उलझन ज्यादा मिल रही है।

नए टैक्स नियमों ने नौकरीपेशा वर्ग के लिए कुछ राहत के साथ कागजी अनुपालन भी बढ़ाया है। अब एचआरए क्लेम के लिए मकान मालिक का पैन और किराए की रसीद जैसे दस्तावेज अनिवार्य हो गए हैं। दस लाख रुपये से अधिक के हर लेन-देन पर भी पैन अनिवार्य कर दिया गया है। फॉर्म 16 की जगह नई अनुपालन प्रक्रिया और फॉर्म लागू हो गए हैं, जिन्हें समझने में कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच चुनाव को लेकर है। आम कर्मचारी तय नहीं कर पा रहा कि किसमें बचत है और किसमें ज्यादा टैक्स। जिसे आसान और पारदर्शी व्यवस्था कहा गया था, वह अब सलाहकारों, चार्ट और कैलकुलेटर के बिना समझ में नहीं आती। सुधार के नाम पर उलझन और बढ़ गई है। टैक्स के बाद दूसरा बड़ा झटका ई20 पेट्रोल ने दिया है। 1 अप्रैल से देश के हर पेट्रोल पंप पर 20 प्रतिशत एथनॉल मिला पेट्रोल ही बिक रहा है। सरकार इसे तेल आयात घटाने, विदेशी मुद्रा बचाने, प्रदूषण कम करने और किसानों की आय बढ़ाने वाला कदम बता रही है। मंशा पर सवाल नहीं, लेकिन मुश्किल वहां शुरू होती है जहां यह फैसला आम आदमी की गाड़ी से टकराता है। देश में लाखों कारें और बाइक पांच-दस साल पुरानी हैं। उनके मालिक अब डर रहे हैं कि कहीं ई 20 पेट्रोल से इंजन पर असर न पड़े, माइलेज न घट जाए और मरम्मत का नया खर्च न जुड़ जाए। अगर गाड़ी ई 20 के अनुकूल नहीं हुई, तो उसकी कीमत आखिर किसकी जेब से निकलेगी? विशेषज्ञ चेतावनी दे चुके हैं कि ई 20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों का माइलेज घट सकता है, इंजन पर दबाव बढ़ सकता है और तकनीकी बदलाव की जरूरत पड़ सकती है। पेट्रोल की कीमत भले न बढ़े, वास्तविक खर्च बढ़ जाएगा। माइलेज घटने से महीने के अंत तक कई सौ रूपए अतिरिक्त खर्च होंगे। रोज दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, टैक्सी चालक, डिलीवरी कर्मी और छोटे व्यापारी सबसे पहले प्रभावित होंगे। सीमित आय वाले परिवारों के लिए यह नया खर्च बड़ी समस्या बन सकता है। सरकार ने फैसला लागू कर दिया, लेकिन पुराने वाहनों वाले लाखों परिवारों की तैयारी नहीं हुई। सड़क पर निकलने वालों के लिए सबसे तात्कालिक झटका फास्टैग के नए नियमों ने दिया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फास्टैग के वार्षिक पास की कीमत 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी है। सुनने में यह केवल 75 रुपये की बढ़ोतरी लगती है, लेकिन असली बोझ इससे कहीं बड़ा है। अब 'वन व्हीकल, वन फास्टैग' नियम पहले से सख्ती से लागू है और नकद भुगतान लगभग खत्म हो चुका है। खाते में बैलेंस कम हुआ, तो टोल प्लाजा पर गाड़ी रुक सकती है। अब हर सफर मोबाइल, बैंक खाते और नेटवर्क पर ज्यादा निर्भर हो गया है। यानी अब सड़क पर निकलने से पहले गाड़ी नहीं, फास्टैग का सक्रिय होना ज्यादा जरूरी हो गया है। इन तीनों बदलावों की सबसे बड़ी मार मध्यम वर्ग पर पड़ेगी। सीमित आय वाले एक सामान्य परिवार की जेब पर अब हर महीने 800 से 1200 रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। नए टैक्स नियम बचत घटाएंगे, ई 20 पेट्रोल रोज की यात्रा महंगी करेगा और फास्टैग हर सफर को ज्यादा खर्चीला बना देगा। यही वह वर्ग है, जो पहले ही बच्चों की फीस, राशन, बिजली बिल और ईएमआई के बीच जूझ रहा है। न उसे सरकारी राहत मिलती है, न बढ़ती महंगाई से बचने का रास्ता। इसलिए सरकार जिन कदमों को सुधार कह रही है, वे आम आदमी को जेब पर लगातार पड़ते वार जैसे लग रहे हैं। किसी भी सुधार का मूल्य उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके प्रभाव से तय होता है। टैक्स व्यवस्था को आधुनिक बनाना, तेल पर निर्भरता घटाना और टोल को डिजिटल करना जरूरी हो सकता है, लेकिन बिना तैयारी और विकल्प के लागू किए गए बदलाव सुधार नहीं, बोझ बन जाते हैं। 1 अप्रैल 2026 ने यही सच्चाई सामने रखी। इस दिन देश ने कोई नई शुरुआत नहीं, बल्कि यह महसूस किया कि आने वाले समय में आम आदमी को अपनी कमाई से ज्यादा अपने बढ़ते खर्चों की चिंता करनी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलिदान से जन्मी रोशनी: गुड फ्राइडे का शाश्वत संदेश

**कहा जाता है कि पुनर्जीवित होने के बाद ईसा ने लगभग 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों को दर्शन दिए, उन्हें सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। ईस्टर की आराधना विशेष रूप से उषाकाल में की जाती है। मान्यता है कि पुनरुत्थान का यह चमत्कार प्रातःकाल ही हुआ था और सबसे पहले मरियम मदीलिनी ने ईसा को जीवित देखा था। यह प्रसंग इस तथ्य को भी उजागर करता है कि सत्य और आस्था का प्रकाश सबसे पहले उन हृदयों में जागृत होता है, जो श्रद्धा और विश्वास से परिपूर्ण होते हैं।**



योगेश कुमार गोयल

ईशु ईसा मसीह के बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करने का दिन है गुड फ्राइडे। दरअसल ईसा मसीह ने मानवता की भलाई के लिए बलिदान दिया। ईसाई मान्यता के अनुसार दुनिया को प्रेम, दया, करुणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का संदेश देने वाले ईशु को इसी दिन उस जमाने के धार्मिक कट्टरपंथियों द्वारा क्रॉस पर चढ़ाया गया था। जिस दिन ईसा मसीह ने प्राण त्यागे थे, उस दिन शुक्रवार था और इसी याद में गुड फ्राइडे मनाया जाता है। ईस्टर के रविवार से पहले पड़ने वाले शुक्रवार को मनाया जाता है और इस वर्ष गुड फ्राइडे 3 अप्रैल को मनाया जा रहा है। ईसाई समुदाय द्वारा इस त्यौहार को शोक के रूप में मनाया जाता है। गुड फ्राइडे को ईशु द्वारा मानवता की भलाई के लिए दिए बलिदान के रूप में देखा जाता है। गुड फ्राइडे के दिन गिरजाघरों में घंटा नहीं बजाया जाता बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं और लोग चर्च में क्रॉस को चूमकर ईशु का स्मरण करते हैं। कुछ स्थानों पर लोग काले कपड़े पहनकर प्रभु ईशु के बलिदान दिवस पर शोक भी व्यक्त करते हैं और ईशु से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। ईसा मसीह के सूली पर चढ़ाए जाने की याद में इस दिन उनके अनुयाई समस्त लौकिक सुविधाओं का त्याग कर देते हैं। इस दिन चर्च और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढ़क दिया जाता है। कैथोलिकों द्वारा शुरू की गई प्रथा के अनुसार गुड फ्राइडे के ठीक 40 दिन पहले आने वाले बुधवार से ईसाई समुदाय में प्रार्थना और उपवास प्रारंभ हो जाते हैं। इस बुधवार को 'राख का बुधवार' कहा जाता है। उपवास के दौरान लोग केवल शाकाहारी और सात्विक भोजन करते हैं। माना जाता है कि ईशु ने मानव सेवा प्रारंभ करने से पहले चालीस दिन तक व्रत किया था और संभवतः इसीलिए उपवास की यह परम्परा शुरू हुई।

इस दिन दुनियाभर के ईसाई सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए चर्च में चंदा या दान देते हैं। ईसाई धर्म में ईसा मसीह को परमेश्वर का पुत्र माना जाता है। उन्होंने लोगों को क्षमा, शांति, दया, करूणा, परोपकार, अहिंसा, सद्व्यवहार और पवित्र आचरण का उपदेश दिया और उनके इन्हीं सद्गुणों के कारण लोग उन्हें शांति दूत, क्षमा मूर्ति और महात्मा कहकर पुकारने लगे थे। कहा जाता है कि वे यरूशलम के गैलिली प्रांत में लोगों को मानवता, सत्य, एकता, प्रेम, अहिंसा और शांति का उपदेश दिया करते थे। उनके संदेश दूर-दूर तक फैलने लगे और उनके विचारों को लोग अपने जीवन में अपनाने लगे। वहां के लोग उन्हें परमपिता परमेश्वर का दर्जा देने लगे थे। समाज में धार्मिक अंधविश्वास और झूठ फैलाने वाले धर्मगुरूओं को इसी कारण ईसा मसीह से काफी जलन होने लगी थी क्योंकि लोग अपनी समस्याओं को लेकर अब उनके पास नहीं आ रहे थे। करीब दो हजार वर्ष पूर्व उन्हें मृत्युदंड इसीलिए दिया गया क्योंकि वे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और घोर विलासिता तथा अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के लिए लोगों को शिक्षित और जागरूक कर रहे थे। ईसा मसीह केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि परिवर्तन और करुणा के जीवंत प्रतीक थे।

उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़ते हुए उसे आत्मकेन्द्रितता और स्वार्थ से परे ले जाने का संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि सच्चा प्रेम त्याग, क्षमा और समर्पण में निहित होता है। जब पृथ्वी पर पाप और अन्याय बढ़ रहे थे, तब ईसा ने अपने बलिदान के माध्यम से निःस्वार्थ प्रेम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया। क्रॉस पर उनकी पीड़ा केवल एक व्यक्ति का कष्ट नहीं थी बल्कि संपूर्ण मानवता के उद्धार का प्रतीक बन गई। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, क्रूस पर चढ़ाए जाने के तीसरे दिन, रविवार को ईसा मसीह पुनः जीवित हो उठे थे। यही कारण है कि गुड फ्राइडे के बाद आने वाला रविवार 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह दिन केवल पुनरुत्थान का उत्सव नहीं, बल्कि आशा, नवजीवन और विश्वास की पुनर्स्थापना का संदेश देता है।

# नौकरियां गंवाने की चिंता और मानसिक स्वास्थ्य की पुकार





रजनीश कपूर

बेंगलुरु, जिसे भारत की आईटी राजधानी के नाम से भी जाना जाता है, पिछले दिनों एक ऐसी घटना से हिल गया है जो न केवल दिल दहला देने वाली है, बल्कि पूरे समाज को सो. चने पर मजबूर कर देती है। गत 31 मार्च को कोठानूर इलाके के एक हाई-राइज अपार्टमेंट में एक युवा तकनीकी जोड़ी ने आत्महत्या कर ली। पति भानुचंद्र रेड्डी (32) और पत्नी बीबी शाजिया सिराज (31)। दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर, दोनों की कमाई लाखों में, अमेरिका में काम का अनुभव, 80 लाख का सालाना पैकेज और सफलता की सारी बाहरी निशानियां। लेकिन अंदर से? नौकरी खोने का भय और बढ़ता तनाव। ठीक उसी दिन जब वैश्विक स्तर पर एआई की वजह से आईटी सेक्टर में भारी छंटनी की खबरें आ रही थीं।

भानुचंद्र अमेरिका में काम कर रहे थे। एआई टूल्स के कारण उनकी टीम में छंटनी हुई और उनकी नौकरी चली गई। भारत लौटकर वे नई नौकरी की तलाश में लगे, लेकिन असफल रहे। चिंता ने उन्हें घेर लिया। स्वास्थ्य बिगड़ने लगा। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने यही लिखा, हनौकरी की अनिश्चितता और लगातार दबाव। पत्नी शाजिया आईबीएम में नाइट शिफ्ट कर रही थीं। सुबह 7:30 बजे घर लौटीं तो पति का कमरा अंदर से बंद था। सुरक्षा गार्ड ने दरवाजा तोड़ा तो भानुचंद्र फांसी पर लटक रहे थे। शाजिया ने 20 मिनट तक वह दृश्य देखा। फिर वे अचानक 18वें फ्लोर पर पहुंचीं और वाहन से नीचे कूद गईं। यह घटना एआई क्रांति की उस काली साइड का प्रतीक है जो कल तक 'भविष्य की तकनीक' मानी जा रही थी। ठीक उसी दिन, 31 मार्च 2026 को, अमेरिकी सॉफ्टवेयर दिग्गज ओरेकल ने हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। कंपनी एआई डेटा सेंटर बनाने के लिए भारी निवेश कर रही है।

2026 में 500 करोड़ डॉलर से ज्यादा का कैपिटल निवेश भी किया। लेकिन इस खर्च को पूरा करने के लिए उसने लागत घटाने का फैसला किया। CNBC ब्लूमबर्ग और बिजनेस इंसाइडर की रिपोर्ट्स के मुता. बिक, करीब 20,000-30,000 तक के कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। ओरेकल अकेली नहीं। 2026 में एआई की वजह से बिग टेक की छंटनी की लहर चल रही है। अमेजन ने जनवरी में 16,000 कॉर्पोरेट जॉब्स काटे। माइक्रोसॉफ्ट ने पिछले साल 15,000 पद घटाए। मेटा, एटलासियन, ब्लॉक आदि सभी कंपनियां एआई के नाम पर कर्मचारियों को 'रिडंडेंट' बता रहे हैं। भारत में भी आईटी सेक्टर में 2017 से अब तक 227 से ज्यादा सुसाइड केस दर्ज हुए हैं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़ों के अनुसार कुल 1,71,418 आत्महत्याएं हुईं, जिनमें युवा प्रोफेशनल्स (25-40 साल) की संख्या सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे जैसे हर शहर में एआई छंटनी का डर युवाओं को घेर रहा है। समस्या सिर्फ नौकरी चले जाने की नहीं। समस्या है उस चिंता की भी है, जो एआई के नाम पर पैदा हो रही है। एआई टूल्स कोडिंग, डेटा एनालिसिस, यहां तक कि सॉफ्टवेयर डिजाइन में इंसानों से बेहतर साबित हो रहे हैं। कंपनियां सोच रही हैं कि कम लोगों से ज्यादा काम, लेकिन कर्मचारी? उनके लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन गया है। ईएमआई, लोन, परिवार की जिम्मेदारी, सब कुछ एक नौकरी पर टिका है। जब नौकरी चली जाती है, तो चिंता डिप्रेशन में बदल जाती है और समाज? हम अभी भी इसे व्यक्तिगत कमजोरी मानते हैं। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वे कहता है कि 80 प्रतिशत लोग मानसिक बीमारी का इलाज नहीं लेते। वजह, कलंक और सुविधाओं की कमी। भारत में प्रति लाख जनसंख्या पर सिर्फ 0.75 साइकिएट्रिस्ट हैं। जिला स्तर पर मनोवैज्ञानिक क्लिनिक नाममात्र के। हमें एक मजबूत साइकोलॉजिकल इकोसिस्टम की जरूरत है। ठीक वैसे ही जैसे सामान्य अस्पतालों का नेटवर्क है। हर जिले में फुल-टाइम मेंटल हेल्थ सेंटर, फी या सस्ती ओपीडी, टेली-मेंटल हेल्थ, आयुष्मान भारत में मानसिक स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य। कॉर्पोरेट कंपनियों को कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) अनिवार्य करने होंगेलेआउफ के समय न सिर्फ आउटप्लेसमेंट, बल्कि मानसिक सहायता भी देनी चाहिए, लेकिन इलाज सिर्फ दवाओं और काउंसलिंग तक सीमित नहीं रहना चाहिए। भारतीय संस्कृति में सदियों से ध्यान, योग और भगवद्गीता जैसे ग्रंथ चिंता पर विजय पाने का रास्ता बताते हैं। जब एआई छंटनी का दबाव बढ़े, तो आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को स्थिरता दे सकता है। भगवद्गीता में कर्मयोग की शिक्षा है कर्म करो, लेकिन फल की चिंता मत करो। कर्मण्एवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। यह सिखाता है कि नौकरी चली जाए तो भी आत्मसम्मान और जीवन का अर्थ खत्म नहीं होता। ध्यान और योग एंग्जायटी को कम करने में वैज्ञानिक रूप से सिद्ध हैं। आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों में अब 'माइंडफुलनेस' प्रोग्राम चल रहे हैं। कई कंपनियां कर्मचारियों के लिए योग सेशन्स और आध्यात्मिक सत्र आयोजित कर रही हैं। आध्यात्मिक गुरुओं और काउंसलर्स का कहना है कि जब मन अशांत हो, तो प्रार्थना, सत्संग या गीता पाठ से आंतरिक शक्ति जागृत होती है। यह चिंता को 'स्वीकार' करने की क्षमता देता है, कि बदलाव जीवन का हिस्सा है, लेकिन हम उससे ऊपर उठ सकते हैं।ध्यान रखें, आध्यात्मिक मार्गदर्शन पेशेवर मनोचिकित्सा का विकल्प नहीं, बल्कि पूरक है। जब डॉक्टर की दवा के साथ ध्यान और गीता का ज्ञान जुड़ जाए, तो रिजल्ट बेहतर होता है। कई अध्ययनों में पाया गया है कि आध्यात्मिक प्रैक्टिस डिप्रेशन के मरीजों में रिकवरी रेट बढ़ाती है। सरकार, कॉर्पोरेट और समाज को मिलकर काम करना होगा। स्कूल-कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी शामिल करें। मीडिया आत्महत्या की खबरों को संवेदनशील तरीके से कवर करे। परिवारों में खुली बातचीत का माहौल बने।बेंगलुरु की यह त्रासदी और ओरेकल जैसी कंपनियों की छंटनी हमें चेतावनी दे रही है। एआई भविष्य है, लेकिन बिना मानवता के नहीं। जब हम मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक बीमारी की तरह देखेंगे, जब अस्पतालों की तरह साइकोलॉजिकल सेंटर्स हर जगह होंगे और जब आध्यात्मिक मार्गदर्शन हमें अंदर से मजबूत करेगा, तब ही हम इस दबाव को पार कर पाएंगे। भानुचंद्र और शाजिया सिर्फ एक जोड़ी नहीं थे। वे हजारों उन युवा आईटी प्रोफेशनल्स का प्रतिनिधित्व करते हैं जो आज भी चुपचाप एआई छंटनी की चिंता में जूझ रहे हैं। समय आ गया है कि हम बदलें। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को एक साथ देखें। तभी एक स्वस्थ, सशक्त और संतुलित भारत बनेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



श्रीनगर। सड़क केनारे एक अधिकृत डीलर से घरेलू उपयोग के लिए तरलीकृत प्राकृतिक गैस के सिलेंडर लेने के लिए इंतजार करते लोग।

## अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों से जल्द इराक छोड़ने के कहा

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने गुरुवार को इराक में मौजूद अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने की अपील की है। दूतावास के बयान के अनुसार, ईरान समर्थक समूहों द्वारा मध्य बगदाद में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों पर हमले की धमकियों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। दूतावास ने अपने बयान में कहा कि ईरान से जुड़े इराकी आतंकवादी समूह अगले 24-48 घंटों के भीतर मध्य बगदाद में हमले कर सकते हैं। ईरान और उससे जुड़े आतंकवादी गुटों ने पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, जिनमें इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र (आईकेआर) भी शामिल है। अमेरिकी नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें।

## हाइफा में हवाई हमले के सायरन बजे

**हाइफ़ा।** इजरायल की होम फ्रंट कमांड ने ईरान से उसकी तरफ मिसाइलें दागे जाने की प्रारंभिक चेतावनी भेजी है। समाचार एजेंसी स्पुतनिक की एक रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी इजरायली शहर हाइफ़ा में हवाई हमले के सायरन बज रहे हैं। इजरायल पर बुधवार को भारी गोलाबारी के बावजूद, पिछले दिन हाइफ़ा में हवाई हमले के कोई सायरन नहीं बजे थे। लेबनान की ओर से हालांकि हुई गोलाबारी के कारण मंगलवार शाम को तीन बार सायरन बजाए गए थे। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल ने ईरान से मिसाइल प्रक्षेपण का पता लगाया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले, आईडीएफ ने ईरान से इजरायल की तरफ दागी गई मिसाइलों का पता लगाया है। मिसाइलों को रोकने के लिए रक्षा प्रणालियां काम कर रही हैं।

# ईरान में अमेरिका के लक्ष्य पूरे होने के करीब: ट्रम्प

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा: हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान के दौरान अमेरिकी सेना के 'मुख्य रणनीतिक लक्ष्य' लगभग पूरे होने के करीब हैं।

ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि मैंने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' की घोषणा करते समय कहा था, हमारे लक्ष्य बहुत सरल और स्पष्ट हैं। हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं। इसका मतलब है ईरान की नौसेना को खत्म करना-जो अब पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है, उनकी वायु सेना और मिसाइल कार्यक्रम को ऐसे स्तर पर नुकसान पहुंचाना जो पहले कभी नहीं देखा गया और उनके रक्षा औद्योगिक आधार को पूरी तरह से तबाह कर देना। हमने यह सब कर लिया है-मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ये मुख्य रणनीतिक लक्ष्य अब पूरे होने के करीब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अगले दो से तीन हफ्तों में ईरान पर अपने हमले और तेज करेगा, और उन्होंने उस देश को 'पाषाण युग' में वापस धकेलने की धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि मैं आज रात यह कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही-बहुत जल्द-पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस उसी पाषाण युग में धकेल देंगे, जहां उनकी असली जगह है। वहीं ट्रम्प ने बुधवार को ईरान पर अगले दो से तीन हफ्तों में हमले तेज करने और उसे 'पाषाण युग' में पहुंचाने की धमकी दी। ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि मैं आज रात कह सकता हूं कि हम अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्यों को जल्द ही, बहुत जल्द पूरा करने की राह पर हैं, हम उन पर बहुत जोरदार हमला करने जा रहे हैं। अगले दो से तीन हफ्तों में, हम उन्हें वापस पाषाण युग में पहुंचा देंगे, जहां उनकी असली जगह है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को पश्चिम एशिया से तेल की जरूरत नहीं है, लेकिन वह अपने सहयोगियों का समर्थन करने के लिए इस क्षेत्र में बना हुआ है। उन्होंने कहा ष्अब हम पश्चिम एशिया से पूरी तरह स्वतंत्र हैं, और फिर भी हम वहां मदद के लिए मौजूद हैं। हमें वहां रहने की जरूरत नहीं है। हमें उनके तेल की जरूरत नहीं है। हमें उनके पास मौजूद किसी भी चीज की जरूरत नहीं है, लेकिन हम अपने सहयोगियों की मदद के लिए वहां हैं।

■ हम व्यवस्थित रूप से उस शासन की अमेरिका को धमकाने या अपनी सीमाओं के बाहर अपनी ताकत दिखाने की क्षमता को खत्म कर रहे हैं: ट्रम्प



# अमेरिका ने जमीनी हमला किया तो कोई जिंदा नहीं बचेगा: ईरान


### सैन्य मुख्यालय को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश

**तेहरान/वॉशिंगटन।**

अमेरिका-इजरायल के हमलों के 34वें दिन ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा।

ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए हैं। सरकारी समाचार एजेंसी इरना द्वारा जारी वीडियो में हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो 'एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचना चाहिए।

यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ तीन से चार सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है और दावा किया है कि अमेरिका ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक नष्ट कर चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने युद्धविराम की मांग की है, जिसे तेहरान ने तुरंत खारिज कर दिया। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि ईरान की जनता का अमेरिका, यूरोप या पड़ोसी देशों से कोई बैर नहीं है और अमेरिकी नागरिकों से अपील की कि वे युद्ध जारी रखने के पीछे ट्रम्प के उद्देश्यों पर सवाल उठाएं। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा 'शून्य' बना हुआ है। इस बीच, पूर्व विदेश मंत्री कमाल खर्राजी तेहरान स्थित अपने आवास पर हुए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अमेरिका के साथ पाकिस्तान बैक-चैनल वार्ता की कोशिशों में शामिल थे। खाड़ी क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान द्वारा दागी जा रही मिसाइलों और ड्रोन को मार गिराने की बात कही है, जबकि कतर के दोहा तट के पास एक टैंकर पर हमले में नुकसान हुआ, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। इजरायल में भी ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने की खबर है, जबकि तेल अवीव के पास 11 वर्षीय बच्ची सहित 14 लोग घायल हुए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के आकलन के अनुरूप ट्रम्प द्वारा दिए गए समय संकेतों से यह संभावना जताई जा रही है कि संघर्ष आने वाले हफ्तों में निर्णायक मोड़ पर पहुंच सकता है। वहीं, क्षेत्रीय तनाव के बीच लेबनान और इराक में भी हमलों की खबरें हैं, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक वरिष्ठ कमांडर सहित कई लोगों के मारे जाने की सूचना है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल और युद्ध को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस संघर्ष को लेकर गंभीर चिंता जता रहा है।



■ ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं
■ आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजरायल की गतिविधियों पर 'पल-पल नजर' रखने के निर्देश दिए

## ईरानी सुप्रीम लीडर के सलाहकार अमेरिकी हमले में घायल

■ पत्नी की मौत, दावा: पाकिस्तान उनके जरिए ही ईरान से सीजफायर वार्ता कर रहा था

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी के तेहरान स्थित घर पर गुरुवार को अमेरिका ने हमला किया। इसमें उनकी पत्नी की मौत हो गई और खराजी को गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। खराजी अभी ईरान की स्ट्रैटेजिक फारेन रिलेशंस काउंसिल के चेयरमैन हैं। यह संस्था सीधो देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है और विदेश नीति से जुड़े बड़े फैसलों में अहम भूमिका निभाती है। खबरों में बताया गया है कि खराजी हाल के दिनों में पाकिस्तान के साथ सीजफायर वार्ता को लेकर बैकचैनल से संपर्क में थे। हालांकि, इसकी अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले खराजी ने संकेत दिया था कि ईरान इनडायरेक्ट बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। हालांकि उन्होंने एक इंटरव्यू में यह भी कहा था कि अमेरिका के साथ कूटनीति के लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है।

## अमेरिका ने वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति पर लगे प्रतिबंध हटाए

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पर लगे प्रतिबंधा हटा दिए हैं। यह जानकारी अमेरिकी वित्त विभाग की वेबसाइट पर जारी एक अपडेट के अनुसार है। अमेरिकी वित्त मंत्रलय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय ने बुधावार (स्थानीय समय) को कहा कि रोड्रिगेज को प्रतिबंधा सूची से हटा दिया गया है। वहीं, शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, इस निर्णय के बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक्स एक पोस्ट में, रोड्रिगेज ने इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि आर्थिक विकास और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वेनेजुएला पर लगे अतिरिक्त प्रतिबंधा हटाए जा सकते हैं। उन्होंने पोस्ट किया कि राष्ट्रपति ट्रंप का निर्णय हमारे देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि यह प्रगति और दृढ़ संकल्प हमारे देश पर लगे अतिरिक्त सक्रिय प्रतिबंधों को हटाने की ओर ले जाएगा।

# 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब पहुंचेंगे इंसान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने आज 2 अप्रैल को 'आर्टेमिस-2' मिशन लॉन्च किया। सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (एसएलएस) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ। फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से ये लान्चिंग हुई। साल 1972 में 'अपोलो-17' के बाद यह पहला मौका है जब कोई इंसान पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) को पार कर चांद के करीब पहुंचेगा। चारों यात्री स्पेसक्राफ्ट से चांद के चारों ओर चक्कर लगाएंगे और फिर धरती पर लौटेंगे।

यह मिशन 10 दिन का है। जैसे ही यह ऐतिहासिक नजारा सामने आया, वहां मौजूद भीड़ खुशी से झूम उठी। लोगों के चेहरों पर जीत की मुस्कान और इस अद्भुत पल को देखने की हैरानी साफ झलक रही थी। टेक-ऑफ से ठीक एक घंटा पहले 'लॉन्च अबार्ट सिस्टम' में कुछ ऐसी दिक्कतें आईं, जिनसे लान्चिंग पर खतरा मंडराने लगा था। यह राकेट का वो 'इमरजेंसी एग्जिट' है, जो खराबी आने पर एस्ट्रोनाट्स वाले हिस्से को तुरंत राकेट से अलग कर देता है। हालांकि इंजीनियरों ने इस समस्या को तेजी से सुलझा लिया। फिर सेफ्टी चेक के लिए काउंटडाउन घड़ी को 10 मिनट पर रोक दिया गया। इसके बाद राकेट के अलग-अलग जरूरी सिस्टम्स की जिम्मेदारी संभाल रहे इंजीनियरों की 'ओके' रिपोर्ट आई। फिर क्रू को संदेश मिला-आर्टेमिस ।।, मैं लॉन्च डायरेक्टर बोल रहा हूं, आप उड़ान के लिए तैयार हैं। कमांडर रीड वाइजमैन ने जवाब दिया, हम पूरी मानवता की खातिर जा रहे हैं। इसके तुरंत बाद चार आरएस-25 इंजन और दो राकेट बूस्टर चालू हुए और एस्ट्रोनाट रवाना हो गए। काम्प्युकेशन इश्यू: उड़ान के करीब 51 मिनट बाद जब सैटेलाइट्स का हैंडओवर हो रहा था, तब ओरियन कैप्सूल का संपर्क कुछ देर के लिए टूट गया था। नासा के चीफ जेरेड इसाकमैन ने बताया कि मिशन कंट्रोल की आवाज तो क्रू को सुनाई दे रही थी, लेकिन क्रू का जवाब नीचे नहीं पहुंच पा रहा था। हालांकि, अब इस समस्या को सुलझा लिया गया है और सिस्टम सही काम कर रहा है। लॉन्च के कुछ ही देर बाद ओरियन कैप्सूल का इकलौता टायलेट खराब हो गया था। एस्ट्रोनाट क्रिस्टीना कोच ने मिशन कंट्रोल की मदद से इसे ठीक कर दिया। बिना टायलेट के यह 10 दिन का सफर काटना बहुत मुश्किल हो जाता।



■ 10 दिन में चंद्रमा का चक्कर काटकर लौटेंगे चार अंतरिक्ष यात्री नासा का आर्टेमिस-II मिशन लॉन्च




अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com







